


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 174 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) अश्विन कृ.13 2082 शुक्रवार, 19 सितंबर-2025


प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ❊ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## सिख शादियों का रजिस्ट्रेशन आनंद मैरिज एक्ट के तहत हो : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, 18 सितंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 17 राज्यों और 7 केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे 1909 के आनंद मैरिज एक्ट के तहत सिख शादियों (आनंद कारज) की रजिस्ट्रेशन व्यवस्था 4 महीने में लागू करें। कोर्ट ने कहा कि नियम न बनने से सिख नागरिकों के साथ असमान व्यवहार हो रहा है और यह संविधान के समानता के अधिकार का उल्लंघन है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा, जब तक राज्य अपने नियम नहीं बनाते, तब तक सभी जगह आनंद कारज शादियों को मौजूदा विवाह कानूनों के तहत रजिस्टर्ड किया जाए।

# ‘वोट ऑनलाइन डिलीट नहीं किए जा सकते, सभी आरोप बेबुनियाद’

### राहुल को चुनाव आयोग का जवाब




नई दिल्ली, 18 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के चुनाव आयोग ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की ओर से हाल ही में संपन्न प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगाए गए मतदाताओं के नाम हटाने के आरोपों को गलत और निराधार बताया है।

चुनाव आयोग ने आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए सिरे से खारिज कर दिया है। साथ ही आयोग ने इस बात पर जोर दिया है कि जनता की ओर से ऑनलाइन कोई भी वोट नहीं हटाया जा सकता। हालांकि, चुनाव आयोग ने स्वीकार किया कि कर्नाटक के अलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के नाम हटाने के कुछ असफल प्रयास किए गए थे और मामले की जांच के लिए चुनाव आयोग ने खुद एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी। भारत के चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ‘एक्स’ पर ट्वीट कर भी राहुल के आरोपों का खंडन किया।

निर्वाचन आयोग ने लिखा, लोकसभा के नेता राहुल गांधी की ओर से लगाए गए आरोप गलत और निराधार हैं। किसी भी वोट को जनता द्वारा ऑनलाइन नहीं हटाया जा सकता है, जैसा कि राहुल गांधी ने गलत धारणा बनाई है। प्रभावित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर दिए बिना कोई भी बदलाव या विलोपन नहीं हो सकता है। 2023 में अलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं को हटाने के कुछ असफल प्रयास किए गए थे। मामले की जांच के लिए ईसीआई के प्राधिकारी की ओर से स्वयं एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। रिकॉर्ड के अनुसार, अलंद विधानसभा क्षेत्र 2018 में सुभाध गुट्टेदार (भाजपा) और 2023 में बीआर पाटिल (कांग्रेस) ने जीता था।

इससे पहले राहुल ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर वोट चोरों और लोकतंत्र को नष्ट करने वाले लोगों को बचाने का आरोप लगाया था। उन्होंने कर्नाटक विधानसभा क्षेत्र के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि चुनाव से पहले कांग्रेस समर्थकों के वोट व्यवस्थित रूप से हटाए जा रहे थे।

## सेबी ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट से जुड़े मामले में अदाणी समूह को दी क्लीन चिट

नई दिल्ली, 18 सितंबर (एजेंसियां)। हिंडनबर्ग मामले में अदाणी समूह को शेयर बाजार नियामक सेबी से बड़ी राहत मिली है। सेबी ने गुरुवार को अरबपति गौतम अदाणी और उनकी समूह कंपनियों (जिनमें अदाणी पोर्ट्स और अदाणी पावर शामिल हैं) के खिलाफ अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की ओर से लगाए गए स्टॉक हेरफेर के आरोपों को खारिज कर दिया। यह आदेश अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड, अदाणी पावर लिमिटेड, एडिकॉर्प एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, गौतम शांतिलाल अदाणी और राजेश शांतिलाल अदाणी पर लागू होता है।

### एक बार फिर से एक्शन में ट्रंप प्रशासन

## भारत के कई अधिकारियों का वीजा कर दिया रद्द



नई दिल्ली, 18 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के खिलाफ ‘टैरिफ बम’ का विवाद अभी थमा भी नहीं था कि अब ट्रंप प्रशासन ने एक और बड़ी कार्रवाई कर दी है। इस बार ट्रंप के अधिकारियों ने ड्रग तस्करी को लेकर एक्शन लिया है। इसके तहत नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि ट्रंप प्रशासन ने कुछ भारतीय अधिकारियों और कॉर्पोरेट लीडरों का वीजा रद्द कर दिया है।

अमेरिकी दूतावास की ओर से बताया गया कि उन पर फेंटेनाइल प्रीकर्सर (नशीले पदार्थ) की तस्करी में कथित रूप से शामिल होने का आरोप है। दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास के अधिकारी ने कहा कि हमलोगों को ड्रग तस्करी को लेकर लगातार कई शिकायतें मिल रही थीं। इसमें कई अधिकारियों की भूमिका भी सामने आ रही थी। इसलिए, हमें अमेरिकी नागरिकों को खतरनाक सिंथेटिक नशीले पदार्थों से सुरक्षित रखने के लिए एक्शन लेना पड़ा।

**भारतीय अधिकारियों की तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई**

हालांकि, भारतीय अधिकारियों की ओर से इस घटनाक्रम पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। बता दें कि इस साल यह दूसरी बार है जब अमेरिका ने भारतीय नागरिकों के लिए वीजा प्रतिबंधों की घोषणा की है। मई में, विदेश विभाग ने भारत में ट्रैवल एजेंसियों के मालिकों और अधिकारियों पर जानबूझकर अमेरिका में अवैध आव्रजन को बढ़ावा देने के लिए वीजा प्रतिबंधों की घोषणा की थी। अमेरिकी दूतावास ने कहा कि यह एक्शन आव्रजन नीति एवं राष्ट्रीयता अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत लिया गया है।

## फौज में भाई-भतीजावाद नहीं : सीडीएस चौहान



रांची, 18 सितंबर (एजेंसियां)। रांची में एक कार्यक्रम के दौरान चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि सेना ही वह जगह है जहां भाई-भतीजावाद या पक्षपात नहीं होता। उन्होंने बताया कि फौज में हर किसी की पहचान उसकी काबिलियत और मेहनत से होती है, न कि रिश्तों या सिफारिशों से। जनरल अनिल चौहान ने युवाओं से देशसेवा के लिए सेना में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि सेना में अनुशासन और ईमानदारी ही सबसे बड़ी ताकत है, जो इसे बाकी संस्थानों से अलग बनाती है। इस दौरान जनरल अनिल चौहान ने कहा कि अगर बच्चे भारत और दुनिया को जानना चाहते हैं, तो उन्हें सशस्त्र बलों में शामिल होने की इच्छा रखनी चाहिए। वहीं ऑपरेशन सिंदूर पर बोलते हुए उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर का पहला हमला 7 मई को सुबह 1 बजे किया गया ताकि नागरिकों को होने वाले नुकसान से बचा जा सके।

## शशिकला और मार्ग ग्रुप से जुड़े मामलों में ईडी ने की छापेमारी

नई दिल्ली, 18 सितंबर (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को चेन्नई और हैदराबाद में 200 करोड़ रुपये के कथित बैंक घोटाले और बेनामी संपत्ति की जांच के तहत छापेमारी की। कार्रवाई में शशिकला, पूर्व तमिलनाडु मुख्यमंत्री जे जयललिता की करीबी और कुछ अन्य नाम शामिल हैं। ईडी ने मार्ग ग्रुप से जुड़े और शशिकला के कथित बेनामी जीआरके रेड्डी नामक व्यक्ति से जुड़े कम से कम 10 ठिकानों को निशाना बनाया। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की गई है। उन्होंने बताया कि यह जांच केनरा बैंक के साथ 200 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी से संबंधित है, जिसमें सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज की थी। सीबीआई की एफआईआर में शशिकला का नाम नहीं है। सूत्रों ने बताया कि आयकर विभाग ने कुछ समय पहले एक आदेश पारित किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि रेड्डी मार्ग समूह में स्थित कुछ संपत्तियों के लिए शशिकला के बेनामीदार (जिनके नाम पर बेनामी संपत्ति है) हैं।

### ईडी की बड़ी कार्रवाई

## आंध्र प्रदेश शराब घोटाले के संबंध में 20 ठिकानों पर हुई छापेमारी

नई दिल्ली, 18 सितंबर (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार आंध्र प्रदेश के कथित 3,500 करोड़ शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में देश के कई राज्यों में छापेमारी की। यह कार्रवाई हैदराबाद, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक और दिल्ली-एनसीआर में करीब 20 ठिकानों पर की गई।

ईडी के अनुसार, जांच उन कंपनियों और व्यक्तियों पर केंद्रित है जिन पर फर्जी और बढ़े हुए बिलों के जरिये कमीशन और अवैध भुगतान कराने का आरोप है।

जिन ठिकानों पर छापेमारी हुई, उनमें एरेट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, श्री ज्वैलर्स एक्जिम्प, एनआर उद्योग एलएलपी, द इंडिया फ्रूट्स प्राइवेट लिमिटेड (चेन्नई), वेंकटेश्वर पैकेजिंग, सुवर्णा दुर्गा बॉटल्स, राव साहेब बुरुगु महादेव ज्वैलर्स, उषोदय एंटरप्राइजेज और मोहन लाल ज्वैलर्स (चेन्नई) शामिल हैं।

अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई विशेष जांच दल (एसआईटी) की शुरूआती जांच के बाद हुई है, जिसमें शेल कंपनियों, बेनामी फर्मों और हवाला नेटवर्क के जरिए धन के लेन-देन का खुलासा हुआ था।






## दिल्ली पुलिस की पीसीआर वैन ने शख्स को कुचला, हुई मौत

नई दिल्ली, 18 सितंबर (एजेंसियां)। दिल्ली के थाना मंदिर मार्ग इलाके में दिल्ली पुलिस की एक पीसीआर वैन का सड़क हादसा हुआ है। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, दिल्ली पुलिस की पीसीआर वैन के ड्राइवर ने गलती से एक्सीलेटर दबा दिया, जिससे सड़क किनारे रैंप पर चढ़ते समय पीसीआर वैन एक व्यक्ति को कुचल गई, जिसकी मौत हो गई। फिलहाल, पुलिस मौके पर है और जानकारी जुटा रही है। दोनों पुलिस अधिकारियों, एएसआई और एक कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया है। एफआईआर दर्ज की जा रही है। दोनों पुलिसकर्मियों का मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा।

## ट्रक में ठूंसकर ले जाए जा रहे थे 26 गोवंश, दम घुटने से 9 की गई जान

सागर, 18 सितंबर (एजेंसियां)। गोवंशों पर बढ़ रही क्रूरता समाज के लिए चिंता का एक बड़ा विषय है। आए दिन गो तस्करी के एक के बाद एक मामले आ रहे हैं। सागर से भी गोवंश के साथ घटित क्रूरता का बड़ा मामला सामने आया है। मिला जानकारी के अनुसार, जैसीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम करहद में बुधवार तड़के पुलिस ने महाराष्ट्र पासिंग एक ट्रक से 26 गोवंशों को क्रूरता से रस्सियों से बंधी हालत में बरामद किया। इनमें से 9 गोवंशों की दम घुटने से मौत हो चुकी थी। पुलिस ने जीवित मवेशियों को गौशाला भिजवाया और ट्रक को थाने में खड़ा कर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

एएसआई प्रवीण कुमार ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 4 बजे डायल-112 पर सूचना मिली कि ग्राम करहद के पास एक ट्रक संदिग्ध अवस्था में खड़ा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो वहां एमएच-40 सीटी-4221 नंबर का ट्रक खड़ा मिला। ट्रक में 26 गोवंश रस्सियों से बंधे थे। दम घुटने और भीड़भाड़ की वजह से 9 मवेशियों की मौत हो चुकी थी। ट्रक का ड्राइवर और क्लीनर मौके से फरार हो गए।

## तेज बारिश में बहा पांच साल का बच्चा

इंदौर, 18 सितंबर (एजेंसियां)। इंदौर के मायाखेड़ी इलाके में बारिश में बहने से पांच साल के बच्चे की मौत हो गई। वह रात को नाले के किनारे पहुंच गया था। पैर फिसलने के कारण नाले में गिर और तेज बहाव में वह बह गया। परिजनों को बच्चा नहीं मिला तो पुलिस को सूचना दी। सुबह नगर निगम की टीम ने रेस्क्यू आपरेशन शुरू किया। बायपास के मायाखेड़ी ग्रामीण क्षेत्र में बुधवार रात को पांच साल के एक बच्चे के लापता होने की सूचना पुलिस को मिली थी। वस्तीवालों ने आशंका जताई थी कि बच्चा नाले में गिरा होगा।

रात को अंधेरा होने के कारण बचाव अभियान नहीं चल पाया। सुबह नगर निगम का अमला मौके पर पहुंचा और बच्चे की खोज शुरू की। नाले के तेज बहाव के साथ कचरा भी बहकर आया था। चार घंटे की खोज के बाद एक ब्रिज के पास बच्चे का शव मिला। बच्चे का नाम राजवीर पिता राजपाल है।परिवार बाहर से इंदौर में मजदूरी करने आया था और नाले किनारे झोपड़ी में रहता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बस ने बाइक को मारी टक्कर दंपती और बेटे की मौत

इंदौर, 18 सितंबर (एजेंसियां)। इंदौर-उज्जैन रोड पर निजी ट्रेवल्स की बस ने बाइक सवार दंपती और दो बच्चों को कुचल दिया। दंपती और एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा बच्चा गंभीर है। उसे अरबिंदो अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोग आक्रोशित हो गए। बस के कांच फोड़ दिए और आग लगाने की कोशिश की। हालांकि, पुलिस ने समय रहते स्थिति को संभाल लिया।

## फर्जी पुलिसकर्मी गैंग का भंडाफोड़

### चारकोप पुलिस ने दो आरोपी दबोचे

मुंबई, 18 सितंबर (एजेंसियां)। पुलिस ने शहर में सक्रिय एक ऐसे गैंग का पर्दाफाश किया है जो खुद को पुलिसकर्मी बताकर लोगों को ठगने का काम करता था। चारकोप पुलिस ने इस गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी लंबे समय से महाराष्ट्र, गुजरात समेत कई राज्यों में ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। चारकोप पुलिस को जानकारी मिली थी कि इलाके में दो लोग नकली पुलिस बनकर लोगों से सामान और पैसे ठगने की फिराक में हैं। पुलिस ने जाल बिछाकर दोनों को मौके से धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जाहेद जावेद अली जाफरी (42) और काबुल नौशाद अली (58) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से दिल्ली पुलिस का एक नकली पहचान पत्र और दो लाख रुपये कीमत की करीब दो तोले सोने की चेन बरामद की।

जांच में पता चला कि आरोपी अपने शिकार को पहले पुलिस की धौंस दिखाते थे, फिर झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर उनसे पैसे और गहने ऐंठ लेते थे। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कबूल किया कि उन्होंने मुंबई के कई थानों के इलाकों में इस तरह की वारदातें की हैं। इनमें कालाचौकी, माहिम, दादर, दहिसर, धारावी, सांताक्रूज, कल्याण, अंधेरी, विले पार्ले, मेघवाड़ी, गोरेगांव और नेहरूनगर शामिल हैं। इतना ही नहीं, गुजरात के सूरत और बारडोली में भी ये लोग सक्रिय रहे हैं। चारकोप पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले से ही धोखाधड़ी और चोरी के 25 मामले दर्ज हैं।

# बानू मुश्ताक के दशहरा उद्घाटन वाले मामले में

## अब होगी 'सुप्रीम' सुनवाई, हाईकोर्ट ने खारिज की थी याचिका



नई दिल्ली, 18 सितंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार विजेता बानू मुश्ताक को इस साल मैसूरु दशहरा का उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किए जाने पर विवाद गहराता जा रहा है। इस मामले को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर लिया है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि गैर-हिंदू को परंपरागत पूजा-अर्चना का अधिकार देना अनुचित है। वहीं, कर्नाटक हाईकोर्ट ने पहले ही इस मामले को खारिज कर दिया था। गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश बीआर। गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने इस याचिका पर विचार करने के लिए हामी भर दी।

याचिकाकर्ताओं ने कहा कि दशहरा 22 सितंबर से शुरू हो रहा है, इसलिए मामले की तुरंत सुनवाई जरूरी है। उनका तर्क है कि एक गैर-हिंदू द्वारा अग्रेश्वरी पूजा करना धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। 15 सितंबर को कर्नाटक हाईकोर्ट ने इस मामले पर दायर चार जनहित याचिकाओं को खारिज कर दिया था। इनमें से एक याचिका भाजपा के पूर्व सांसद प्रताप सिंहा ने दायर की थी। अदालत ने साफ कहा था कि किसी अलग धर्म के व्यक्ति द्वारा राज्य सरकार की ओर से आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करना संविधान या किसी कानूनी प्रावधान का उल्लंघन नहीं है। तीन सितंबर को मैसूरु जिला प्रशासन ने औपचारिक रूप से मुश्ताक को उद्घाटन का आमंत्रण दिया था।

इसके बाद भाजपा और अन्य विरोधी समूहों ने कड़ा एतराज जताया। उनका कहना है कि मुश्ताक ने पहले भी ऐसे बयान दिए हैं जिन्हें "हिंदू विरोधी" और "कन्नड़ विरोधी" माना गया है। इसी पृष्ठभूमि में इस विवाद ने तूल पकड़ा। मैसूरु दशहरा का उद्घाटन पारंपरिक रूप से चामुंडेश्वरी देवी के मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ होता है। देवी की प्रतिमा पर फूल चढ़ाकर और वेद मंत्रों के उच्चारण के बीच राज्यपाल या आमंत्रित विशिष्ट अतिथि उद्घाटन करते हैं।

यह परंपरा दशकों से चली आ रही है और इसी वजह से एक गैर-हिंदू को आमंत्रित किए जाने पर सवाल उठाए जा रहे हैं। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि उद्घाटन से किसी के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं होता। लेकिन याचिकाकर्ता इस फैसले से असंतुष्ट रहे और अब उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। शीर्ष अदालत इस मामले पर जल्द सुनवाई करेगी ताकि दशहरा शुरू होने से पहले स्थिति साफ हो सके।

# गायक हनी सिंह को बड़ी राहत

## छह साल पुराना केस खत्म, लोक अदालत ने स्वीकार की पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट

मोहाली, 18 सितंबर (एजेंसियां)। रैपर यो यो हनी सिंह (हरदेश सिंह औलख) को मोहाली की राष्ट्रीय लोक अदालत से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने 2018 के उनके चर्चित गाने मखना में महिलाओं के खिलाफ कथित अपमानजनक और अश्लील शब्दों के इस्तेमाल से जुड़े छह साल पुराने मामले में पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार कर एफआईआर रद्द कर दी। मोहाली के मटौर पुलिस स्टेशन में यह एफआईआर भारतीय दंड संहिता की धारा 294 और 509, आईटी एक्ट की धारा 67 और महिलाओं के अश्लील चित्रण (निषेध) अधिनियम की धारा 6 के तहत दर्ज हुई थी। शिकायत पंजाब राज्य महिला आयोग की तत्कालीन अध्यक्ष मनीषा गुलाटी और एएसआई लखविंदर कौर ने दी थी।

सुनवाई के दौरान दोनों शिकायतकर्ताओं ने अदालत को सूचित किया कि उन्हें एफआईआर रद्द करने पर कोई आपत्ति नहीं है। पीठासीन अधिकारी अनीश गोयल ने पुलिस की समापन रिपोर्ट और शिकायतकर्ताओं की सहमति को देखते हुए एफआईआर रद्द करने का आदेश दिया। इसके साथ ही हनी सिंह के खिलाफ यह मामला अधिकारिक तौर पर खत्म हो गया। 2019 में दर्ज इस एफआईआर के बाद गाने के बोल और समाज पर उनके असर को लेकर व्यापक चर्चा हुई थी।

# मराठा आरक्षण पर दाखिल सभी याचिकाएं निराधार

## हाईकोर्ट ने कहा- असली पीड़ित ओबीसी समुदाय

मुंबई, 18 सितंबर (एजेंसियां)। बॉम्बे हाईकोर्ट ने गुरुवार को साफ किया कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा मराठा समुदाय को कुनबी जाति प्रमाणपत्र जारी करने के फैसले के खिलाफ दाखिल जनहित याचिकाएं सुनवाई योग्य नहीं हैं। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता असली पीड़ित पक्ष नहीं हैं, बल्कि ओबीसी वर्ग असली पीड़ से आने वाले लोगों ने इस फैसले को चुनौती दी है, जिनकी याचिकाओं पर 22 सितंबर को सुनवाई होगी।

मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंकलाड की पीठ ने कहा कि इस चरण पर दाखिल हुई ये पीआईएल्स पूरी तरह गलत और निराधार हैं। अदालत ने कहा कि कानून में दुर्भावना का मामला केवल असली पीड़ित पक्ष ही उठा सकता है। ओबीसी समुदाय के लोगों ने चार याचिकाएं दाखिल कर सरकार के फैसले को चुनौती दी है। इन याचिकाओं में कहा गया है कि मराठों को कुनबी प्रमाणपत्र देना असंवैधानिक, मनमाना और कानून के खिलाफ है। इन याचिकाओं पर सुनवाई 22 सितंबर को न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे की पीठ करेगी। सरकार का यह फैसला मराठा आरक्षण आंदोलनकारी मनोज जरांगे की भूख हड़ताल के बाद आया। जरांगे ने 29 अगस्त को मुंबई के आजाद मैदान में पांच दिन तक अनिश्चितकालीन उपवास किया था। उनके समर्थकों ने दक्षिण मुंबई के कई अहम इलाकों को घेर लिया, जिस पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा था कि पूरा शहर ठप हो गया है। सरकार ने दो सितंबर को एक प्रस्ताव जारी कर हैदराबाद गजेटियर के आधार पर मराठा समुदाय के पात्र लोगों को कुनबी जाति प्रमाणपत्र देने की घोषणा की।

## कंगना रणौत बोलीं- पेड़ों को काटकर लकड़ी बेच रही सरकार, केंद्र का पैसा भी किया जा रहा डायवर्ट

मनाली, 18 सितंबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद कंगना रणौत ने गुरुवार को मनाली के आपदा प्रभावित इलाकों का दौरा किया और लोगों का दर्द बांटा। मीडिया से बातचीत में उन्होंने राज्य सरकार पर पेड़ों को काटकर लकड़ी बेचने के गंभीर आरोप लगाए। कहा कि राज्य सरकार केंद्र से मिल रही राहत का पैसा अन्य जगह डायवर्ट कर रही है। एनएचएआई ने आपदा के तुरंत बाद सड़कों को बहाल करने का कार्य शुरू किया लेकिन राज्य सरकार अभी तक सड़कों को नहीं खोल पाई। सड़कों पर काम भी नहीं चल रहा। कहा कि वे मुख्यमंत्री को इस बारे में पत्र लिखेंगी। जिनके घर क्षतिग्रस्त हो गए, उनमें कइयों को अभी मदद नहीं मिली। केंद्र से हिमाचल को तीन साल में 10 हजार करोड़ से अधिक की मदद मिली है।

# भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज पर राष्ट्रगान के अपमान का आरोप, अब खुद दी सफाई



नई दिल्ली, 18 सितंबर (एजेंसियां)। बीजेपी सांसद बांसुरी स्वराज का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें वह राष्ट्रगान को बीच में छोड़कर अपनी जगह से कहीं चली जाती हैं। कांग्रेस नेताओं ने बांसुरी पर राष्ट्रगान के अपमान का आरोप लगाया था। आरोपों पर सफाई देते हुए बीजेपी सांसद ने कहा कि सोशल मीडिया पर जो वीडियो फैलाया जा रहा है वह अधूरा है, वीडियो की सच्चाई कुछ और है। बीजेपी सांसद ने अपने ऊपर लगाए गए राष्ट्रगान के आरोपों पर सफाई देते हुए कहा कि यह वीडियो अधूरा है। उन्होंने इस वीडियो की सच्चाई बताते हुए कहा कि मैं आग्रह करने गई थी कि राष्ट्रगान पूरा और सही ढंग से गाया जाए।

उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पूरा वीडियो शेयर करते हुए कहा कि यह पूरा वीडियो है, जहां हमने गर्व और पूरे सम्मान के साथ पूरा राष्ट्रगान गाया। कांग्रेस नेता सुरेंद्र राजपूत ने अधूरा वायरल वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए बीजेपी सांसद पर राष्ट्रगान के अपमान का आरोप लगाया था। उन्होंने लिखा कि सांसद राष्ट्रगान की बेइज्जती कर रही हैं। इसके आगे उन्होंने पीएम मोदी से कहा कि इन्हें जेल भेज दीजिए, वरना मान जाएंगे कि आप देश में दो संविधान चलाते हैं, एक आम इंसान के लिए और दूसरा बीजेपी वालों के लिए। बांसुरी स्वराज स्वर्गवासी बीजेपी नेता सुषमा स्वराज की बेटी हैं, जो पूर्व विदेश मंत्री रह चुकी हैं। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव से राजनीति में कदम रखा और नई दिल्ली से लोकसभा सदस्य चुनी गईं।

उन्होंने अपनी स्नातक की पढ़ाई वारविक विश्वविद्यालय से इंग्लिश लिटरेचर में की और बाद में लंदन के एक लॉ कॉलेज से कानून की डिग्री प्राप्त की। बांसुरी ने अपनी पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से की। बांसुरी को कानूनी पेशे में 15 साल का अनुभव है।

# दिल्ली हाई कोर्ट का नया फैसला

## 'लग्जरी होटलों पर एमसीडी का टैक्स बढ़ाना कानूनी रूप से सही'

नई दिल्ली, 18 सितंबर (एजेंसियां)। दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि दिल्ली के लग्जरी होटल पर दिल्ली नगर निगम द्वारा बढ़ाई गई प्रॉपर्टी टैक्स दर बिल्कुल सही और कानूनी रूप से तर्कसंगत है। दिल्ली हाई कोर्ट ने यह फैसला इस आधार पर दिया कि ऐसे होटल अपने आप स्टार रेटिंग देते हैं और अमीर ग्राहकों को टारगेट करते हैं। दिल्ली हाई कोर्ट ने यह भी माना कि अधिक प्रॉपर्टी टैक्स लगना न्यायसंगत है, क्योंकि जिनके पास ज्यादा संपत्ति और आमदनी होती है उन्हें सार्वजनिक खजाने में अधिक योगदान देना चाहिए।



दरअसल यह मामला कुछ फाइव स्टार होटलों की याचिकाओं से जुड़ा था। दिल्ली हाई कोर्ट में इन होटलों ने दावा किया था कि एमसीडी ने उनकी फाइव स्टार रेटिंग को 4 स्टार में बदल दिया और उनके लिए यूजर फैक्टर 10 कर दिया गया, जबकि पहले यह 8 था। साथ ही टैक्स भी 10% से बढ़कर 20% कर दिया गया। होटल मालिकों ने इसे मनमाना बताते हुए अदालत से एमसीडी के फैसले को रद्द करने की मांग की थी। दिल्ली हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि स्टार रेटिंग के आधार पर होटलों को अलग-अलग कर देना बिल्कुल तर्कसंगत है। फाइव स्टार और लग्जरी होटल अपने कस्टमर को प्रीमियम सेवाएं देते हैं जैसे बड़ा भव्य बैंक्वेट हॉल, स्पा, फाइन डाइनिंग, कंसीयर्ज सेवाएं और अन्य शानदार सुविधाएं। ये सुविधाएं इन्हें सामान्य होटलों से अलग करती हैं।

दिल्ली हाई कोर्ट ने यह भी कहा कि होटल खुद ही प्रीमियम सेगमेंट में आते हैं और अमीर ग्राहकों के लिए काम करते हैं। इसलिए टैक्स बढ़ाना मनमाना नहीं है।

स्टार रेटिंग की प्रणाली होटल के इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाओं के आधार पर उन्हें वर्गीकृत करने का एक सरल और साफ तरीका है। दिल्ली हाई कोर्ट में मामले की सुनवाई करने वाले जस्टिस पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने कहा कि नई वर्गीकरण प्रणाली लागू करने से प्रशासनिक काम बढ़ेगा और मामले जटिल होंगे। इसके अलावा डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे मेकमायट्रिप, गोइबिबो आदि भी होटलों को उनके स्टार रेटिंग के हिसाब से दिखाते हैं, जिससे ग्राहक आसानी से चुन सकते हैं कि उन्हें कौन से बेहतर होटल में जाना है। ऐसे में होटल मालिकों को अब इस कर प्रणाली का पालन करना ही पड़ेगा।

## पुलिस और बदमाशों के बीच चलीं ताबड़तोड़ गोलियां, गैंगस्टर जीवन फौजी के दो गुर्गे घायल

अमृतसर, 18 सितंबर (एजेंसियां)। अमृतसर देहात के ब्यास इलाके में वीरवार को दोपहर पुलिस और गैंगस्टरों में जमकर गोलियां चलीं। जानकारी के अनुसार दोनों तरफ से करीब 20 से 22 राउंड फायर किए गए। विदेश बैठे कुख्यात गैंगस्टर जीवन फौजी के दो गुर्गे संदीप जानी और और हैरी बुरी तरह से जख्मी हुए हैं। एसएसपी मनिंदर सिंह और डीएसपी गुरिंदर पाल सिंह नागरा की अगुवाही में इस ऑपरेशन को अंजाम दिया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ब्यास क्षेत्र में जिला कपूरथला के काला सांघा गांव के बदमाश संदीप जानी, हैरी और अमन छुप कर बैठे हैं। तीनों बदमाश विदेश बैठे अपने आका गैंगस्टर जीवन फौजी के इशारे पर पंजाब भर में रंगदारियां मांग रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आशंका है कि तीनों के खिलाफ माझा क्षेत्र में रंगदारी वसूलने हत्या और हत्या प्रयास के कई मामले दर्ज हैं।

## अब गढ़चिरौली में नक्सलवाद को लगा बड़ा झटका

# दो महिला नक्सली ढेर

मुंबई, 18 सितंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के गढ़चिरौलीभारत के विभिन्न राज्यों में नक्सवाद के खिलाफ लगातार अभियान जारी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मार्च 2026 तक भारत से नक्सवाद को खत्म करने का लक्ष्य रखा है। इसी क्रम में महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में गुरुवार को c60 कमांडो के साथ हुई मुठभेड़ में 14 लाख इनामी दो महिला नक्सलियों को ढेर कर दिया गया है।

लगभग 1 घंटे तक चली मुठभेड़ में इन्हें मार गिराया गया। गढ़चिरोली के जंगलों में मुठभेड़ स्थल से पुलिस ने हथियार, गोला बारूद और नक्सली सामग्री भी जब्त की है। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के एटापल्ली तहसील में नक्सलियों के साथ हुई कल कि मुठभेड़ में पुलिस ने 14 लाख की इनामी दो महिला नक्सलियों सुमित्रा उर्फ सुनीता वेलादी और गट्टा दलम की एसीएम जिला कांकेर निवासी एसीएम ललित उर्फ लड्डो को ढेर कर दिया। ललित पर 8 लाख और सुमित्रा पर 6 लाख रुपए का इनाम था, घटनास्थल से एक-47 राइफल, एक पिस्टल, 37 जिंदा कारतूस तथा नक्सली सामग्री बरामद की गई है।

गढ़चिरोली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार c60 की पांच टीमों के साथ-साथ पुलिस बल और सीआरपीएफ ने इस अभियान को अंजाम दिया, गढ़चिरोली पुलिस निरीक्षक से मिली जानकारी के अनुसार करीब 1 घंटे तक मुठभेड़ स्थल पर दोनों ओर से गोलियां बरसती रही। ,घटनास्थल पर चलाए गए सर्च ऑपरेशन में जवानों ने बड़ी मात्रा में हथियार, गोला बारूद और नक्सली सामग्री जब्त की है।

# हाईकोर्ट पहुंचे मालेगांव विस्फोट के पीड़ित परिजन

## बरी हुए सातों लोगों और एनआईए को नोटिस जारी



मुंबई, 18 सितंबर (एजेंसियां)। बॉम्बे उच्च न्यायालय ने गुरुवार को साल 2008 के मालेगांव विस्फोट के पीड़ित परिजनों की याचिका पर एनआईए और इस मामले में बरी किए गए सातों लोगों को नोटिस जारी किया है। मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और जस्टिस गौतम अंखड़ की पीठ ने अभियोजन पक्ष राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और महाराष्ट्र सरकार को भी नोटिस जारी किए। अपील पर सुनवाई छह सप्ताह बाद निर्धारित की गई है। मालेगांव विस्फोट में मारे गए छह लोगों के परिजनों ने आरोपियों को बरी किए, जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की। याचिका में पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद राजपुरोहित सहित मामले के सात आरोपियों को बरी किए जाने के अदालत के फैसले को चुनौती दी गई है। पिछले सप्ताह दायर की गई याचिका में दावा किया गया है कि दोषपूर्ण जांच या जांच में खामियां आरोपियों को बरी करने का आधार नहीं हो सकतीं। याचिका में यह भी तर्क दिया गया है कि साजिश गुप्त रूप से रची गई थी और इसलिए इसका प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं हो सकता। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि विशेष एनआईए अदालत द्वारा 31 जुलाई को पारित आदेश, जिसमें सातों आरोपियों को बरी कर दिया गया, वह गलत और कानून की दृष्टि से भी गलत था और इसलिए इसे रद्द किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि 29 सितंबर, 2008 को, महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव शहर में एक मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल में विस्फोट हुआ, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई और 101 अन्य घायल हो गए थे। अपील में कहा गया है कि निचली अदालत ने न्यायाधीश को आपराधिक मुकदमे में 'डाकिया या मूकदर्शक' की भूमिका नहीं निभानी चाहिए। जब अभियोजन पक्ष तथ्य उजागर करने में विफल रहता है, तो निचली अदालत प्रश्न पूछ सकती है और गवाहों को बुला सकती है। अपील में कहा गया है, 'दुर्भाग्य से निचली अदालत ने केवल एक डाकघर की तरह काम किया है और अभियुक्तों को लाभ पहुंचाने के लिए एक गलत अभियोजन की अनुमति दी।' राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा मामले की जांच और सुनवाई के तरीके पर भी चिंता जताई गई और आरोपियों को दोषी ठहराने की मांग की गई है।

अपील में कहा गया है कि राज्य के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने सात लोगों को गिरफ्तार करके एक बड़ी साजिश का पर्दाफाश किया था। इसमें दावा किया गया है कि एनआईए ने मामला अपने हाथ में लेने के बाद आरोपियों के खिलाफ आरोपों को कमजोर कर दिया।

एनआईए अदालत ने अपने फैसले में अभियोजन पक्ष के मामले और की गई जांच में कई खामियों को उजागर किया था और कहा था कि आरोपियों को संदेह का लाभ मिलना चाहिए। प्रज्ञा ठाकुर और पुरोहित के अलावा मालेगांव विस्फोट मामले के अन्य आरोपियों में मेजर रमेश उपाध्याय (सेवानिवृत्त), अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी शामिल थे।

# वडोदरा का युवक थाईलैंड में बंधक

वडोदरा, 18 सितंबर (एजेंसियां)। वडोदरा के एक दंपति ने दावा किया है कि उनका 28 साल का बेटा पिछले 5 महीनों से थाईलैंड में बंधक बनाकर रखा गया है। इस सनसनीखेज मामले के सामने आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। परिवार का कहना है कि युवक को कुछ एजेंटों ने विदेश भेजा था और वहीं से उसकी परेशानी की शुरुआत हुई। शहर के सामा इलाके में रहने वाले नगरभाई रानपरा और उनकी पत्नी रीता ने बताया कि उनका बेटा तुषार पिछले पांच महीनों से घरवालों से किसी भी तरह का संपर्क नहीं कर रहा है। माता-पिता का आरोप है कि तुषार को कुछ एजेंटों ने थाईलैंड भेजा था और अब वही लोग उसे बंधक बनाकर उसकी मर्जी के खिलाफ काम करवा रहे हैं। तुषार पिछले साल अप्रैल में दो स्थानीय इमीग्रेशन एजेंटों की मदद से दुबई गया था। वहां उसने एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी शुरू की। परिवार का कहना है कि इसके बाद दुबई में ही रहने वाले एजेंट अभिषेक कुमार ने उसे सितंबर 2024 में थाईलैंड भेजा। शुरुआत में तुषार अपने घरवालों से वीडियो और वॉइस कॉल के जरिए लगातार संपर्क में रहता था, लेकिन करीब 5 महीने पहले अचानक उसकी कॉल आनी बंद हो गईं। मामले की गंभीरता को देखते हुए, तुषार के माता-पिता ने दो दिन पहले वडोदरा के सामा पुलिस स्टेशन में आवेदन दिया। आवेदन मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जांच वडोदरा शहर की अपराध शाखा को सौंप दी। सहायक पुलिस आयुक्त ('जी' डिवीजन) जी.बी.) बंभानिया ने बताया कि अपराध शाखा को तुषार का पता लगाने और उससे जल्द संपर्क करने का जिम्मा सौंपा गया है। तुषार के पिता नगरभाई रानपरा ने कहा, हमारा बेटा जब थाईलैंड पहुंचा था तो लगातार वीडियो कॉल करता था। लेकिन पिछले पांच महीनों से उसकी कोई खबर नहीं है। हमें संदेह है कि जिन एजेंटों ने उसे भेजा था, उन्होंने उसका फोन छीन लिया और उसे बंधक बना लिया।

# दिल्ली सरकार का बड़ा ऐलान

## कामकाजी महिलाओं को बिना गारंटी मिलेगा 10 करोड़ तक एमएसएमई लोन



नई दिल्ली, 18 सितंबर (एजेंसियां)। दिल्ली सरकार ने कामकाजी महिलाओं के लिए, बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को 500 पालना क्रेच का उद्घाटन करते हुए घोषणा की कि राज्य सरकार जल्द ही एक नई एमएसएमई योजना लेकर आएगी। इस योजना के तहत कामकाजी महिलाओं को बिना किसी गारंटी के 10 करोड़ रुपये तक का लोन दिया जाएगा। सरकार का दावा है कि इस कदम से महिलाओं को उद्यमिता और स्वरोजगार की दिशा में नई ताकत मिलेगी। एमएसएमई यानी माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज। यह सेक्टर छोटे, लघु और मध्यम उद्योगों को दर्शाता है। भारत की अर्थव्यवस्था में एमएसएमई की अहम भूमिका है क्योंकि यह रोजगार सृजन और स्थानीय स्तर पर आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है। आम तौर पर इसमें छोटे कारखाने, सर्विस यूनिट्स, स्टार्टअप्स और स्थानीय उद्योग शामिल होते हैं। नई एमएसएमई योजना का मसौदा तैयार किया जा रहा है और इसे जल्द ही लागू करने का दावा किया गया है। सरकार का मानना है कि महिलाओं को मजबूत किए बिना अर्थव्यवस्था को मजबूती नहीं दी जा सकती। इसलिए दिल्ली सरकार उन्हें हर स्तर पर सहयोग देने की दिशा में काम कर रही है।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

शुक्रवार, 19 सितंबर, 2025 3

सुविचार: सोच सदैव नई रखो परंतु पुराने संस्कारों का अस्तित्व कभी नष्ट मत होने देना

# सड़क सुरक्षा से लोगों का भावनात्मक जुड़ाव : राज्यपाल

## यातायात एवं सड़क सुरक्षा शिखर सम्मेलन 2025 का आयोजन



हैदराबाद, 18 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद नगर सुरक्षा परिषद (एचसीएससी) ने हैदराबाद नगर पुलिस के सहयोग से नेकलेस रोड स्थित जल विहार में यातायात एवं सड़क सुरक्षा शिखर सम्मेलन 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

दो दिवसीय इस शिखर सम्मेलन में नीति निर्माताओं, उद्योग जगत के नेताओं, यातायात विशेषज्ञों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, शिक्षाविदों और नागरिक समाज ने शहरी गतिशीलता और सड़क सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों और भविष्य के समाधानों पर विचार-विमर्श किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने किया और इसमें हैदराबाद पुलिस और एचसीएससी के वरिष्ठ नेतृत्व ने भाग लिया। इस अवसर पर राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने इस बात पर ज़ोर दिया कि यातायात केवल भीड़भाड़ के बारे में नहीं है, बल्कि जीवन बचाने, रहने की स्थिति में सुधार लाने और जनता का विश्वास बनाने के बारे में भी है। उन्होंने कहा कि किसी शहर की पहचान और विकास उसकी यातायात स्थितियों से अभिन्न रूप से जुड़े होते हैं-सुरक्षित और कुशल गतिशीलता आधुनिकता, समावेशिता और प्रगति को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा का भावनात्मक जुड़ाव है, सड़क सुरक्षा का अर्थ है यह सुनिश्चित करना कि बच्चे सुरक्षित घर लौटें, मरीज़ समय पर अस्पताल पहुँचें और नागरिक तनावमुक्त होकर यात्रा करें। कॉर्पोरेट, शिक्षा जगत और प्रवर्तन एजेंसियों को गतिशीलता और सुरक्षा के लिए स्थायी समाधान मिलकर बनाने चाहिए। महानिदेशक एवं पुलिस आयुक्त, हैदराबाद सी.वी. आनंद ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और कहा कि यातायात किसी भी शहर के चरित्र का सबसे स्पष्ट प्रतिबिंब होता है।

92 लाख से ज़्यादा वाहनों और रोज़ाना 1,500 नए वाहनों के साथ, हैदराबाद का यातायात प्रबंधन एक सुरक्षित और रहने योग्य शहर के रूप में इसकी प्रतिष्ठा का केंद्रबिंदु है।

उन्होंने भीड़भाड़ को जीवन की गुणवत्ता का मुद्दा और आर्थिक चुनौती, दोनों बताया पहलों पर प्रकाश डाला। एचसीएससी के महासचिव सी. शेखर रेड्डी ने इस बात पर ज़ोर दिया कि हैदराबाद में दीर्घकालिक यातायात सुरक्षा केवल सामूहिक स्वामित्व के माध्यम से ही प्राप्त की जा सकती है। विक्रम सिंह मान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, एल एंड ओ, ने हैदराबाद के तेज़ी से बढ़ते शहरीकरण और बहु-हितधारक भागीदारी-गैर सरकारी संगठन, उद्योग, अनुसंधान और नागरिकों की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

## वकील दंपति हत्या मामले में सीबीआई ने शुरू की जांच

पेद्दापल्ली, 18 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने वकील दंपति गट्टू वामन राव और उनकी पत्नी नागमणि की हत्या की जांच शुरू कर दी है। गुरुवार को सीबीआई की टीम ने रामगिरी मंडल के कलवाचेरला के निकट हत्या स्थल का निरीक्षण किया और मंथनी मंडल के गुंजापाडु में वामन राव के घर का दौरा किया। अधिकारियों ने मामले की और जानकारी जुटाने के लिए मंथनी अदालत में वामन राव के पिता किशन राव और छोटे भाई चंद्रशेखर से बातचीत भी की।

17 फरवरी, 2021 को कलवाचेरला में वकील दंपति की हत्या हुई थी। मामले के सात आरोपियों को बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया।

# कांग्रेस एमएलए ने किसानों की मदद के लिए दिए दो करोड़



हैदराबाद, 18 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के मिर्यालगुडा के कांग्रेस विधायक बतुला लक्ष्मा रेड्डी ने एक नेक पहल की है। उन्होंने अपने बेटे की शादी के उपलक्ष्य में स्वागत समारोह को निरस्त कर दिया। उसी धनराशि से किसानों की मदद करने का फैसला किया। आज विधायक और उनके परिवार ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से उनके आवास पर मुलाकात की और 2 करोड़ रुपये का चेक भेंट किया। एमएलए अपने निर्वाचन क्षेत्र के किसानों पर 2 करोड़ रुपये खर्च करने की अपील की। विधायक ने एक लाख किसानों को एक यूरिया बैग मुफ्त उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। हाल ही में, विधायक के बेटे साई प्रसन्ना की शादी हुई। विधायक लक्ष्मा रेड्डी ने मिर्यालगुडा में एक भव्य स्वागत समारोह आयोजित करने की योजना बनाई थी। लेकिन विधायक ने स्वागत समारोह रद्द कर दिया और किसानों पर पैसा खर्च करने के लिए आगे आए। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने विधायक लक्ष्मा रेड्डी और उनके परिवार को बधाई दी।

# कोमटिरेड्डी ने विभागीय प्रगति के लिए निरंतर समर्थन का संकल्प लिया

हैदराबाद, 18 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सड़क एवं भवन (आर एंड बी) और छायांकन मंत्री कोमटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने गुरुवार को आर एंड बी इंजीनियर्स एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और विभाग को मजबूत बनाने में उनकी भूमिका की सराहना की तथा इसके विकास के लिए निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया।



नई कार्यकारी समिति ने हैदराबाद स्थित मंत्री से उनके कैंप कार्यालय में मुलाकात की और लंबे समय से लंबित सेवा संबंधी मुद्दों के समाधान में उनके सक्रिय प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बोलते हुए, मंत्री ने कहा कि आर एंड बी विभाग में अभूतपूर्व और पारदर्शी पदोन्नतियां प्रदान की गईं- ऐसा कुछ जो किसी अन्य विभाग ने हासिल नहीं किया था। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को मनाकर, हमने सेवा नियमों को मंजूरी दी और वर्षों से रुकी हुई नियमित पदोन्नतियां सुनिश्चित कीं। मंत्री ने बताया कि एक ही चरण में 118 सहायक कार्यकारी अभियंताओं (एईई) को उप-अभियंता, 72 उप-अभियंताओं को कार्यकारी अभियंता, 29 कार्यकारी अभियंताओं को अधीक्षण अभियंता, 6 अधीक्षण अभियंताओं को मुख्य अभियंता और 2 मुख्य अभियंताओं को ईएनसी (मुख्य अभियंता) के पद पर पदोन्नत किया गया। उन्होंने कहा, जब आपने मेरे सामने इन मुद्दों को रखा था, तो मैंने इन्हें पूरा करने का वादा किया था और मैंने अपना वादा निभाया है।

उन्होंने आगे कहा कि अन्य संवर्गों में भी जल्द ही पदोन्नतियां पूरी कर ली जाएंगी। इंजीनियरों से विभाग की विश्वसनीयता बनाए रखने का आह्वान करते हुए, मंत्री ने कहा, आर एंड बी विभाग का नाम रोशन करने की जिम्मेदारी आप सभी की है। जिस प्रतिबद्धता के साथ आपने ये पदोन्नतियां मांगी थीं, उसी प्रतिबद्धता के साथ विभाग को मजबूत बनाएं। जिन विभागीय मुद्दों पर मेरा ध्यान देने की आवश्यकता होगी, उनका बिना किसी देरी के समाधान किया जाएगा।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष एन. श्रीनु के नेतृत्व में एसोसिएशन के सदस्यों ने मंत्री के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए कहा, आपके कार्यभार संभालने के बाद ही हमारी लंबे समय से लंबित समस्याओं का समाधान हुआ और नियमित पदोन्नति लागू हुई। प्रतिनिधिमंडल में महासचिव बी. रामबाबू, संगठन सचिव पी. शरत चंद्र, कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष के. संध्या, वेणु, प्रदीप रेड्डी और संयुक्त सचिव नवीन, किशन, अरुण रेड्डी सहित अन्य इंजीनियर शामिल थे।

# भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

## कई कॉलोनियां जलमग्न और वाहन क्षतिग्रस्त



हैदराबाद, 18 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बुधवार रात हुई भारी बारिश ने शहर की सड़कों और कॉलोनियों को पानी-पानी कर दिया। प्रमुख मार्गों से लेकर आंतरिक सड़कों तक जलभराव के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। निचले इलाकों में पानी का तेज बहाव और जगह-जगह पानी जमा होने से यातायात बुरी तरह प्रभावित रहा। कई स्थानों पर वाहन सड़क पर फंसे रह गए। कारों को एक ओर खींचकर छोड़ दिया गया, जबकि दोपहिया वाहन चालकों को बाइक घसीटते हुए देखा गया। गुरुवार को बेगमपेट, डोमलगुडा, मुशीराबाद, पद्मा राव नगर, तारनाका, दिलसुखनगर, खैरताबाद, श्रीराम नगर, रसूलपुरा, सिकंदराबाद छावनी का सीतार नगर, मियापुर, निजामपेट और यूसुफगुडा की सड़कें पानी में डूबी रहीं। नालों के ओवरफ्लो होने से कई कॉलोनियां जलमग्न हो गईं। अमीरपेट में वर्षा जल निकासी के लिए गाद हटाने का काम चलने से लोगों की दिक्कतें और बढ़ गईं। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) ने सोशल मीडिया ग्रुप्स पर कॉलोनियों में जलभराव की कई तस्वीरें और वीडियो साझा किए, जिससे हालात की गंभीरता सामने आई।

## उप्पल नाला झील में अज्ञात व्यक्ति का मिला शव

हैदराबाद, 18 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। गुरुवार को उप्पल के नाला चेरुवु में एक अज्ञात व्यक्ति का शव तैरता हुआ पाया गया। स्थानीय लोगों ने झील में शव देखा और पुलिस को सूचना दी। मेडिपल्ली पुलिस ने विशेषज्ञ तैराकों की मदद से शव को बाहर निकाला। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि व्यक्ति बारिश में बहा, आत्महत्या की या किसी दुर्घटना का शिकार हुआ। अधिकारियों ने मामला दर्ज कर लिया है और व्यक्ति की पहचान के प्रयास जारी हैं। इसके लिए हाल ही में दर्ज गुमशुदगी के मामलों का भी सत्यापन किया जा रहा है।

## लोकतंत्र को मजबूत बनाने में हर एक वोट मायने रखता है : डॉ. विवेकानंद

हैदराबाद, 18 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी के सहायक निदेशक (पशु चिकित्सा) और स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी डॉ. विवेकानंद ने एर्रागड्डा स्थित डॉन बॉस्को डिग्री कॉलेज में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में कहा, लोकतंत्र को मजबूत बनाने में हर एक वोट मायने रखता है। जुबली हिल्स विधानसभा क्षेत्र के आगामी उपचुनाव को देखते हुए, हैदराबाद के जिला शिक्षा अधिकारी और जीएचएमसी आयुक्त आर.वी. कर्णन की देखरेख में स्वीप गतिविधियों को तेज कर दिया गया है। डॉ. विवेकानंद ने 1 जुलाई, 2025 तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी युवाओं से मतदाता बनने का आग्रह किया और इस बात पर जोर दिया कि शिक्षित युवाओं की सक्रिय भागीदारी पारदर्शिता, ईमानदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ाएगी।

# बथुकम्मा और दशहरा के लिए चलेंगी 7,754 विशेष बसें



हैदराबाद, 18 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आगामी बथुकम्मा और दशहरा उत्सव को देखते हुए तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीजीएसआरटीसी) ने राज्यभर में 7,754 विशेष बसें चलाने की व्यवस्था की है। इनमें से 377 बसों में अग्रिम आरक्षण की सुविधा उपलब्ध होगी और ये सेवाएँ 20 सितंबर से 2 अक्टूबर तक संचालित रहेंगी। सद्दुला बथुकम्मा 30 सितंबर और दशहरा 2 अक्टूबर को होने के कारण 27 सितंबर से यात्रियों की भीड़ बढ़ने की उम्मीद है। इस दौरान अतिरिक्त बसें चलाई जाएँगी। वापसी यात्रा के लिए 5 और 6 अक्टूबर को भी मांग के आधार पर अतिरिक्त सेवाओं का प्रबंध किया जाएगा।

हैदराबाद के मुख्य बस स्टेशनों-एमजीबीएस, जेबीएस, सीबीएस के साथ-साथ केपीएचबी कॉलोनी, उप्पल 'एक्स' रोड, उप्पल बस स्टैंड, दिलसुखनगर, एलबी नगर, आरामघर, संतोष नगर और अन्य व्यस्त स्थानों से विशेष बसें चलेंगी। ये सेवाएँ हैदराबाद और सिकंदराबाद को राज्य के अन्य हिस्सों के साथ-साथ आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र से भी जोड़ेंगी। दशहरा विशेष सेवाओं के लिए राज्य सरकार ने सरकारी आदेश संख्या 16 के तहत खाली लौटने वाली बसों के न्यूनतम डीजल खर्च को कवर करने के लिए किराया संशोधन की अनुमति दी है। यह संशोधित किराया केवल 20 सितंबर, 27-30 सितंबर, 1 अक्टूबर और 5-6 अक्टूबर को लागू होगा। अन्य दिनों में नियमित बसें सामान्य किराए पर चलेंगी। टीजीएसआरटीसी के प्रबंध निदेशक वीसी सज्जनार ने बताया कि इस साल पिछले साल की तुलना में 617 अधिक विशेष बसें चलाई जा रही हैं। एलबी नगर, उप्पल, आरामघर, केपीएचबी और संतोष नगर जैसे व्यस्त बोर्डिंग पॉइंट्स पर यात्रियों के लिए बैठने की व्यवस्था, पेयजल और पब्लिक एड्रेस सिस्टम जैसी सुविधाओं के साथ विशेष कैंप लगाए जा रहे हैं। व्यस्त स्थानों पर पर्यवेक्षी अधिकारी तैनात किए जाएंगे और पुलिस, परिवहन और नगरपालिका अधिकारियों के समन्वय से यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित की जाएगी।

# स्थानीय निकाय चुनावों में मतदाता बीआरएस को सबक सिखाने के लिए तैयार : पोंगुलेटी

हैदराबाद, 18 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राजस्व एवं आवास मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना की जनता आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में बीआरएस पार्टी को एक और सबक सिखाने के लिए तैयार है। मंत्री ने गुरुवार को खम्मम जिले के एडुलापुरम नगर पालिका में कांग्रेस पार्टी के एक सदस्यता समारोह में भाग लिया।



अपने भाषण के दौरान, उन्होंने याद दिलाया कि कैसे जनता ने पहले विधानसभा और लोकसभा चुनावों में बीआरएस नेताओं को हराकर उन्हें सबक सिखाया था, और विश्वास व्यक्त किया कि वे आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में भी ऐसा ही करेंगे। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव की टिप्पणियों के जवाब में, पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने दावा किया कि "ट्विटर टिल्लू" अप्रासंगिक मुद्दों पर चर्चा कर रहा है, खासकर आगामी आम चुनावों के बारे में, जो अभी साढ़े तीन साल दूर हैं। उन्होंने केटीआर को चुनौती देते हुए कहा, आपकी पार्टी के विधायक स्वास्थ्य समस्याओं के कारण चल बसे।

15 दिनों के भीतर चुनावों की घोषणा कर दी जाएगी। मैं आपकी विशेषज्ञता या दूरदर्शिता पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। बस जुबली हिल्स उपचुनाव जीतिए और अपनी क्षमताएं प्रदर्शित कीजिए। मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी जुबली हिल्स उपचुनाव में बीआरएस पार्टी की हार होगी और भविष्यवाणी की कि अंततः यह पार्टी राज्य के राजनीतिक परिदृश्य से लुप्त हो जाएगी। उन्होंने व्यंग्यात्मक टिप्पणी करते हुए सवाल किया कि क्या केटीआर साढ़े तीन साल बाद भी भारत में रहेंगे या अपना सामान लेकर देश छोड़ देंगे। पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने ज़ोर देकर कहा कि संसदीय चुनावों में जीती गई सीटें, जो प्रतिबद्धता के साथ लड़ी गई थीं, स्थानीय निकाय चुनावों में भी जीती जाएंगी।

# केटीआर का कांग्रेस सरकार पर हमला, राहुल गांधी से पूछा बुलडोजर न्याय पर सवाल



हैदराबाद, 18 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामा राव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने सवाल किया कि क्या बुलडोजर न्याय सिर्फ़ गरीबों पर लागू होता है, जबकि मुख्यमंत्री के भाई और कांग्रेस मंत्रियों के अवैध निर्माणों पर कार्रवाई नहीं की जाती।

केटीआर ने कहा, 'मुख्यमंत्री के भाई और कैबिनेट मंत्रियों ने जलाशयों की एफटीएल जमीन पर अवैध मकान बनाए हैं, उन पर बुलडोजर कब चलेगा? क्या यह न्याय सिर्फ़ बेबस लोगों के लिए है? यही है आपकी मोहब्बत की दुकान?' उन्होंने पीरजादीगुड़ा में एक ऑटो चालक द्वारा अपना घर गिराए जाने के बाद आत्महत्या की कोशिश की घटना का हवाला भी दिया। एक्स पर लगातार पोस्ट करते हुए केटीआर ने कांग्रेस सरकार पर हाल की घटनाओं-एसएलबीसी सुरंग ढहने, सिगाची उद्योग दुर्घटना और हैदराबाद बाढ़-से निपटने में आपराधिक लापरवाही और अक्षमता का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चार दिन बीत जाने के बाद भी बाढ़ में बह गए तीन लोगों के शव नहीं मिल सके हैं, जो सरकार की नाकामी को दर्शाता है। उन्होंने इस शासन को अमानवीय बताते हुए कहा कि रेवंत रेड्डी सरकार गरीबों का शोषण कर रही है और ताकतवरों को फायदा पहुंचा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि हाइड्रा कर्मचारियों का वेतन घटाकर 5,000 रुपये और अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों के कर्मचारियों का वेतन घटाकर 10,000-15,000 रुपये कर दिया गया है, जबकि सौंदर्य प्रतियोगिताओं पर 200 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। केटीआर ने सवाल किया, 'क्या यह शासन है या सरासर विश्वासघात?' और आरोप लगाया कि कांग्रेस आलाकमान और उसके सहयोगियों के फायदे के लिए राज्य को कर्ज में डुबोया जा रहा है।

## कॉलोनी में जातिगत नामों के विवाद से पैदा हुई दरार

सिद्दीपेट, 18 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। गजवेल कस्बे की मुश्किल से 25 घरों वाली एक कॉलोनी में जातिगत आधार पर अलग-अलग नाम लगाने के कारण अब इसे छह अलग-अलग नामों से जाना जा रहा है। मुतराजपल्ली रोड के पास विकसित यह कॉलोनी पहले एकता के नाम से जानी जाती थी और कुछ साल पहले इसका नाम विनय नगर रखा गया। हालांकि, एक समुदाय ने कॉलोनी का नाम अपनी जाति के नाम पर बोर्ड लगाकर रखा, जिससे विवाद बढ़ गया। इसके बाद अन्य जातियों के लोगों ने भी अपने-अपने बोर्ड लगा दिए। आज कॉलोनी के प्रवेश द्वार पर छह बोर्ड लगे हैं। विनय नगर, रेड्डी एन्क्लेव, आर्य वैश्य एन्क्लेव, विश्वकर्मा एन्क्लेव, यादव एन्क्लेव और मुदिराज एन्क्लेव, जो कॉलोनी में विभाजन को दर्शाते हैं।

## एमएलसी श्रवण ने बोराबंडा मुस्लिम कब्रिस्तान मुद्दे के शीघ्र समाधान की मांग की



हैदराबाद, 18 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस एमएलसी दासोजू श्रवण ने स्थानीय निवासियों की गंभीर कठिनाइयों का हवाला देते हुए जुबली हिल्स निर्वाचन क्षेत्र के बोराबंडा में एक मुस्लिम कब्रिस्तान के लिए 2 एकड़ 16 गुंटा सरकारी भूमि तत्काल आवंटित करने की मांग की। मुस्लिम धार्मिक नेताओं के साथ, श्रवण ने हैदराबाद के अतिरिक्त कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया कि कब्रिस्तान केवल एक धार्मिक अधिकार नहीं, बल्कि एक बुनियादी मानवाधिकार है।

उन्होंने कब्रिस्तान की मांग कर रहे स्थानीय लोगों के खिलाफ दर्ज किए गए मामलों की निंदा की और सरकार से उन्हें वापस लेने का आग्रह किया। बीआरएस नेता ने याद दिलाया कि केसीआर के कार्यकाल के दौरान, तेलंगाना के विभिन्न हिस्सों में मुस्लिम कब्रिस्तानों के लिए 125 एकड़ भूमि आवंटित की गई थी, और वर्तमान कांग्रेस सरकार पर 'लापरवाही' बरतने का आरोप लगाया। उन्होंने जोर देकर कहा कि जुबली हिल्स उपचुनाव की आचार संहिता लागू होने से पहले बोराबंडा भूमि आवंटित की जानी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में बीआरएस अल्पसंख्यक अध्यक्ष मुजीबुद्दीन और बोराबंडा के कई मुस्लिम नेता मौजूद थे।



## दीपावली के बाद यूपी को मिलेगा सबसे बड़ा तोहफा
### केंद्रीय मंत्री ने किया ऐलान

गाजियाबाद, 18 सितंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू ने कहा है कि नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन 30 अक्टूबर को किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि उद्घाटन के 45 दिन बाद उड़ान संचालन शुरू होने की उम्मीद है। ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर क्षेत्र में स्थित है, जो दिल्ली से लगभग 75 किलोमीटर दूर है।
यानी 20 अक्टूबर को दीपावली के बाद 30 अक्टूबर को यूपी को बड़ा तोहफा मिलने वाला है। गाजियाबाद स्थित हिंडन हवाई अड्डे पर एक कार्यक्रम के दौरान कहा दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाद यह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) का दूसरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा होगा। हम उद्घाटन को और जल्दी करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि हम इसे बहुत जल्द होते देख सकें। अभी, हमने जो तारीख तय की है वह 30 अक्टूबर है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उद्घाटन के 45 दिनों के भीतर हवाई सेवाएं शुरू हो सकती हैं।

## पुलिस मुठभेड़ में तस्कर को लगी गोली, छह पशु बरामद

बस्ती, 18 सितंबर (एजेंसियां)। हर्रैया क्षेत्र के बड़हर कला गांव के सामने हाईवे पर देर रात बजे पुलिस और गो-तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। फायरिंग में एक तस्कर को गोली लगी है। छह पशु बरामद किए गए हैं, जिन्हें गो-सेवा सदन के सिपुर्द किया गया है। पिकअप से पशु लादकर तस्कर बस्ती की ओर आ रहे थे।
इसी दौरान स्वाट टीम प्रभारी संतोष कुमार और परसरामपुर के थानाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह की पुलिस टीम ने घेराबंदी कर लिया। पुलिस टीम को देखते ही तस्कर की तरफ से गोली चला दी गई। जवाबी फायरिंग में रामपुर के बदमाश बदमाश सुभान अली उर्फ तब्बू के पैर में गोली लगी है। पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने कहा कि बदमाश के पास से छह गो-वंश और एक देसी तमंचा बरामद किया गया है। बदमाश रामपुर जिले का रहने वाला है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। उसके अन्य साथियों की भी तलाश की जा रही है।

## 5 रुपये कम मिलने से भड़के युवक ने बुजुर्ग की ले ली जान

जहानाबाद, 18 सितंबर (एजेंसियां)। बिहार के जहानाबाद से हत्या का एक सनसनीखेज और हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां मात्र पांच रुपये की खातिर बुजुर्ग को मौत के घाट उतार दिया गया। मामला जिले के कोको थाना इलाके का है। मृतक बुजुर्ग की पहचान मौसिन आलम के रूप में हुई है। उनकी उम्र 70 साल थी। वो किसानी किया करते थे। इस हत्याकांड के बाद से इलाके के लोगों में आक्रोश है।
इतना ही नहीं आक्रोशित लोगों ने नेशनल हाईवे जाम कर दिया। पुलिस के काफी देर समझाने के बाद लोग माने और जाम हट सका। बुजुर्ग की हत्या का आरोप सब्जी बाजार के एजेंट पर लगा है। एजेंट का नाम विक्की पटेल है। कहा जा रहा है कि विक्की ने बुजुर्ग मौसिन की हत्या की है।

## महिला कॉन्स्टेबल ने पीला गमछा पहने सुभासपा कार्यकर्ता को पीटा

गाजीपुर, 18 सितंबर (एजेंसियां)। गाजीपुर में सुभासपा कार्यकर्ता को एक महिला कॉन्स्टेबल ने एसपी ऑफिस में ही पीट दिया। सुभासपा कार्यकर्ता ज्ञापन देने आए थे। तभी एक कार्यकर्ता का एसपी ऑफिस में तैनात महिला कॉन्स्टेबल से बैड टच हो गया। इससे भड़की कॉन्स्टेबल ने जिलाध्यक्ष के सामने ही कार्यकर्ता पर थप्पड़ बरसा दिए। कॉन्स्टेबल ने 4 सेकेंड में 4 थप्पड़ मारे। साथ ही उसे धक्के मारते हुए ऑफिस से बाहर कर दिया।
हंगामा बढ़ता देख पार्टी के नेताओं ने बीच-बचाव किया। इस पूरी घटना का 38 सेकेंड का वीडियो भी सामने आया है। एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने महाराजा सुहेलदेव पर विवादित बयान दिया था। इसके खिलाफ गाजीपुर में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के नेताओं ने गाजीपुर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने शौकत अली का पुतला फूंका। साथ ही शौकत पर राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

## शादी के 9 महीने बाद पत्नी की हत्या

लखनऊ, 18 सितंबर (एजेंसियां)। लखनऊ में एक युवक ने शादी के 9 महीने बाद बांके से पत्नी की हत्या कर दी। पत्नी 8 महीने की गर्भवती थी। उसने अपनी मां पर भी बांके से हमला कर दिया। यह देख युवक की बहन चांदनी चीखते हुए घर के बाहर भाग भागी।
शोर सुनकर आसपास के लोग घर की तरफ दौड़ पड़े। लोगों ने उसे पकड़ने की कोशिश की तो वह बांका लहराते हुए सब पर हमला करने के लिए ललकारने लगा। किसी तरह एक व्यक्ति ने उसे पीछे से पकड़ा। बिना देर किए लोगों ने उसे दबोच लिया और खंभे से बांधकर कंट्रोल लिया। फिर पुलिस बुलाकर उसे सौंप दिया।

## मेडिकल कॉलेज के ओटी ब्लॉक में घुसा सांप

झांसी, 18 सितंबर (एजेंसियां)। झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के ओटी ब्लॉक में 7 फीट लंबा सांप घुस गया। एक कर्मचारी सफाई करने पहुंचा तो सांप को देखकर घबरा गया। वो चिल्लाते हुए बाहर भागा। इसके बाद अफरा-तफरी का माहौल हो गया और भीड़ लग गई। मगर सांप का नाम सुनकर किसी ने रूम के अंदर जाने की जहमत नहीं उठाई। इसके बाद एक सपेरे को बुलाया गया। 45 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद सपेरे ने सांप को पकड़ लिया।
सपेरे ने बताया कि ये सांप घोड़ा पछाड़ है। जिसे धामन या रैट स्नैक भी कहते हैं। ये जहरीला नहीं होता। मगर इसे तेज रफ्तार के लिए जाना जाता है। सूचना पर वन विभाग की टीम भी पहुंच गई और सांप को कब्जे में लेकर जंगल में छोड़ दिया।

# बेरोजगार युवाओं को सीएम नीतीश कुमार का तोहफा
## हर महीने इतने रुपए देने का किया ऐलान



पटना, 18 सितंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को बेरोजगार युवाओं के लिए बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपने सात निश्चय कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना का विस्तार किया है।
अब इस योजना का लाभ न केवल इंटर पास युवाओं को, बल्कि कला, विज्ञान और वाणिज्य में स्नातक उत्तीर्ण बेरोजगार युवक-युवतियों को भी मिलेगा। मुख्यमंत्री के इस ऐलान से 20-25 आयु वर्ग के वे स्नातक, जो कहीं अध्ययनरत नहीं हैं, नौकरी या स्वरोजगार में नहीं हैं और सरकारी या निजी क्षेत्र में नियोजित नहीं हैं, उन्हें 1000 रुपये प्रतिमाह की दर से अधिकतम दो वर्ष तक यह भत्ता प्रदान किया जाएगा।
मुख्यमंत्री ने कहा कि इस भत्ते का उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना है, जिससे वे अपने भविष्य को सुरक्षित कर सकें।
सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार सरकार ने युवाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। नवंबर 2005 में नई सरकार के गठन के बाद से ही युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार के अवसर प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता रही है। इसी कड़ी में, अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य इस पहल से युवाओं को न केवल आत्मनिर्भर बनाने की है, बल्कि राज्य और देश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दें। इसके साथ ही सरकार सरकारी और निजी क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।
युवाओं को रोजगारोन्मुखी बनाने के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम भी तेजी से चलाए जा रहे हैं।

# क्या तेजस्वी यादव की जगह ले रहे उनके सलाहकार संजय यादव के विरोध में आई रोहिणी आचार्य

पटना, 18 सितंबर (एजेंसियां)। तेजस्वी यादव के सलाहकार और आरजेडी के रणनीतिकार माने जाने वाले संजय यादव के विरोध के सुर परिवार में मजबूत होते दिख रहे हैं। मीसा भारती और तेज प्रताप यादव पहले से इनके खिलाफ थे। अब रोहिणी आचार्य भी इस पंक्ति में खड़ी हो गई हैं। दरअसल, तेजस्वी यादव इन दिनों बिहार अधिकार यात्रा पर निकले हैं। इस यात्रा के लिए एक विशेष रथ(बस) तैयार किया गया है।
जिसमें तेजस्वी के लिए आगे एक खास सीट तैयार की गई है। कल इस सीट पर संजय यादव बैठकर घूमते नजर आए। रोहिणी आचार्य ने इसी के विरोध में लिखी गई एक फेसबुक पोस्ट को शेयर कर दिया है। रोहिणी ने गुरुवार को सुबह-सुबह सोशल



मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। जिसमें रथ पर आगे की सीट पर संजय यादव बैठे नजर आ रहे हैं। पोस्ट में रख की आगे की सीट को तेजस्वी यादव का बताते हुए संजय के यहां बैठने पर आपत्ति जताई गई है। रोहिणी ने इस पोस्ट को बगैर किसी टिप्पणी के शेयर किया है। ऐसे में माना जा रहा है कि रोहिणी इस पोस्ट से पूरी तरह सहमत हैं। बता दें कि तेज प्रताप यादव अक्सर पार्टी और परिवार में 'जयचंदों' के होने की बात करते हैं। जानकारों के अनुसार उनका निशाना संजय यादव पर ही होता है। फेसबुक पर पटना के आलोक कुमार ने लिखा कि 'फ्रंट सीट सदैव शीर्ष के नेता – नेतृत्वकर्त्ता के लिए चिन्हित होती है और उनकी अनुपस्थिति में भी किसी को उस सीट पर नहीं बैठना चाहिए ।। वैसे अगर "कोई" अपने आप को शीर्ष नेतृत्व से भी ऊपर समझ रहा है, तो अलग बात है !
! वैसे पूरे बिहार के साथ – साथ हम तमाम लोग इस सीट (फ्रंट सीट) पर लालू जी और तेजस्वी यादव को बैठे / बैठते देखने के अभ्यस्त हैं , "उनकी जगह पर कोई और बैठे" ये हमें तो कतई मंजूर नहीं है

# रामभद्राचार्य पर नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद का विवादित बयान
## कहा- जिसकी आंखें नहीं, उनके कितने पाप होंगे

नगीना, 18 सितंबर (एजेंसियां)। जगद्गुरु रामभद्राचार्य के मिनी पाकिस्तान वाले बयान पर छिड़े विवाद में आजाद समाज पार्टी के मुखिया और नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद की भी एंट्री हो गई है। आसपा सांसद ने उनका नाम लिए बिना तीखा हमला किया और कहा कि एक ऐसे संत है जिनकी आंखें नहीं है, सोचिए उनके कितने पाप होंगे? नगीना सांसद बरेली में प्रबुद्धजन सम्मेलन में शामिल हुए, जहां उन्होंने मेरठ में हुई रामकथा के दौरान पश्चिमी यूपी के मिनी पाकिस्तान कहे जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने जगद्गुरु रामभद्राचार्य का नाम लिए बना कहा कि संत की ना तो जाति होती है और ना धर्म, संत सब धर्म का होता है। चंद्रशेखर ने कहा कि मेरठ का संबंध 1857 की क्रांति से है।
ऐसे में उसे गलत तरीके से संबोधित करना गलत है। रामभद्राचार्य पर व्यंग्य करते हुए कहा कि सुना है उन्हें (रामभद्राचार्य) बचपन से दिखाई भी नहीं देता। हमने तो यह भी सुना है कि इंसान को अपने पूर्व जन्मों के कर्मों का फल मिलता है तो उन्होंने अपने पिछले जन्म में कितने बुरे काम किए होंगे कि कुदरत ने उन्हें आंखें नहीं दीं। एक ऐसे संत हैं जिनका आंखें नहीं हैं सोच लीजिए उनके कितने पाप होंगे और लोग ऐसे अपराधी से ज्ञान ले रहे हैं। सनातन के हिसा से कोई व्यक्ति इतनी बड़ी सजा कैसा पाता होगा कि उसे आंखें ही न दी जाएं? ये सोचने वाली बात है। मेरठ की धरती किसानों और 1857 के विद्रोह की धरती है।

# घाटे में चल रही कंपनी से 14 करोड़ का चंदा कैसे मिला
## संजय जायसवाल ने अब प्रशांत किशोर को घेरा

पटना, 18 सितंबर (एजेंसियां)। बिहार की राजनीति में इन दिनों बीजेपी सांसद संजय जायसवाल और प्रशांत किशोर आमने-सामने आ गए हैं। सोशल मीडिया पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने प्रशांत किशोर पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कई सवाल खड़े किए और व्यंग्य के लहजे में किशोर पर गंभीर आरोप लगाए। इससे पहले जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने जायसवाल पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। इसके बाद से ही जायसवाल पीके पर हमलावर हैं।
संजय जायसवाल ने 18 सितंबर को फेसबुक पोस्ट के जरिए कहा, "प्रशांत किशोर, तुम्हारे पास अगर बिहार के युवाओं को करोड़पति बनाने का नीम-हकीम नुस्खा है, तो फिर यह नुस्खा बिहार के युवाओं को क्यों नहीं देते? बिहार के युवाओं के लिए असली बदलाव यात्रा यही होगी।" उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सुना



है किशोर ने छात्र जीवन में मुख्य परीक्षा से नहीं, बल्कि सप्लीमेंट्री से पास किया था। उन्होंने कहा, "मेरे मुख्य परीक्षा के सवालों का जवाब तो तुमने आज तक नहीं दिया, इसलिए अब कुछ सप्लीमेंट्री सवाल ही पूछ रहा हूं।" जायसवाल ने आरोप लगाया कि प्रशांत किशोर की 'जॉय ऑफ गिविंग ग्लोबल फाउंडेशन' को घाटे में चल रही कंपनियों से करोड़ों रुपये का चंदा मिलता है। उन्होंने सवाल पूछा, "रामसेतु इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी जो 19 करोड़ के घाटे में है, वो तुम्हें 14 करोड़ रुपए दान कैसे कर देती है? स्क्वायर स्पेस कंपनी जिसकी कुल हैसियत 10 करोड़ है, घाटा भी 10 करोड़ का होता है और तुम्हें दान भी 10 करोड़ ही कर देती है। आखिर ये कैसे संभव है? उन्होंने फिल्म 'सौदागर' का जिक्र करते हुए कहा, "हमारे जमाने में एक गाना था, 'ये इलू इलू क्या है ये इलू इलू'। तुम्हें बताना चाहिए कि घाटे में चल रही कंपनियों का तुम्हारे साथ ये 'इलू इलू' क्या है?" जायसवाल ने व्यंग्य करते हुए कहा, "बिहार अब तक लालू यादव जी की जमीन दान लेने की क्षमता के बारे में जानता था, लेकिन मुझे लगता है कि तुम घोटालों के मामले में लालू जी से भी बड़ी दान लेने वाली हस्ती हो।"

## सपा नेता आजम खां को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत
### क्वालिटी बार पर कब्जा मामले में जमानत मंजूर



प्रयागराज, 18 सितंबर (एजेंसियां)। रामपुर के चर्चित क्वालिटी बार पर कब्जे के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जेल में बंद सपा नेता व पूर्व मंत्री आजम खां की जमानत मंजूर कर ली है। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस समीर जैन की सिंगल बेंच ने फैसला सुनाया। जमानत अर्जी पर वरिष्ठ अधिवक्ता इमरान उल्ला और मोहम्मद खालिद ने बहस की थी। रामपुर के चर्चित क्वालिटी बार पर कब्जे के मामले में आजम खान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। 21 अगस्त को हाईकोर्ट ने सभी पक्षों की बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। 21 नवंबर 2019 को क्वालिटी बार के मालिक गगन अरोड़ा की शिकायत पर तत्कालीन राजस्व निरीक्षक ने एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस ने जफर अली जाफरी, आजम खान, उनकी पत्नी तंजीन फातिमा व बेटे अब्दुल्ला आजम को नामजद किया था।
आजम खां के वकील और इलाहाबाद हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता इमरान उल्लाह ने बताया कि इस मुकदमे में जमानत मिलने के बाद पूर्व मंत्री आजम खां के जेल से बाहर आने की संभावना बढ़ गई है। कहा कि आजम को को लगभग सभी मुकदमों में राहत मिल चुकी है। संभावना है कि वह शीघ्र जेल से रिहा हो सकते हैं।

# सिर्फ अपील नहीं, ठोस निर्यात नीति से सफल होगा स्वदेशी अभियान : जिया उर रहमान बर्क


संभल, 18 सितंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में देशवासियों से स्वदेशी सामान खरीदने की अपील की थी। प्रधानमंत्री की इस अपील का समाजवादी पार्टी के सांसद जिया उर रहमान बर्क ने समर्थन किया है। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल भी उठाए हैं।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपील करते हुए कहा था कि हर दुकान पर गर्व से कहो यह स्वदेशी है का बोर्ड लगा होना चाहिए जिससे अपने लोगों को इसका लाभ मिल सके।
जिया उर रहमान बर्क ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, हम चाहते हैं कि भारत में बना सामान न सिर्फ देश में बिके, बल्कि विदेशों में भी इसकी



मांग बढ़े, लेकिन असलियत इसके बिलकुल उलट है। उन्होंने बताया कि निर्यात लगातार घट रहा है, जिससे कई उद्योग मुश्किल में हैं। इसके चलते व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सांसद ने कहा कि अमेरिका ने टैरिफ बढ़ा दिए हैं, जिसकी वजह से मुरादाबाद और संभल जैसे शहरों में एक्सपोर्ट करने वाली कंपनियां संकट में हैं। इन जगहों पर कई बड़ी कंपनियां, जो सैकड़ों मजदूरों को काम देती थीं, अब या तो मजदूरों की छंटनी कर रही हैं या बंद होने की कगार पर हैं। समाजवादी पार्टी के सांसद ने कहा कि वे प्रधानमंत्री की बात से पूरी तरह सहमत हैं और उन्हें भी देश से बहुत प्यार है, लेकिन सिर्फ अपील करने से कुछ नहीं होगा।
इसके लिए सरकार को ठोस नीतियां बनानी होंगी ताकि स्वदेशी सामान को वैश्विक बाजार में पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार सही निर्यात नीति नहीं बनाएगी, तब तक स्वदेशी अभियान पूरी तरह सफल नहीं हो पाएगा।

# दशहरे पर राजा भैया दिखाएंगे अपने शस्त्रागार के हथियार



गोंडा, 18 सितंबर (एजेंसियां)। बाहुबली विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के पास हथियारों का जखीरा है। यह शिकायत उनकी पत्नी भानवी सिंह ने पीएमओ से की है। इस पर राजा भैया के सबसे करीबी एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपाल जी ने कहा कि उनकी पत्नी 10 साल से अलग रह रही हैं। ऐसे में उन्हें हथियारों की फोटो कहां से मिल गई? पहले तो उनकी ही जांच होनी चाहिए। उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। राजा भैया के पास लाइसेंसी हथियार हैं। जिनको भी ये हथियार देखना हो, वो दशहरे वाले दिन हमारे शस्त्रागार में आकर देख सकता है।
सारे हथियारों को एक साथ रखकर पूजा की जाती है। उन्होंने ये भी कहा कि राजा भैया के नौकरों के पास भी लाइसेंसी हथियार हैं। दरअसल, भानवी सिंह का आरोप है कि उनके पति के पास मास डिस्ट्रक्शन वाले हथियारों का बड़ा जखीरा है। यह जन सुरक्षा और आंतरिक शांति के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। कितने खतरनाक होते है ये हथियार? इन हथियारों से किन पर हमला हो चुका है ? शस्त्र अधिनियम और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े कौन से प्रावधान लागू होंगे?

### सबसे पहले जानिए क्या है दोनों के बीच ताजा विवाद?

भानवी सिंह ने 3 जून, 2025 को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में जाकर अपने पति रघुराज प्रताप सिंह के खिलाफ गंभीर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने एक पत्र भी सौंपा। जिसमें कहा गया कि राजा भैया आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं। उनके पास अवैध और खतरनाक हथियारों का भंडार है। यह कानून-व्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। इन हथियारों में नाटो ग्रेड की जिगाना पिस्टल, ऑटोमैटिक असॉल्ट राइफल्स और कई अन्य जानलेवा हथियार शामिल शामिल हैं। भानवी ने यह भी आरोप लगाया कि उनके पति ने उनके लाइसेंसी हथियार जबरन छीन लिए हैं। उन्हें लगातार जान से मारने की धमकियां मिलती रहती हैं। एक घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने लिखा कि राजा भैया ने एक बार कमरे में गोली चलाई थी, जिसमें उनकी छोटी बेटी बाल-बाल बच गई। भानवी सिंह का दावा है कि यह मामला सिर्फ एक परिवार के बीच विवाद का नहीं, बल्कि देश की आंतरिक सुरक्षा से जुड़ा है। राजा भैया और उनकी पत्नी के बीच विवाद काफी पहले से चल रहा है। भानवी सिंह राजा भैया के ऊपर अवैध संबंधों से लेकर मारपीट करने तक के कई सनसनीखेज आरोप लगा चुकी हैं। हालांकि, राजा भैया के सबसे करीबी माने जाने वाले गोपाल जी ने साफ कहा कि भानवी सिंह का मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। 10 साल से वो अलग रह रही हैं।
ऐसे आरोप लगाकर अपने ही घर में आग लगा रही हैं। अपने बच्चों का भविष्य खराब कर रही हैं। राजा भैया के माता-पिता और बच्चों सभी के पास लाइसेंस है। वो क्यों अवैध हथियार रखेंगे? राजा भैया का एक भी ऐसा नौकर नहीं है, जिसके पास लाइसेंस और असलहा ना हो। दशहरे पर हम इनकी पूजा करते हैं। सारे लीगल शस्त्र हैं। राजा भैया को अवैध हथियार रखने की जरूरत ही नहीं है। जो आरोप लगा रहा है, जिस बेस पर लगा रहा, पहले उसकी खुद जांच होनी चाहिए। हालांकि, उनके पास खुद ही लाइसेंसी हथियार है।

## आंखों के सामने गला दबोच बेटी को उठा ले गया बाघ

सीतापुर, 18 सितंबर (एजेंसियां)। यूपी के सीतापुर में बृहस्पतिवार को बाघ एक युवती को उठा ले गया। मां पास में खड़ी देती रही। उसने हर संभव बचाने का उपाय किया, लेकिन, असफल रही। शोर सुनकर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम तलाश में जुटी है। घटना मछरेहटा थाना क्षेत्र के राठौरपुर गांव की है। गांव निवासी कामिनी (18) अपनी मां प्रेमा के साथ सुबह करीब 6 बजे नित्यक्रिया के लिए गई थी।
प्रेमा ने बताया कि जैसे ही वह खेतों की ओर पहुंची, वहां बाघ आ गया। वहां से भाग पाती, इससे पहले बाघ ने कामिनी को गर्दन से दबोच लिया। उन्होंने छुड़वाने का प्रयास किया लेकिन, बाघ बेटी को उठा ले गया। चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आसपास जंगल और खेतों में काफी तलाश किया, लेकिन कामिनी नहीं मिली। एक जगह उसकी चप्पलें पड़ी मिली हैं।

## महिला ने परिवार के 3 लोगों को जहर दिया, पति और ससुर की मौत

रोहतास, 18 सितंबर (एजेंसियां)। रोहतास के अगरेर में एक महिला पर आरोप है कि उसने अपने पति, ससुर और देवर को खाने में जहर मिलाकर दे दिया। इससे पति और ससुर की मौत हो गई जबकि विषाक्त भोजन से देवर की हालत गंभीर है। मृतकों की पहचान आरोपी महिला के पति विशाल चौधरी और ससुर बेचन चौधरी के रूप में हुई है। देवर विकास कुमार का इलाज चल रहा है। घटना के बाद महिला को पुलिस ने हिरासत में लिया है।
यह बात सामने आ रही है कि महिला ने पारिवारिक कलह के कारण ऐसा किया होगा। बताया जाता है कि वह काफी दिनों से डिप्रेशन में थी। मारपीट और लड़ाई-झगड़े से तंग आकर उसने पति, ससुर और देवर को खाने में जहर मिलाकर दे दिया। बेचन चौधरी मूल रूप से बक्सर के गंगौरा रामपुर के रहने वाले थे। वे अपने दो बेटों और बहू के साथ अगरेर में किराए के मकान में रहते थे। राजमिस्त्री का काम करते थे। घटना की सूचना मिलते ही अगरेर थाने की पुलिस पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। महिला से पुलिस पूछताछ कर रही है, लेकिन उसने कुछ भी साफ नहीं बताया है।

## प्रयागराज के शिवकुटी में भीषण हादसा
### तेज रफ्तार बाइक खंभे से टकराई, चार दोस्तों की मौत

प्रयागराज, 18 सितंबर (एजेंसियां)। शहर के शिवकुटी इलाके में मजार तिराहे के पास देर रात बड़ा हादसा हो गया। कटरा रामलीला की प्रसिद्ध रावण शोभायात्रा देखकर एक ही बाइक से लौट रहे, चार दोस्तों की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा करीब एक बजे रात केंद्रीय विद्यालय तेलियरगंज के पास हुआ। तेज रफ्तार बाइक खंभे से टकरा गई। सड़क पर गिरने के बाद किसी वाहन ने उन्हें रौंद दिया। तीन दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घटना के बाद हड़कंप मच गया। पुलिस मौके पर पहुंच गई।
शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के बाद रोते बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंच गए। लोगों ने उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां आशुतोष, आदर्श और शनि को मृत घोषित कर दिया गया। उपचार के दौरान कार्तिकेय की भी मौत हो गई।

## महिला के पेट से निकला 20 किलो का ट्यूमर

लखनऊ, 18 सितंबर (एजेंसियां)। बलरामपुर अस्पताल के डाक्टरों ने एक मरीज को जीवनदान दिया है। महिला के पेट में 20 किलोग्राम का भारी-भरकम ट्यूमर था, जिसकी वजह से खाने की नली और आंत पर दबाव बन रहा था। करीब ढाई घंटे तक चली जटिल सर्जरी के बाद महिला अब स्वस्थ है। अगले तीन-चार दिन में अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी। डॉक्टरों का दावा है कि बलरामपुर अस्पताल में पहली बार इतना बड़ा ट्यूमर सफलतापूर्वक निकाला गया है। निदेशक डॉ. कविता आर्या, सीएमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी एवं एमएस डॉ. देवाशीष शुक्ला ने सर्जरी करने वाली टीम को बधाई दी है।
अस्पताल के जनरल सर्जन डॉ. एसके सक्सेना के मुताबिक, अयोध्या निवासी रामधीरज की पत्नी शैलेश कुमारी (45) को कई दिनों से पेट में सूजन, दर्द, भूख न लगना और उल्टी की शिकायत थी। पिछले एक सप्ताह से पेट फूल गया था और कुछ ठीक से खा नहीं पा रही थीं। स्थानीय स्तर पर दिखाने के बाद कोई राहत नहीं मिली तो परिवारजन 10 सितंबर को बलरामपुर अस्पताल की जनरल सर्जरी की ओपीडी में पहुंचे। मरीज को देखने के बाद जांच कराई तो रिपोर्ट में बड़े आकार का ट्यूमर की पुष्टि हुई।

# भोपाल गैस त्रासदी: 40 साल से पेंडिंग क्रिमिनल केस

## हाई कोर्ट ने जताई नाराजगी, ट्रायल कोर्ट से मांगी प्रोग्रेस रिपोर्ट



जबलपुर, 18 सितंबर (एजेंसियां)। भोपाल गैस त्रासदी को हुए 40 साल हो गए हैं। लेकिन इससे जुड़े क्रिमिनल केस में अब तक पूरे नहीं हो पाए हैं। इसमें अब भी देरी हो रही है। इस पर हाई कोर्ट ने सख्त नाराजगी जताई है। हाई कोर्ट ने साफ निर्देश दिया है इन मामलों को प्राथमिकता से सुना जाए। साथ ही लोअर कोर्ट हर महीने की प्रोग्रेस रिपोर्ट हाई कोर्ट के प्रिंसिपल रजिस्ट्रार को भेजें। इसे मुख्य न्यायधीश के सामने पेश किया जाएगा। दरअसल, गैस त्रासदी मामले में लंबे समय से सुनवाई चल रही है। मामले में याचिका लगाने वाले वकील राजेश चंद ने चौंकाने वाली जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 7 जून 2010 के दिन भोपाल की सीजेएम (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट) ने कई आरोपियों को सजा भी सुनाई गई थी।

आरोपियों ने इस फैसले के खिलाफ भोपाल जिला न्यायालय में अपील दायर की थी। इसकी सुनवाई पिछले 15 साल से लंबित है। इस केस में सजा पाने वाले कई का निधन हो चुका है। सीजेएम के फैसले के खिलाफ जिला कोर्ट में चल रही सुनवाई में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई। अक्टूबर, 2023 से कई आरोपी जिला अदालत में पेश हो रहे हैं। लेकिन अब तक इनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल नहीं हुई है। न ही कोई ट्रायल शुरू हो पाया है। हाईकोर्ट जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने इस देरी पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि इतने गंभीर मामले को 40 साल तक न्यायिक प्रक्रिया में लटकाए रखना स्वीकार्य नहीं है। हाई कोर्ट ने भोपाल ट्रायल कोर्ट को निर्देशित किया है कि लंबित मामलों तो तत्काल सुना जाए। साथ ही निचली अदालतें हर महीने की मासिक प्रोग्रेस हाई कोर्ट के प्रिंसिपल रजिस्ट्रार के समक्ष प्रस्तुत करें। 1984 गैस त्रासदी केस के साथ ही 1992 में डाउ कैमिकल पर केस लगाया गया था।

1992 में लगाई याचिका में डाउ कैमिकल को इस त्रासदी का जिम्मेदार बताने की मांग की गई थी। लेकिन मामला 33 सालों से ट्रायल कोर्ट में है। इस पर भी हाई कोर्ट ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अब और देरी नहीं की जाएगी। साथ ही शासन से इस पर जवाब मांगा।

## ससुर की मौत पर सबसे ज्यादा रो रही थी बहू, शक हुआ तो खुल गई खौफनाक कहानी

यमुनानगर, 18 सितंबर (एजेंसियां)। रिश्तों को ये क्या हो रहा है? कहीं पत्नी पति की जान ले रही है तो कहीं मां बच्चे की हत्या कर रही है। ताजा मामला हरियाणा के यमुनानगर का है। यहां पर एक बहू ने अपने पिता जैसे ससुर को प्रेमी के हाथों मरवा दिया, ये बात पुलिस की जांच में सामने आई है। हत्या के पांच दिन बाद पुलिस ने इस मर्डर केस को सॉल्व किया तो सभी ने दांतों तले उंगलियां दबा लीं। किसी ने सोचा नहीं था कि ससुर की कातिल उसकी ही बहू निकलेगी। यमुनानगर के कस्बा रादौर में पांच दिन पहले ओमप्रकाश नाम के एक शख्स की हत्या कर दी गई थी।

उनका खून से शो खून से लथपथ शव बाडे में पड़ा मिला था। ससुर की हत्या के बाद आरोपी बहू ही चीख-चीख कर इंसाफ की गुहार लगा रही थी। परिवार ने कहा था कि जब तक हत्यारे नहीं पकड़ा जाता तब तक वह शव को नहीं लेंगे। क्यों कि 25 दिन में उनके परिवार में यह दूसरी हत्या है। पुलिस की जांच में चौंकने वाला सच सामने आया।

# राहुल गांधी के 'वोट चोरी' के आरोपों पर सुप्रिया सुले की दो टूक,इसकी जांच होनी चाहिए



मुंबई, 18 सितंबर (एजेंसियां)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार (18 सितंबर) को एक बार फिर 'वोट चोरी' का आरोप लगाया। इस पर शरद पवार गुट की सांसद सुप्रिया सुले ने प्रतिक्रिया दी। मुंबई में जब मीडिया ने उनसे राहुल गांधी के आरोपों पर सवाल किया तो सुले ने कहा कि इसकी जांच होनी चाहिए। ये दुख की बात है कि बाबा साहेब ने जो संविधान दिया था और जो अधिकार चुनाव आयोग को दिए थे, वो कहां गए। वोट चोरी का जो आरोप सब जगह से हो रहा है, डेटा में दिख रहा है, अगर डेटा कह रहा है कि हुआ है तो हुआ है। ये कोई झूठे आरोप नहीं हैं। सुप्रिया सुले ने आगे कहा, मैं तो कह रही हूं कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र से ही आप शुरू करिए। हम जीते हैं लेकिन हमारे से ही जांच शुरू करो। क्योंकि इस देश में कॉपी करके हमें पास नहीं होना है। हमको मेरिट से पढ़ाई करके मेहनत से पास होना है। हम कॉपी करने वाले नहीं हैं। मैं तो कह रही हूं कि हम सबकी जांच करें। हम विपक्ष में हैं तो क्या हुआ। ऐसा नहीं है कि जब हारेंगे तभी कहेंगे कि जांच करो।

सत्ता पक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, हमारे पास आईसीई (इनकम टैक्स, सीबीआई और ईडी) नहीं है। सबको पता है कि आईसीई का कितना बड़ा प्रॉब्लम देश में है। अभी थोड़ा सा स्लो हुआ है। लेकिन पहले तो बहुत अग्रेसिव तरीके से चल रहा था। वॉशिंग मशीन उनके पास है, हमारे पास तो नहीं है। हम थोड़े सिद्धांत वाले लोग हैं। हमारे यहां वॉशिंग मशीन नहीं है। अगर किसी ने देश के लिए कुछ गलत किया होगा तो हम उनको माफ नहीं करेंगे। सत्ता गई तो भी बेहतर लेकिन देश से गद्दारी नहीं करेंगे। दरअसल, सत्ता पक्ष ये आरोप लगाती रहती है कि जब विपक्ष जीतता है तो उन्हें कोई दिक्कत नहीं होती और जहां हार जाते हैं, तब चुनाव आयोग पर सवाल खड़े करने लगते हैं।

सुप्रिया सुले ने इन्हीं आरोपों पर पलटवार करते हुए फिर कहा कि नंबर झूठ नहीं बोलते। चुनाव आयोग ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर 'वोट चोरों' की रक्षा करने के कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों को गलत और निराधार बताया। निर्वाचन आयोग ने जोर देकर कहा कि संबंधित व्यक्ति का पक्ष सुने बिना कोई भी नाम हटाया नहीं जा सकता। चुनाव आयोग ने कहा, ''राहुल गांधी द्वारा लगाए गए आरोप गलत और निराधार हैं।

# नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी रिहा

मुंबई, 18 सितंबर (एजेंसियां)। ठाणे की एक अदालत ने साल 2021 में एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ के आरोपी व्यक्ति को बरी कर दिया। दरअसल अभियोजन पक्ष इस मामले में अदालत में ठोस सबूत पेश नहीं कर पाया। अभियोजन पक्ष न तो अदालत में पीड़िता की सही उम्र साबित कर सका और न ही कोई गवाह पेश कर सका। ऐसे में सबूतों के अभाव में अदालत ने आरोपी को रिहा करने का आदेश दिया। विशेष न्यायाधीश रूबी यू मालवणकर ने 12 सितंबर को दिए अपने आदेश में आकाश संतोष कोल्हे (32) को भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (छेड़छाड़) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के प्रावधानों के तहत अपराधों का दोषी नहीं पाया। आदेश की प्रति बुधवार को मिली। यह मामला 17 दिसंबर, 2021 को दर्ज किया गया था। एफआईआर के अनुसार, उस समय 17 वर्षीय पीड़िता अपनी छोटी बहन के साथ शौच के लिए बस स्टॉप के पास एक खुली जगह पर गई थी। छोटी बहन बाद में अकेली घर लौटी और उसने अपनी मां को बताया कि आरोपी ने पीड़िता के साथ छेड़छाड़ की। परिवार ने बाद में पुलिस से संपर्क किया और प्राथमिकी दर्ज की गई। न्यायाधीश मालवणकर ने अभियोजन पक्ष के मामले में कई बड़ी खामियां बताईं। अदालत ने पाया कि अभियोजन पक्ष पीड़िता की उम्र का कोई विश्वसनीय प्रमाण नहीं दे पाया। अभियोजन पक्ष ने पीड़िता की जन्मतिथि 1 सितंबर 2005 बताई थी, लेकिन इसे साबित करने के लिए कोई प्रमाण पत्र पेश नहीं किया गया। न्यायाधीश ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने कोई स्वतंत्र गवाह भी पेश नहीं किया। जो घटना की पुष्टि कर पाए। अदालत ने पीड़िता की गवाही और प्राथमिकी के बीच की गड़बड़ी का भी जिक्र किया। पीड़िता ने अदालत में कहा कि घटना एक बंद सार्वजनिक शौचालय में हुई थी, लेकिन एफआईआर में बताया गया था कि झाड़ियों वाली एक खुली जगह पर छेड़छाड़ की गई।

# धौला कुआं के एसएचओ को कोर्ट ने जारी किया नोटिस

## कहा- मामले का सीसीटीवी फुटेज रखें सुरक्षित



नवजोत सिंह

नई दिल्ली, 18 सितंबर (एजेंसियां)। पटियाला हाउस कोर्ट ने गुरुवार को धौला कुआं के थाना प्रभारी (एसएचओ) को एक नोटिस जारी कर बीएमडब्ल्यू दुर्घटना मामले से संबंधित सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। अधिकारी को अगली सुनवाई के दौरान केस फाइल के साथ पेश होने का निर्देश दिया गया है, जो शुक्रवार के लिए निर्धारित की गई है। यह आदेश आरोपी की वकील गगनप्रीत कौर द्वारा दुर्घटनास्थल से सीसीटीवी साक्ष्य सुरक्षित रखने की मांग वाली एक याचिका के बाद आया है। दिल्ली कैंट के धौलाकुआं इलाके में बीते रविवार को एक बीएमडब्ल्यू कार ने भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में कार्यरत उप सचिव नवजोत सिंह को कुचल दिया था। हादसे में उनकी पत्नी भी घायल हो गईं। दोनों बाइक पर सवार थे। कार को एक महिला चला रही थी।

सेंट्रल वर्ज से टकराने बाद कार अनियंत्रित होकर बाइक से टकरा गई और बाइक एक बस से टकरा गई। हादसे के बाद महिला ने अपने पति के साथ घायल नवजोत सिंह और उनकी पत्नी को कैब से लेकर जीटीबी नगर स्थित एक अस्पताल में इलाज के लिए ले गए थे। जहां नवजोत सिंह को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। उनकी पत्नी का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस कार चला रही महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

राजधानी दिल्ली में धौलाकुआं के पिलर नंबर 67 के पास हुए हादसे के बाद भी वहां से काफी गाड़ियां गुजरीं, लेकिन घायलों की मदद के लिए कोई आगे नहीं आया था। रविवार को हुए हादसे के कई वीडियो सोशल मीडिया पर चलचे रहे। घटनास्थल पर रहने वाले लोगों ने भी कहा कि लोग मदद के बजाय वीडियो बनाने में व्यस्त दिखे थे। घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर जलबोर्ड का काम चल रहा है। यहां काम करने वाले आकाश ने बताया कि रविवार दोपहर जब घटना घटी वह वहां खाना खा रहे थे। तभी शोर सुनकर वह घटनास्थल पर पहुंचे तो वहां भीड़ जमा थी।

# उत्तराखंड में फिर फटा बादल, 3 गांव तबाह, अब तक 10 लोग लापता

चमोली, 18 सितंबर (एजेंसियां)। धीरे-धीरे सितंबर का महीना बीतने वाला है, लेकिन मानसूनी आफत अभी खत्म नहीं हुई है। देवभूमि उत्तराखंड में एक बार फिर आसमानी आफत आई है। गुरुवार सुबह ही चमोली में बादल फट गया। इससे चमोली और नंदानगर में भीषण बरसात शुरू हो गई है। मलबा आने से कई घर तबाह हो गए हैं। प्रशासन में राहत और बचाव दल को घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया है। अभी तक 6 घर तबाह हो गए हैं।

वहीं 10 लोगों के लापता होने की खबर है। हाल ही में देहरादून के सहशस्त्र धारा में बादल फटने की घटना हुई थी। बताया जा रहा है कि कुंतरी और धुर्मा गांव में बादल फटे हैं। मौसम विभाग ने उत्तराखंड में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। देहरादून, ऋषिकेश, पोढ़ी गढ़वाल, उत्तरकाशी, हरिद्वार समेत कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी हुई है। प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। संवेदनशील इलाकों पर नजर रखी जा रही है। नदी के किनारे बसे लोगों से सुरक्षित स्थान पर जाने की अपील की जा रही है। सूचना मिलते ही एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए घटना स्थल पर पहुंच गए। अभी तक 2 लोगों को रेस्क्यू किया जा चुका है। अधिकारियों ने बताया कि कई जानवर भी बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। । मौके पर मेडिकल टीमें और तीन एम्बुलेंस भेजी गई हैं।

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि चमोली जिले के नंदानगर घाट क्षेत्र में बुधवार रात बादल फटने से नुकसान हुआ। नंदानगर के कुंत्री लंगाफली वार्ड में छह घर मलबे में दब गए। जिलाधिकारी ने कहा कि 2 को बचा लिया गया है। राहत और बचाव कार्य जारी है।

# कॉलर पकड़ा और 2 युवतियों ने ड्राइवर को तड़ातड़ जड़े थप्पड़

## अश्लील मैसेज भेजने वाले को मिला सबक

मुंबई, 18 सितंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग से एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। यहां एक शख्स पर अनजाम महिलाओं को अश्लील वीडियो भेजने का आरोप है। शख्स की इस हरकत से तंग आकर पीड़ित महिला ने अपनी सहयोगी के साथ मिलकर आरोपी की सरेआम पिटाई कर दी।

इस पिटाई का एक वीडियो भी अब वायरल हो रहा है। इस वीडियो में दिख रहा है कि किस तरह से दो महिलाएं सड़क के बीचों-बीच एक शख्स की पिटाई कर रही हैं। बताया जा रहा है कि जिस शख्स की पिटाई की गई वो एक बस का चालक है। उसपर आरोप है कि बस के चालक ने महिलाओं का फोन नंबर निकाला और उनके फोन पर अश्लील वीडियो भेजा। इस मामले अभी तक पता चला है कि पीड़ित महिला ने कुछ महीने पहले कंकावली स्थित एक टिकट बुकिंग कार्यालय से एक निजी कंपनी के बस की टिकट बुक कराई थी। पीड़िता महिला जब भी कंकावली से मुंबई जाती थी तो इसी कंपनी के बस से यात्रा करती थी। आरोपी बस चालक ने जब देखा कि महिला इसी कंपनी के बस से लगातार यात्रा कर रही है तो उसने टिकट बुकिंग रिकॉर्ड से महिला का फोन नंबर निकाला और उसके बाद उसे अश्लील वीडियो भेजने लगा।

जब आरोपी शख्स ने एक बार फिर महिला को उसके फोन नंबर पर अश्लील वीडियो भेजा तो पीड़ित महिला अपनी एक सहयोगी के साथ कंकावली स्थित टिकट बुकिंग केंद्र पर पहुंची और बस के चालक को ढूंढ़कर उसकी पिटाई शुरू कर दी। ये घटना मंगलवार शाम की बताई जा रही है।

# महबूबा मुफ्ती ने कहा, 'मुझे नजरबंद किया गया है'

## भट्ट के निधन पर शोक व्यक्त करने जाना चाहती थी



श्रीनगर, 18 सितंबर (एजेंसियां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख और जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने गुरुवार को दावा किया कि उन्हें उनके घर में नजरबंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह कदम उन्हें सोपोर में पूर्व हुर्रियत कॉन्फ्रेंस चेयरमैन प्रोफेसर अब्दुल गनी भट के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए जाने से रोकने के लिए उठाया गया। महबूबा ने इसे जम्मू-कश्मीर में 'कठोर और अलोकतांत्रिक हकीकत' का सबूत बताया। महबूबा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'आज राजनीतिक नेताओं को नजरबंद करना, सिर्फ इसलिए कि हम सोपोर में प्रोफेसर अब्दुल गनी भट के निधन पर शोक जताने न जा सकें, यह जम्मू-कश्मीर की कड़वी और गैर-लोकतांत्रिक सच्चाई को उजागर करता है।'

बता दें कि प्रोफेसर भट का बुधवार शाम को लंबी बीमारी के बाद सोपोर में उनके घर पर इंतकाल हो गया था। महबूबा ने हाल ही में हजरतबल दरगाह में हुए विवाद का भी जिक्र किया। 5 सितंबर को दरगाह में अशोक चिन्ह वाली एक तख्ती को तोड़े जाने के बाद बड़ा बवाल हुआ था। कई राजनीतिक दलों ने वक्फ बोर्ड की चेयरपर्सन दरख्शां अंद्राबी पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया, क्योंकि मस्जिद में राष्ट्रीय प्रतीक का इस्तेमाल किया गया था। महबूबा ने कहा, 'हजरतबल दरगाह में जो हुआ, वह लोगों के गुस्से का एक सहज और स्पष्ट संदेश था। यह सिर्फ एक घटना नहीं थी, बल्कि यह उन लोगों की आवाज थी जो सालों से दबाव और दुख में जी रहे हैं।' भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए मुफ्ती ने कहा कि बीजेपी कश्मीर में शांति और सुलह में कोई दिलचस्पी नहीं रखती। हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के मौजूदा चेयरमैन मीरवाइज उमर फारूक ने भी बुधवार देर रात से नजरबंद होने का दावा किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'मुझे मेरे घर में बंद कर दिया गया है,

जिसके कारण मैं प्रोफेसर भट की जनाजे में शामिल नहीं हो सका। यह मेरे लिए बहुत दुखद है कि मुझे उनके आखिरी सफर में साथ देने का मौका नहीं मिला।' मीरवाइज ने बताया कि उनकी प्रोफेसर भट के साथ 35 साल की दोस्ती थी।उन्होंने आगे कहा, 'प्रोफेसर साहब के परिवार को उनके जनाजे को जल्दबाजी में पूरा करने के लिए मजबूर किया गया। बहुत से लोग उन्हें आखिरी विदाई देना चाहते थे।'

# वाइल्डलाइफ को एक्सप्लोर करना है पसंद

## तो दिल्ली से 5 घंटे की दूरी पर हैं राजाजी पार्क



नई दिल्ली, 18 सितंबर (एजेंसियां)। ट्रैवलिंग के शौकीन लोगों की पसंद अलग-अलग हो सकती है। जहां कुछ लोगों को पहाड़ों में जाना अच्छा लगता है, तो वहीं कुछ लोगों को बीच पर जाना पसंद होता है, तो वहीं कुछ लोग वाइल्डलाइफ को एक्सप्लोर करने का मौका ढूंढते हैं। अगर आपको भी वाइल्डलाइफ को नजदीक से देखना पसंद है, तो आज हम आपको कुछ ऐसे नेशनल पार्क्स के बारे में बताने वाले हैं जहां पर आप जंगल सफारी कर सकते हैं। आप उत्तराखंड में स्थित राजाजी नेशनल पार्क को एक्सप्लोर करने का प्लान बना सकते हैं। दिल्ली और राजाजी नेशनल पार्क के बीच की दूरी लगभग 220 किलोमीटर है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इस नेशनल पार्क में आपको हाथियों के अलावा हिरन, चीते, सांभर और मोर जैसे जंगली जीव दिखाई दे सकते हैं। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में स्थित टाइगर रिजर्व, दिल्ली से ज्यादा दूर नहीं है। इस टाइगर रिजर्व की टिकट बुकिंग ऑनलाइन भी की जा सकती है।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी के दौरान आपको बंगाल टाइगर, लोमड़ी, मगरमच्छ, घड़ियाल और हिरण जैसे जंगली जीवों को देखने का मौका मिल सकता है। जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क उत्तराखंड में स्थित है। जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क भारत का सबसे पुराना नेशनल पार्क है। जंगल सफारी के लिए नवंबर से जून तक के महीनों को सबसे अच्छा समय माना जाता है। इस नेशनल पार्क में आपको रॉयल बंगाल टाइगर, हाथी, हिरण और दुर्लभ पक्षी दिख सकते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि दिल्ली से इटावा की दूरी लगभग 300 किलोमीटर है। अगर आपको वाइल्डलाइफ को एक्सप्लोर करना पसंद है, तो आप इटावा सफारी पार्क जा सकते हैं।

# विवादित वीडियो के चलते डांसिंग कॉप लाइन अटैच

## महिला के आरोप के बाद फैंस से मांगा था सपोर्ट

इंदौर, 18 सितंबर (एजेंसियां)। इंदौर के डांसिंग कॉप रणजीत सिंह को लाइन अटैच कर दिया गया है। एक महिला ने वीडियो बनाकर उन पर दोस्ती करने के लिए मैसेज करने का आरोप लगाया था। इसके बाद रणजीत सिंह ने भी वीडियो बनाकर सफाई दी थी। अब अधिकारियों ने रणजीत को लाइन अटैच कर दिया है। विवादित वीडियो के चलते उन पर गाज गिरी है। रणजीत के खिलाफ एडिशनल डीसीपी ने विभागीय जांच शुरू कर दी है।

सोशल मीडिया पर डांसिंग कॉप के नाम से मशहूर इंदौर के हेड कांस्टेबल रणजीत सिंह एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह उनका डांस या ट्रैफिक मैनेजमेंट नहीं, बल्कि एक विवादित सोशल मीडिया वीडियो है। एक युवती ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर रणजीत सिंह पर उसे इंदौर बुलाने और होटल में ठहराने की पेशकश करने का आरोप लगाया है। वीडियो वायरल होने के बाद यह मामला तेजी से तूल पकड़ने लगा। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए रणजीत सिंह ने भी एक वीडियो जारी किया है, जिसमें उन्होंने स्वीकार किया कि यह बात उन्होंने मजाक में कही थी। हालांकि, वायरल वीडियो और सार्वजनिक छवि को ध्यान में रखते हुए इंदौर ट्रैफिक विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है।

# पर्यटन और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री पर्यटन स्टार्टअप योजना को मंजूरी

शिमला, 18 सितंबर (एजेंसियां)। राज्य सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने और स्वरोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से आतिथ्य क्षेत्र में मुख्यमंत्री पर्यटन स्टार्टअप योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के अंतर्गत नई पर्यटन इकाइयां स्थापित करने और मौजूदा होम स्टे इकाइयों का विस्तार और स्तरोन्नत करने के लिए ऋण पर वित्तीय राहत दी जाएगी। यह जानकारी देते हुए गुरुवार को प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि योजना के अंतर्गत ऋण पर शहरी क्षेत्रों में तीन प्रतिशत, ग्रामीण क्षेत्रों में चार प्रतिशत और जनजातीय क्षेत्रों में पांच प्रतिशत तक ब्याज सब्सिडी मिलेगी। यह सुविधा अधिकतम तीन वर्षों की अवधि के लिए और दो करोड़ रुपये तक के ऋण पर उपलब्ध होगी। यह योजना केवल बोनाफाइड हिमाचलियों के लिए है। उन्होंने बताया कि होम स्टे पर्यटकों के लिए महंगे होटलों के स्थान पर किफायती विकल्प है। यह पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान कर उन्हें लंबी अवधि तक ग्रामीण क्षेत्रों में रुकने के लिए आकर्षित करते हैं।

# बेवफा निकली पत्नी: पति ने 36 लाख रुपये खर्च कर भेजा विदेश, कनाडा में सेटल होते ही पत्नी ने तोड़ा रिश्ता

लुधियाना, 18 सितंबर (एजेंसियां)। 2020 में शादी के बाद पति ने पत्नी को पंजाब से कनाडा भेज दिया। पत्नी को कनाडा भेजने के लिए ससुरालियों ने 36 लाख रुपये खर्च किए। विदेश गई पत्नी ने वादा किया था कि कनाडा में सेटल होते ही वह पति को भी अपने पास बुला लेगी। पत्नी कनाडा में सेटल हो गई, लेकिन पति व ससुरालियों से किए वादे से मुकर गई। बेवफा पत्नी ने पति को कनाडा बुलाना तो दूर उसने पति के साथ रिश्ता तोड़ दिया। लुधियाना के गांव गुर्म के रहने वाले हरमनप्रीत सिंह के साथ उसकी पत्नी रमनजोत कौर ने बेवफाई की है।

पीड़ित हरमनप्रीत सिंह ने पत्नी रमनजोत कौर और ससुरालियों के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी है। हरमनप्रीत सिंह ने मलेरकोटला के गांव मलकपुर जंडाली खुर्द निवासी ससुर हरविंदर सिंह, सास कमलदीप कौर, साले दविंदर सिंह और पवित्र सिंह पर आरोप लगाया है कि जब उसने पत्नी की इस हरकत के बारे में ससुरालियों से बात की तो उन्होंने उसे ही धमकियां दी। पुलिस द्वारा मामले की जांच के बाद आरोप सही पाए गए तो थाना डेहलों की पुलिस ने हरमनप्रीत सिंह की शिकायत पर हरमनप्रीत सिंह की पत्नी रमनजोत कौर, ससुर हरविंदर सिंह, सास कमलदीप कौर, साले दविंदर सिंह और पवित्र सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों का पता लगाने में जुटी है। पीड़ित हरमनप्रीत सिंह ने पुलिस को बताया कि की शादी आरोपी रमनजोत कौर के साथ दिसंबर 2020 में हुई थी। शादी के बाद वह विदेश जाना चाहते थे, लेकिन उसने पत्नी रमनजोत कौर को कनाडा भेज दिया।

हरमनप्रीत ने अपने 36 लाख रुपये खर्च किए और पत्नी को कनाडा भेजा था। रमनजोत कौर ने कहा था कि वह पति को भी कनाडा बुला लेगी और दोनों वहीं रहेंगे। कनाडा जाने के कुछ समय बाद रमनजोत कौर ने पति हरमनप्रीत के साथ कम बात करने लगी। इसके बाद उसने पति का फोन उठाना ही बंद कर दिया। जब हरमनप्रीत ने अपने ससुराल वालों से बात की तो वह भी कोई सीधा जवाब नहीं दे पाए और टाल मटोल करने लगे। इसके बाद वह समझ गया कि उसके साथ धोखा हो चुका है।

# सबरीमाला मंदिर की मूर्तियों से चोरी हुआ चार किलो सोना

## केरल उच्च न्यायालय ने दिए जांच के आदेश



तिरुवनंतपुरम, 18 सितंबर (एजेंसियां)। केरल उच्च न्यायालय ने सबरीमाला मंदिर की मूर्तियों पर सोने की परत चढ़ाने में हुई धांधली की जांच के आदेश दिए हैं। न्यायालय ने पाया है कि साल 2019 में जब मंदिर की मूर्तियां सोने की परत चढ़ाने के बाद वापस मंदिर आईं तो उनके वजन में चार किलो सोना कम था। न्यायालय ने मंदिर के मुख्य सतर्कता एवं सुरक्षा अधिकारी, जो त्रावणकोर देवासम बोर्ड के पुलिस अधीक्षक भी हैं, को सबरीमाला मंदिर में मूर्तियों से कथित रूप से सोने के नुकसान की विस्तार से जांच करने का निर्देश दिया है। सोने की यह धांधली मंदिर के द्वारपालक (संरक्षक देवता) की मूर्तियों में हुई है। जस्टिस राजा विजयराघवन वी और जस्टिस केवी जयकुमार की पीठ ने कहा कि जब 2019 में नए सिरे से सोना चढ़ाने के लिए द्वारपालकों की मूर्तियों से प्लेटों को हटाया गया था, तो उनका वजन 42.8 किलोग्राम था, लेकिन चेन्नई स्थित जिस फर्म को सोने की परत चढ़ाने का काम सौंपा गया था, उसके यहां वजन करने पर मूर्तियों के वजन में करीब 4.54 किलोग्राम की कमी थी। अदालत ने कहा, '4.541 किलोग्राम की साफ कमी है। यह एक चिंताजनक बात है जिसकी विस्तृत जांच की जरूरत है'। अदालत ने कहा कि द्वारपालक की मूर्तियां साल 1999 में आधिकारिक स्वीकृति के आधार पर स्थापित की गई थीं और इन मूर्तियों की 40 साल की वारंटी थी। हालांकि, केवल छह वर्षों के भीतर ही मूर्तियों में समस्या उत्पन्न हो गई, जिसके कारण मूर्तियों का मरम्मत कार्य शुरू करना पड़ा।

यह विवाद तब शुरू हुआ जब त्रावणकोर देवासम बोर्ड (टीडीबी) ने 2019 में द्वारपालक की मूर्तियों पर लगे सोने से मढ़े तांबे के प्लेटों को मरम्मत और पुनः सोना मढ़ने के लिए भेजा। गौरतलब है कि मूर्तियों को भेजने के लिए विशेष आयुक्त या न्यायालय से मंजूरी भी नहीं ली गई थी। सारे तथ्यों को ध्यान में रखकर उच्च न्यायालय ने टीडीबी के मुख्य सतर्कता एवं सुरक्षा अधिकारी, पुलिस अधीक्षक को एक व्यापक जांच करने के निर्देश दिए हैं।। साथ ही सभी अभिलेखों की जांच करने और तीन सप्ताह के भीतर एक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

स्वतंत्र वार्ता

शुक्रवार, 19 सितंबर- 2025

# नेपाल-बांग्लादेश जैसी अराजकता की दुआ क्यों



राजेश पासी

पहले श्रीलंका, फिर बांग्लादेश और अब नेपाल में छात्रों ने आंदोलन करके एक ही दिन में सत्ता पलट दी। इससे हमारे देश के कुछ नेताओं और उनके समर्थकों के मन में लड्डू फूटने लगे कि ऐसे ही भारत में आंदोलन करके सत्ता पलट देंगे । ये लोग सोशल मीडिया पर चिल्ला रहे हैं कि जैसे नेपाल में जेन जी ने एक दिन में सत्ता पलट दी, वैसा ही भारत के युवा क्यों नहीं कर रहे हैं। जिन्हें न तो भारत की समझ है और न ही भारतीय राजनीति की समझ है, वो लोग ही दुआ कर रहे हैं कि भारत में भी पड़ोसी देशों जैसी क्रांति हो जाये और उन्हें जनता सत्ता में बिठा दे। ऐसे लोग अपने अंध विरोध में यह भी नहीं देख पा रहे हैं कि नेपाल के जेन जी ने केवल सत्ता पक्ष के नेताओं के साथ ही मारपीट नहीं की है बल्कि विरोधी दल के नेताओं पर भी हमले किए हैं । वास्तव में आज भी हमारे देश में ऐसे लोगों की संख्या कम नहीं है, जो सोचते हैं कि सत्ता बंदूक की गोली से निकलती है। उन्हें भारतीय सैन्य बलों की ताकत का अहसास नहीं है जिनकी गोली ऐसे लोगों को बहुत जल्दी औकात में ला सकती है। ये पाकिस्तान नहीं है जहां सेना लोकतंत्र को अपने पैरों से कुचल देती है. ये भारत है, जिसकी सेना और पुलिस लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपनी जान की बाजी लगा देती है ।

लोकतंत्र के दुश्मन नक्सलियों और आतंकियो से सेना कई दशकों से लड़ रही है । आतंकवाद को कश्मीर तक सीमित कर दिया गया है और नक्सलवाद कुछ जिलों तक सिमट गया है। भारत की सेना ने कभी भी तख्तापलट की कोशिश नहीं की बल्कि सदैव लोकतंत्र की रक्षा के लिए डटी रही । यही हालत नेपाल की भी है, जहां अराजकता के बावजूद सेना ने सत्ता पर कब्जे की कोशिश नहीं की । इसके विपरीत नेपाली सेना ने लोकतांत्रिक व्यवस्था को स्थापित करने में मदद की है । नेपाल में एक आंदोलन सत्ता पलटने में इसलिए कामयाब हो गया क्योंकि नेपाल एक छोटा देश है जबकि भारत विभिन्नताओं से भरा हुआ 140 करोड़ की जनसंख्या वाला विशाल देश है । कुछ लाख लोग सड़क पर निकल पर सत्ता पलट दें, ऐसा होने की संभावना भारत में नाममात्र की भी नहीं है ।

ऐसा नहीं है कि भारत में आंदोलनों ने सत्ता नहीं बदली है लेकिन उसका तरीका अलग था । सबसे पहले 1975 में कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल में सरकार द्वारा की गई तानाशाही और जनता के उत्पीड़न के खिलाफ जेपी आंदोलन चलाया गया था । इस आंदोलन के कारण ही 1977 में जनता ने सरकार को बदल दिया । जिन नेताओं ने इस आंदोलन में हिस्सा लिया था, उन्हीं नेताओं में से निकलकर कुछ लोगों ने सत्ता संभाली । दूसरी बार यूपीए सरकार के दौरान हुए भ्रष्टाचार और परिवारवाद के खिलाफ चले अन्ना आंदोलन ने केंद्र की सत्ता पलट दी । विपक्ष को देखना चाहिए कि जिन दो आंदोलनों ने भारत की सत्ता बदली, वो सड़क पर हुए आंदोलन से नहीं बदली थी । सड़क पर आंदोलन चलाकर सरकार विरोधी लोगों ने जनता को अपने साथ जोड़ा और जनता ने चुनाव में अपने वोट से सत्ता पलट दी । नेपाल में सड़क पर हुए आंदोलन से जो सत्ता बदली गई है, वो सत्ता भी एक हिंसक आंदोलन से आई थी । वामपंथी संगठनों ने वर्षों तक हिंसक आंदोलन चलाकर नेपाल से राजतंत्र को खत्म किया था । वामपंथी विचारधारा कहती है कि सत्ता बंदूक की गोली से निकलती है और नेपाल में वामपंथियों ने बंदूक से ही सत्ता हासिल की थी । अब बंदूक से ही उनसे सत्ता छीन ली गई है । ये वामपंथी गुरिल्ला लड़ाके थे और बंदूक के जरिये सत्ता में आ गए । इन्हें जनता की भावनाओं और उसके कल्याण से कोई मतलब नहीं था । ये लोग अनैतिक गठबंधनों और दलबदल से कुर्सी बदल-बदल कर सत्ता का आनंद ले रहे थे । जब इन्होंने राजतंत्र के खिलाफ आंदोलन चलाया तो जनता इन्हें अपना हीरो मानने लगी थी । जब सत्ता में आने के बाद इन्होंने जनता की अवहेलना शुरू कर दी तो इसकी असलियत जनता के सामने आ गई । जब उनकी हरकतों के कारण जनता में उनके प्रति नाराजगी बढ़ रही थी तो उन्होंने उसकी परवाह नहीं की । अगर जनता उनसे नाराज थी तो उन्हें जनता की शिकायतों पर ध्यान देना चाहिए था लेकिन बंदूक के बल पर सत्ता पाने वाले जनता की भावनाओं को कैसे समझ सकते थे । जब जनता अपनी नाराजगी जाहिर करने लगी तो इन्होंने उसकी आवाज दबाने के लिए अभिव्यक्ति के माध्यम सोशल मीडिया पर ही प्रतिबंध लगा दिया । इसके कारण जनता का गुस्सा फूट पड़ा और वो सड़को पर निकल आई । जनता की भावनाओं को समझना चाहिए था और उसके साथ संवाद स्थापित करके मामले को हल करना चाहिए था । जिन वामपंथियों ने बंदूक से सत्ता हासिल की थी, उन्हें यह पता ही नहीं है कि जनता से कैसे संवाद किया जाता है । जब छात्र अपना विरोध जताने के लिए सड़को पर उतरे तो सरकार ने उन पर गोलियां बरसाना शुरू कर दिया और 18 छात्रों को एक ही दिन में मार दिया । इससे छात्रों का गुस्सा बढ़ गया और एक शांतिपूर्ण आंदोलन हिंसक आंदोलन में बदल गया । जब छात्र हिंसक हुए तो इन्हें बचाने के लिए सेना को आना पड़ा क्योंकि कोई और लोकतांत्रिक संस्था नहीं थी जो इन्हें जनता के गुस्से से बचाती । जहां तक भारत की बात है तो 2020 में मोदी सरकार के खिलाफ एक बड़ा किसान आंदोलन शुरू हुआ था जिसे बाद में विपक्षी दलों का समर्थन हासिल हो गया था । इसके अलावा मोदी विरोधी पूरा इको सिस्टम इस आंदोलन से जुड़ गया था । 13 महीने चले आंदोलन में सरकार ने आंदोलनकारियों पर एक भी गोली नहीं चलाई और न ही किसी किस्म की ताकत का इस्तेमाल किया । इसके विपरीत 26 जनवरी 2021 को आंदोलनकारियों ने हिंसक प्रदर्शन किया लेकिन पुलिस ने तब भी इन पर गोली नहीं चलाई । सरकार ने इस आंदोलन से इतने सुलझे हुए तरीके से निपटा कि जनता आंदोलन से दूर हो गई ।

इसके अलावा मोदी सरकार के खिलाफ सीएए, पहलवान और राफेल को लेकर भी आंदोलन किया गया है । कई मुद्दों पर सरकार को बदनाम करने की कोशिश की गई है लेकिन सरकार लोकतांत्रिक तरीके से सबसे निपटती आ रही है । मोदी समर्थक अक्सर सरकार पर कमजोर होने का आरोप लगाते हैं और चाहते हैं कि सरकार अपने विरोधियों से सख्ती से निपटे लेकिन सरकार हमेशा उदारवादी बनी रहती है । ऐसा नहीं है कि सरकार कमजोर है. आतंकवादियों, नक्सलियों और पाकिस्तान के खिलाफ सरकार ने बेहद सख्त रुख अपनाया है । मोदी सरकार के खिलाफ विपक्षी दलों को जनता का साथ नहीं मिल रहा है क्योंकि वो अपने आपको जनता से जोड़ नहीं पा रहे हैं । इसके विपरीत प्रधानमंत्री मोदी लगातार जनता से जुड़ने की कोशिश में लगे रहते हैं ।

जो लोग भारत में नेपाल जैसी क्रांति चाहते हैं, उन्हें पहले यह भी देखना चाहिए कि जेन जी डिमांड क्या कर रहे हैं। नेपाल का युवा भारत और चीन का विकास देखकर परेशान है. वो अपने देश का भी वैसा ही विकास चाहता है। नेपाल के लोग भारत के बदलाव को बहुत ध्यान से देख रहे हैं और अपने देश में भी ऐसे ही बदलाव चाहते हैं। वहां युवा भ्रष्टाचार, परिवारवाद और नेपोकिड से परेशान है। विपक्षी यह नहीं देख पा रहे हैं कि भारत की जनता ने यूपीए के भ्रष्टाचार और परिवारवाद से परेशान होकर ही मोदी को प्रधानमंत्री बनाया है। नेपोकिड भाजपा से ज्यादा विपक्ष की बड़ी समस्या है। भाजपा के परिवारवाद और विपक्ष के परिवारवाद में बड़ा अंतर यह है कि भाजपा में नेताओं के बच्चों को अपनी काबलियत साबित करनी पड़ती है जबकि विपक्षी दलों में शीर्ष नेता का बेटा सीधे पार्टी की कमान थाम लेता है। विपक्ष के समर्थक सोशल मीडिया में लिख रहे हैं कि भारत को नेपाल से सीखना चाहिए। ये लोग इतने ज्यादा हताश और निराश हो चुके हैं कि इनका हीनभाव सिर पर चढ़कर बोल रहा है।

## ट्रंप का दावा खोखला

शेखी बघारने में माहिर अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर पर दावे पर दावे कर रहे थे कि उन्होंने दोनों देशों के बीच चल रहे युद्ध को खत्म कराया है लेकिन पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार के एक बयान ने उनके सारे दावे को खारिज कर दिया है। बता दें कि भारत सरकार शुरू से कहती रही है कि दोनों देशों के युद्धविराम में किसी तीसरे की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की गई है, ऐसा करना अपनी पॉलिसी का हिस्सा भी नहीं रहा है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री के बयान के बाद मई से शुरू हुई इस बहस पर विराम लग जाना चाहिए। इशाक डार के इंटरव्यू से इस बात का भी खुलासा हुआ है कि पाकिस्तान की तरफ से अमेरिका के दखल की गुजारिश की गई थी, लेकिन अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि भारत किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा। डार के मुताबिक, जुलाई में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से उनकी इस मसले पर फिर बात हुई थी। तब भी उन्हें अमेरिका की तरफ से यही बताया गया कि भारत ने इसे द्विपक्षीय मुद्दा करार दिया है। 10 मई को सीजफायर के बाद से ट्रंप दर्जनों बार दोहरा चुके हैं कि उनकी वजह से भारत-पाकिस्तान के बीच शांति स्थापित हुई, वरना तो परमाणु संपन्न देश युद्ध के मुहाने पर खडे हो चुके थे। भारत के इनकार के बावजूद ट्रंप ने अपना दावा नहीं छोड़ा। अमेरिका और भारत के रिश्तों में हाल में आए तनाव की एक बडी वजह इसे भी माना जा रहा है। ट्रंप खुद को सीजफायर का क्रेडिट न दिए जाने से खासे नाराज हैं। लेकिन, भारत ने वही कहा जो शुरू से उसका रुख रहा है कि उसके और पाकिस्तान के बीच संवाद में किसी तीसरे के लिए कोई जगह नहीं है। जहां तक पाकिस्तान का ताल्लुक है, तो उसे किसी की मध्यस्थता से कोई ऐतराज नहीं। डॉनल्ड ट्रंप पहले कार्यकाल में भी भारत-पाकिस्तान संबंधों की गंभीरता को समझने में बडी चूक कर बैठे थे। उस समय उन्होंने कश्मीर मामले में मध्यस्थता का प्रस्ताव दे दिया था, जबकि अमेरिकी सरकारें इससे बचती रही हैं। भारत को संवाद से कभी परहेज नहीं रहा है। पहले भी भारत की तरफ से सीमा पर शांति की कई कोशिशें की जा चुकी हैं, लेकिन भारत का मानना है कि ऐसा कोई भी प्रयास परिस्थितियों को देखते हुए और बिना किसी बाहरी दबाव के होना चाहिए। ट्रंप का दावा भले दोनों तरफ से नकारा जा चुका हो, लेकिन भारत-अमेरिकी रिश्तों के संदर्भ में देखें तो इसे पुरानी बात मानकर आगे बढ़ जाना ही बेहतर होगा। ट्रंप ने पिछले दिनों तनाव को कम करने की कोशिश करते हुए भारत-अमेरिकी संबंधों को विशेष बताया था। पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर भी दोनों नेताओं के बीच फोन पर बात हुई। ट्रेड डील पर बात करने के लिए अमेरिकी दल भारत के दौर पर आया था। लेकिन भारत ने इस मौके का इस्तेमाल कर बीती बातों को बिसार कर आगे बढ़ने का रास्ता चुना है, जो भविष्य के लिए काफी बेहतर होगा।

## सूरज डूबने लगा



डॉ टी महादेव राव

वे रिटायर हो गए। सेवानिवृत्ति की आयु प्राप्त कर चुके थे, लेकिन उनका मन पद छोड़ने को नहीं हो रहा था। इस पद ने उन्हें बहुत कुछ दिया इतना कुछ जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती, क्योंकि कार्यालय में वह सबसे बड़े अधिकारी थे इसलिए उनकी मनमानी सारे कार्यालय में चलती थी। वे जब चाहे जहां चाहे जा सकते थे। किसी से अनुमोदन लेने की आवश्यकता ही नहीं थी। यही नहीं उन्होंने अपने चेंबर को भी एक घर सा बना रखा था जिसमें तरह-तरह के कपड़े वार्डरोब में रखे रहते थे। अन्य सुविधाएं जैसे कई जोड़े जूते, चश्मे, तरह तरह के टोप सारा कुछ उसे कमरे के वार्डरोब में रखे रहते थे। जब चाहे जैसा चाहे कार्यालय के खर्चे पर स्वादिष्ट और महंगा जाना खा लेते थे। तरह-तरह के उपहार परिधान आदि का सारा खर्च कार्यालय उठाता था क्योंकि वे सर्वेसर्वा थे। कभी-कभी उनको यह एहसास होता था कि वह सिर्फ इसी तरह सुविधा संपन्न विलासी जीवन के लिए ही बने हैं। सारे साथी, अधिकारी, कर्मचारी उनसे डरते थे, खौफ खाते थे। कोई उनके खिलाफ कुछ भी नहीं कह सकता था भले ही वे गलतियों पर गलतियां क्यों न करें। वे अपनी मर्जी के मालिक थे। जो चाहा जैसा चाहा जब चाहा उन्हें मिल जाता था। कहीं से कोई आपत्ति या रोक नहीं।

यही नहीं वे अपने खास खास दोस्तों को भी भरपूर लाभ पहुंचाने से नहीं चू। उनके दोस्त कहते यह दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे या फिर यह बंधन टूटे ना। उनके लिए दोस्ती का अर्थ था अपने प्रांत का और अपने को बिना अपना नाम लगे पूरा फायदा पहुंचाने वाला व्यक्ति होना चाहिए, भले ही वह कितना भी बड़ा बेईमान और भ्रष्टाचारी क्यों न हो। कभी बड़े फायदे के लिए छोटे फायदे का त्याग करना भी उन्हें भलीभांति आता था।

वे भारी ज्ञानी थे और हर विषय पर जब कभी उनके साथी संगी साथ बैठते थे, अपना ज्ञान अपने ज्ञान की गंगा प्रवाहित किया करते थे, भले ही उसमें पांच प्रतिशत सच या पंचांनबे प्रतिशत झूठ ही क्यों न हो बनाई हुई बात ही क्यों ना हो। इस तरह उन्होंने अपना कार्यकाल पूरा किया और अब सेवा निवृत्ति का अवसर आ गया था। वे स्वयं को बादशाह मानते थे जबकि वे एक नियंता थे। वे चाहते थे कि जीवन भर उस पद को सुशोभित करते हुए अपने आलीशान जीवन का यापन करें जिसमें कोई रुकावट, कोई अवरोध न हो।

लेकिन जैसे ही प्रधान कार्यालय से यह आदेश पत्र उन्हें प्राप्त हुआ है कि उनकी सेवा को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता इसलिए उक्त दिनांक को उन्हें अपना पद छोड़ना है और उनके स्थान पर उनके ही कार्यालय के एक वरिष्ठतम या कुशल प्रशासनिक व्यक्ति को बिठाया जा रहा है।

उन्हें लगा कि पर्वत शिखर पर से पाताल में गिरे जा रहे हैं क्योंकि उन्होंने अपने सेवा काल को और चार वर्ष बढ़ाने का अनुरोध किया था जो अस्वीकृत कर दिया गया। उन्होंने सोचा मैंने इतने सारे अच्छे अच्छे काम इस कार्यालय के लिए किए हैं और आज मेरा अनुरोध ही यह लोग नहीं मान रहे हैं। उन्होंने अपने निजी सचिव को बुलाया और कहा क्या बता सकते हो कि मेरे रिक्वेस्ट को क्यों रिजेक्ट किया गया है? निजी सचिव ने झिझकते हुए कहा आपने अपने कार्यालय में ही अच्छे ऐसे कुशल अधिकारियों को सेवा विस्तार यानी कि एक्सटेंशन देने से मना करते हुए कहा कि व्यक्ति को निश्चित उम्र तक ही काम करना चाहिए उसके बाद उसे रिटायर हो जाना चाहिए, सन्यास लेना चाहिए, सन्यासी हो जाना चाहिए। ऐसा करके आपने अब तक छह लोगों के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया है जिसे प्रधान कार्यालय ने मान लिया था और उन्होंने भी एक नियम बना लिया है कि अब किसी को भी एक्सटेंशन या सेवा विस्तार नहीं दिया जाएगा निश्चित आयु पर उनकी सेवा निवृत्ति हो जाएगी।

वे तिलमिलाने लगे क्योंकि वे रिटायर होकर भी जाएंगे कहां? क्योंकि आगे नाथ न पीछे पगहा की तर्ज पर उन्होंने अपना विवाह विच्छेद कर लिया था। घर में कोई नहीं था उनके अलावा। सेवानिवृत्ति के बाद में अपने बूढ़े घर में कब तक रहेंगे उन्हें सही हो या गलत कुछ ना कुछ करते रहने की आदत है। वह अपने विभाग के अलावा अन्य विभागों में भी उंगलियां करते और जाकर फोटो खिंचवाते थे अब यह सब नहीं होगा तो वह कैसे जिएंगे?

## विदेशी फंडिंग से बड़े पैमाने पर धर्मांतरण का खेल



मनोज अग्रवाल

हाल ही में राजस्थान के अनूपगढ़ इलाके में बड़े स्तर पर धर्मपरिवर्तन का गिरोह का खुलासा हुआ है, जो हिंदुओं को ईसाई धर्म में शामिल करने का काम कर रहा है। जानकारी के मुताबिक, चेन्नई से संचालित फ्रेंड्स मशीनरी प्रेयर बैंड धर्म परिवर्तन का खेल कर रहा है। इस संगठन का खुलासा उस समय हुआ, जब अनूपगढ़ के गांव 24 एपीडी के 23 वर्षीय युवक संदीप पुत्र राय साहब कुमार ने संगठन के इंचार्ज पौलुस बारजो और उसके दो सहयोगी पिता-पुत्र विनोद और आर्यन के खिलाफ शादी का झांसा देकर धर्म परिवर्तन करवाने का मामला दर्ज करवाया। इससे दो सप्ताह पहले मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले में धर्मांतरण की एक बड़ी साजिश का पर्दाफाश हुआ है। यहां नवानगर थाना क्षेत्र के निगाही बस्ती में कुछ लोग 50 से ज़्यादा लोगों को पैसों का लालच देकर और हिंदू देवी-देवताओं के ख़िलाफ़ आपत्तिजनक बातें कहकर धर्म परिवर्तन के लिए उकसा रहे थे। पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ़्तार किया है और 50 लोगों को चंगुल से मुक्त कराया है।

इसी तरह राजस्थान के अलवर जिले में एमआईए थाना क्षेत्र के गोलेटा स्थित सैय्यद कॉलोनी में अवैध धर्मांतरण का मामला सामने आया है। विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस ने यहां दबिश देकर दो आरोपियों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ जारी है। बता दें कि गोलेटा में एक निजी स्कूल के पीछे एक मिशनरी में 12 से 15 वर्ष की उम्र के करीब 60 बच्चे मिले। ये बच्चे गुरुग्राम और देश के अन्य कई हिस्सों से पूछताछ में सामने आया कि वहां साल से धर्मांतरण का खेल चल रहा था। पुलिस को यहां बाइबिल और ईसाई धर्म की पुस्तकें मिली। पुलिस ने अमृत और सोनू को हिरासत में लिया है। राजस्थान में धर्मांतरण गिरोह के संगठन के इंचार्ज पौलुस बारजो ने हैरान करने वाले कई खुलासे किए। पौलुस बारजो ने बताया कि वह अकेला अब तक 454 हिन्दुओं का धर्म परिवर्तन करवा चुका है। पुलिस ने संगठन इंचार्ज पौलुस बारजो और आर्यन को राउंडअप कर लिया है। पुलिस में शिकायत दर्ज करवाने वाले संदीप ने बताया कि अनूपगढ़ के रेलवे स्टेशन के पास बाइक स्पेयर पार्ट्स की दुकान के मालिक आर्यन और उसके पिता विनोद कुमार उसके पुराने परिचित हैं। करीब एक महीने पहले वह दुकान पर बाइक का सामान लेने गया था तो बातों बातों में उन्होंने संदीप से उसकी शादी के बारे में पूछा तो उसने बताया कि उसकी शादी अभी तक नहीं हुई है।


संगठन इंचार्ज पौलुस बारजो ने केवल हिंदू धर्म के लोगों का ही धर्म परिवर्तन करवाया है। सीकर में भी इसी के खिलाफ कुछ दिन पूर्व धर्म परिवर्तन करवाने के आरोप में मामला दर्ज हुआ है।संदीप का कहना है कि तब आर्यन और उसके पिता विनोद ने उसे शादी का झांसा देकर संगठन के इंचार्ज पौलुस बारजो से मिलवाया। पौलुस बारजो ने उससे कहा कि अगर तुम ईसाई धर्म अपना लेते हो तो उनके प्रभु उस पर खुश हो जाएंगे और उसकी शादी हो जाएगी। पौलुस बारजो अपने सहयोगी आर्यन और विनोद के साथ बहलाकर उसे प्रेम नगर की नहर पर ले गया, जहां ईसाई धर्म की विधि के अनुसार उसे ईसाई धर्म ग्रहण करवा दिया। ईसाई धर्म अपनवाने के बाद इन तीनों ने अन्य हिंदुओं को भी ईसाई धर्म में लाने के लिए उसे प्रताड़ित कर रहे हैं।

विश्व हिन्दू परिषद के जिलामंत्री कृष्ण राव का कहना है कि पौलुस बारजो अपने सहयोगियों के साथ मिलकर हिंदुओं का धर्म परिवर्तन करवा रहा है और उनके द्वारा हिंदू धर्म के देवी देवताओं के लिए निंदनीय शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है। संदीप के द्वारा हिम्मत दिखाते हुए मामला दर्ज करवाया गया है और विश्व हिंदू परिषद पुलिस प्रशासन से कठोर कार्रवाई की मांग करता है। 47 वर्षीय पौलुस बारजो मुख्यत झारखंड के गांव कटिंगगेल का निवासी है, उसने 1995 में ईसाई धर्म अपनाया था। इसका मूल धर्म हिंदू ही है। इससे पहले इसके भाई ने हिन्दू धर्म को छोड़ कर ईसाई धर्म अपनाया है। ईसाई धर्म अपनाने के बाद चेन्नई के एफएमपीबी में संगठन में संगठन से जुड़ने के लिए अप्लाई किया था।पौलुस बारजो से जब मीडिया ने बात की तो उसने बताया कि वहां इंटरव्यू में चयन होने के बाद संगठन ने उसे ट्रेनिंग के लिए झांसी भेज दिया। एक साल की ट्रेनिंग के बाद उसे सबसे पहले राजस्थान के सीकर जिले में भेजा गया। ताकि वहां जाकर वह हिंदुओं का धर्म परिवर्तन करवा सके। इस तरह से पौलुस बारजो को संगठन के द्वारा 2004 से 2008 तक राजस्थान, पंजाब, हरियाणा के कई जिलों में भेजा गया और हिंदुओं के धर्म परिवर्तन करवाए गए। वह संगठन के निर्देशों पर 2008 से 2016 तक अनूपगढ़ में रहा। उसने बताया कि उसकी टीम के लोग उन लोगों को चिन्हित करते थे जो लोग गरीब असहाय या किसी बीमारी से ग्रसित हो। पौलुस बारजो टीम के साथ पीड़ित व्यक्ति के घर जाकर उन्हें बहला-फुसलाकर ईसाई बनाने का काम करता था।

पौलुस बारजो ने बताया कि संगठन के द्वारा उसे व उसकी टीम को फंडिंग भी दी जाती है। उसने बताया कि संगठन के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार, गांव दो पीजीएम और 36 जीबी में चर्च बनाया जाना है। विनोद कुमार ने साढ़े 3 लाख रुपए दिए है। इसके के लिए भूखंड खरीद चुके हैं। 2016 के बाद संगठन के निर्देशों पर वह दूसरे राज्यों में चला गया और 2021 में वापिस अनूपगढ़ आ गया। अब वर्तमान में वह अनूपगढ़ के वार्ड नंबर 14 में अपने सहयोगी आर्यन पुत्र विनोद कुमार के घर रह रहा है। पौलुस बारजो 15 जुलाई 2025 तक कुल 454 हिंदुओ का धर्म परिवर्तन करवा चुका है। उनके संगठन की तरफ से प्रतिवर्ष एक व्यक्ति को 20 हिन्दुओं का धर्म परिवर्तन करने का टारगेट मिलता है।

टारगेट पूरा करने के लिए उसने पूरे क्षेत्र यहां तक कि गांवों में भी अपने सहयोगी छोड़ रखे हैं, जिनका पूर्व में वह धर्म परिवर्तन करवा चुका है। इनमें महिलाएं भी शामिल हैं। महिलाएं आपसे में चर्चा कर ऐसे घर ढूंढती हैं, जिनमें धर्म परिवर्तन होने की संभावना रहती हैं। बातचीत में अनेक अन्य खुलासे भी हुए संगठन की तरफ से बरजो को निर्देश मिले थे, संगठन के निर्देशानुसार प्रतिदिन का हिसाब रखा जाता है।प्रार्थना सभा में कितने सदस्य आए किस प्रार्थना सभा से कितनी राशि मिली। मुख्यालय से कितनी राशि इन्हें आई इस राशि को किस मद पर खर्च किया गया। सबसे चौंकाने वाली बात यह थी कि इन सभी डॉक्यूमेंट्स को उसने अपने घर नहीं रख कर किसी और के घर रखा हुआ था। संगठन की तरफ से उसे 9000 रुपए माह सैलरी, भत्ता,बच्चों के पढ़ाई का खर्च, और भी कई खर्च मिलते थे।

## आस्था और व्यवस्था में संतुलन जरूरी



धीतेन्द्र शर्मा

सनातन संस्कृति की विरासत को सहेजे और गंगा- जमुनी परंपराओं का वाहक होने के चलते हिमालय की गोद में बसा पुण्यधरा हमारा भारतवर्ष कश्मीर से कन्याकुमारी तक और द्वारका से जगन्नाथ पुरी और सुदूर पूर्वोत्तर अरुणाचल की वादियों तक शताब्दियों से धार्मिक-आस्था का बड़ा केन्द्र है। हर धार्मिक उत्सव को यह पवित्रता और अप्रतिम उल्लास से आलिंगन करता दिखता है। हाल ही गणपति उत्सव की धूम रही। हर गांव-शहर, महानगर क्षेत्र में सैकड़ों-हजारों पांडाल में गणपति बप्पा को विराजित किए श्रद्धालु भक्ति से सराबोर रहे। पंडालों के अलावा गली-मोहल्लों में बप्पा की प्रतिष्ठा हुई है सो अलग। हर कोई बुद्धि-प्रदाता की भक्ति में डूबा। नित्य-प्रति संकीर्तन हुए। जगह-जगह मेले लगे। यह आस्थाजन्य एक पहलू रहा है।

लेकिन, दूसरा पहलू भी कम महत्वपूर्ण नहीं था। हर चंद कदम दूरी पर पांडाल आम रास्तों को अवरुद्ध किए रहे। कई मोहल्लों में रास्ते रोक कर गणपति विराजित किए गए। ज्यादातर स्थानों पर चौराहों का उपयोग हुआ और नित्य-प्रति होता रहता है। रोज शाम को जाम जैसे हालात बन जाते हैं। इनमें कई मुख्य मार्ग तक शामिल हैं। गणपति उत्सव कोई एक दिन का नहीं। दस दिन बाद बप्पा की विदाई हुई। ऐसे में रोजमर्रा की जिन्दगी यातायात अवरोध से जूझती रही। और यहां, बात सिर्फ गणपति उत्सव की नहीं है। अब त्योहारी सत्र चल पड़ा है। आगामी तीन माह तक त्योहारों की धूम रहेगी। अनन्त चतुर्दशी पर बप्पा की विदाई के बाद शक्ति-आराधना पर्व नवरात्र दस्तक दे रहे हैं। प्रतिवर्ष की भांति पुनः देवी मां के पांडाल सजने हैं। पूरे नौ दिन देवी आराधक जागरणों से सडक़ें सराबोर रहेंगी। इन्हीं स्थानों पर देवी पांडाल सज जाएंगे अपितु और अधिक संख्या में! फिर उसके बाद दशहरा मेला आ रहा है। कई स्थानों पर दशहरा मेला भी पखवाड़े भर का लगने लगा है। फिर, दीपावली, देव उठनी एकादशी, कार्तिक पूर्णिमा मेले आदि- आदि! इस सबके अलावा विभिन्न सामुदायिक धार्मिक-पर्वों पर सडक़ों पर सजने वाला कथित अस्थाई लेकिन लगभग स्थाई हो चुका बाजार गति-शक्ति में बाधक बनता है। क्या इस दिशा में प्रशासन और राष्ट्र-राज्य सत्ता में बैठे जिम्मेदार लोगों को नहीं सोचना चाहिए।

यहां इन पर्वों के उत्साहपूर्ण आयोजनों को संकुचित करने अथवा सीमाओं में बांधने का सुझाव देने की मंशा कतई नहीं है। ना ही आम रास्तों के अवरुद्ध होने से जूझती जिन्दगी को सरल बनाने के लिए उत्सवों के महत्व को नकारने का दुस्साहस है। लेकिन, संतुलन की बात तो अवश्य करनी होगी। आस्था और व्यवस्था का संतुलन! संविधान स्वीकृत सर्व नगरिक अधिकारों और धार्मिक स्वतंत्रता का संतुलन ! मुद्दे की बात यह कि जब प्रतिवर्ष तय कैलेण्डर की भांति से सब आयोजन होने ही हैं तो इन्हें आमजन जीवन की गति में बाधा पहुंचाए बिना इसी उत्साह से सम्पन्न कराने की कोशिशें क्यों नहीं होती! खासकर तब, जबकि पिछले एक दशक में राजनीति में भाग्य आजमाने के आकांक्षी युवाओं के लिए ऐसे अयोजन और पांडाल ₹प्रथम पाठशाला₹ के रूप में लगभग स्थापित हो चुके हैं। और, यही लालसा ऐसे आयोजनों- पांडालों की संख्या में उत्तरोत्तर गुणात्मक वृद्धि ला रही है!

कहना ही होगा कि, यह संतुलन बनाना अब वक्त की मांग है। विशेषकर तब, जबकि हम स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने को संकल्पित हो रहे हैं।

## टिटहरी: प्रकृति की मौन चेतावनी



डॉ सत्यवान सौरभ

भारत का ग्रामीण जीवन सदियों से प्रकृति के साथ गहरे संवाद में रहा है। खेत, मौसम और जीव-जंतु मिलकर किसान की दिनचर्या और भविष्य दोनों को प्रभावित करते हैं। इन सबके बीच टिटहरी एक ऐसा छोटा-सा पक्षी है, जो सामान्य आँखों से मामूली दिखता है, लेकिन किसानों और लोकजीवन की स्मृतियों में यह मौसम की सटीक भविष्यवाणी करने वाला प्रहरी माना जाता है। यह केवल एक पक्षी नहीं, बल्कि धरती और आकाश के बीच संवाद का माध्यम है, एक मौन दूत है जो संकट और समृद्धि दोनों की आहट पहले ही दे देता है।

ग्रामीण अनुभव बताते हैं कि टिटहरी का व्यवहार मौसम और कृषि की दिशा तय करने में अहम संकेत देता है। यदि वह चार अंडे देती है तो चार महीने अच्छी वर्षा होने का विश्वास किया जाता है। जब वह ऊँचाई पर अंडे देती है, तो लोग मानते हैं कि सामान्य से अधिक वर्षा होगी। यदि कभी वह मजबूरी में छत या पेड़ पर अंडे दे, तो यह भीषण बाढ़ का संकेत माना जाता है। वहीं, यदि वह अंडे न दे तो यह सबसे डरावनी स्थिति होती है, क्योंकि लोग इसे अकाल का दूत मानते हैं। किसान कहते हैं कि जिस खेत में टिटहरी अंडे देती है, वह खेत खाली नहीं रहता। वहाँ फसल ज़रूर होती है। इस तरह यह पक्षी न केवल वर्षा और मौसम से जुड़े संकेत देता है बल्कि उपजाऊपन और अकाल जैसी चरम स्थितियों की चेतावनी भी बन जाता है।

लोकजीवन में एक और मान्यता है कि टिटहरी का मृत शरीर कुरुक्षेत्र के अलावा कहीं दिखाई नहीं देता। चाहे यह तथ्य हो या प्रतीकात्मक कल्पना, लेकिन यह विश्वास उसे जीवन और अस्तित्व की रक्षा का प्रतीक बना देता है। टिटहरी को देखने वाला किसान समझ जाता है कि यह पक्षी उसकी मिट्टी, फसल और भविष्य का पहरेदार है। यही कारण है कि ग्रामीण लोकगीतों और कहावतों में भी टिटहरी का उल्लेख मिलता है। यह उन जीवों में से है जिनकी गतिविधियों पर पीढ़ियाँ भरोसा करती रही हैं।

अब सवाल उठता है कि जब विज्ञान मौसम की भविष्यवाणी के लिए उपग्रह, राडार और कंप्यूटर मॉडल जैसे अत्याधुनिक साधन लेकर आया है, तब टिटहरी जैसे पक्षियों की भूमिका क्या रह जाती है। वास्तव में इसका उत्तर यही है कि विज्ञान और लोकअनुभव एक-दूसरे के पूरक हैं, विरोधी नहीं। वैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाए तो टिटहरी जैसे पक्षी पर्यावरणीय परिवर्तनों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होते हैं। हवा की नमी, तापमान का उतार-चढ़ाव, भूमि की नमी, जल स्तर का बढ़ना या घटना – इन सबका असर उनके व्यवहार पर पड़ता है। यही कारण है कि वैज्ञानिक भाषा में इन्हें "इकोसिस्टम इंडिकेटर" कहा जाता है। यानी ऐसे जीव जो अपने आचरण के माध्यम से हमें पर्यावरणीय बदलावों की समय रहते जानकारी दे देते हैं।

हमारे पूर्वजों ने विज्ञान के औज़ारों का सहारा लिए बिना ही इन संकेतों को अनुभव के आधार पर समझा और उनका लाभ उठाया। सदियों से किसान टिटहरी की गतिविधियों पर नज़र रखते आए हैं। अगर वह अंडे देने का समय टाल दे तो किसान पहले से ही सतर्क हो जाते थे। यदि वह ज़मीन छोड़कर ऊँचाई पर चली जाए, तो वे अधिक वर्षा और संभावित जलभराव को लेकर चौकन्ने हो जाते थे। इस प्रकार लोकानुभव ने जो बातें कही हैं, वे वास्तव में वैज्ञानिक कारणों से जुड़ी हुई हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि किसानों ने इन्हें अपनी भाषा और प्रतीकों में व्यक्त किया।

आज जब हम शहरीकरण और औद्योगिकीकरण की चमक में डूबे हैं, तब सबसे बड़ा संकट यही है कि हमने प्रकृति की इस मौन भाषा को सुनना लगभग छोड़ दिया है। शहरों में रहने वाला इंसान यह नहीं जानता कि कब कोई पक्षी अपनी आदत बदल रहा है, कब उसकी संख्या घट रही है या कब उसका स्वर बदल रहा है। यही लापरवाही हमें अचानक आने वाली आपदाओं के सामने असहाय बना देती है। यदि हम टिटहरी और अन्य पक्षियों के संदेशों को गंभीरता से लें तो आपदा प्रबंधन की हमारी क्षमता कई गुना बढ़ सकती है।

टिटहरी के बारे में यह भी कहा जाता है कि यह पक्षी खेत को कभी खाली नहीं छोड़ता। उसका वहाँ अंडे देना किसानों के लिए आश्वासन का प्रतीक है। यह विश्वास अपने आप में गहरा संदेश है कि प्रकृति मनुष्य को निराश नहीं करती, बशर्ते हम उसका सम्मान करें। लेकिन जब हम प्रकृति के नियम तोड़ते हैं, उसके साथ छेड़छाड़ करते हैं, तब उसके प्रहरी पक्षी भी अपने संकेत बदलने को मजबूर हो जाते हैं। यही वजह है कि कई बार बाढ़ या अकाल जैसी स्थिति का पूर्वाभास हमें टिटहरी के व्यवहार से पहले ही मिल जाता है।

इस पक्षी का महत्व केवल ग्रामीण जीवन तक सीमित नहीं है। यह हमें याद दिलाता है कि जीवन का हर रूप पर्यावरण के विशाल ताने-बाने से जुड़ा है। जब एक छोटा-सा पक्षी अपने अंडों के ज़रिए भविष्य की तस्वीर दिखा सकता है, तब यह हमारे लिए चेतावनी भी है कि हम इस तंत्र के साथ खिलवाड़ न करें। विज्ञान भी यही कहता है कि पर्यावरण में सूक्ष्मतम बदलाव का सबसे पहले असर पक्षियों और छोटे जीवों पर दिखाई देता है। यदि हम समय रहते उन्हें सुन लें, तो बड़ी त्रासदियों से बच सकते हैं।

संपादकीय दृष्टि से यह कहना उचित है कि टिटहरी कोई साधारण पक्षी नहीं है।





# ये हैं साउथ की सबसे ज्यादा फीस वसूलने वालीं एक्ट्रेस, लिस्ट में रश्मिका से साईं पल्लवी तक शामिल

साउथ फिल्म इंडस्ट्री में कई एक्ट्रेसेस ऐसी हैं जो अपनी पॉपुलैरिटी, टैलेंट और बॉक्स ऑफिस हिट फिल्मों की वजह से सबसे ज्यादा फीस वसूलती हैं. इन स्टार्स की मांग इतनी अधिक है कि बड़े प्रोड्यूसर और निर्देशक उनकी एक्टिंग के लिए मोटी रकम देने को



तैयार रहते हैं. इस लिस्ट में रश्मिका मंदाना और साईं पल्लवी जैसे नाम शामिल हैं, जो न सिर्फ साउथ बल्कि पूरे देश में फैंस के बीच बेहद लोकप्रिय हैं. रश्मिका की खूबसूरती, स्क्रीन प्रजेंस और अभिनय क्षमता उन्हें टॉप फीस चार्ज करने वाली एक्ट्रेस बनाती है. वहीं, साईं पल्लवी की नैचुरल एक्टिंग और अलग अंदाज उन्हें इंडस्ट्री में खास बनाता है.

### नयनतारा

नयनतारा साउथ सिनेमा की लेडी सुपरस्टार कही जाती हैं और उनकी पॉपुलैरिटी पूरे देश में है. उन्होंने अपने लंबे करियर में कई सुपरहिट फिल्मों से दर्शकों का दिल जीता है और आज वे न सिर्फ साउथ बल्कि पूरे भारतीय सिनेमा की टॉप एक्ट्रेसेस में शामिल हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक, नयनतारा ने शाहरुख खान की फिल्म जवान के लिए करीब 10 करोड़ रुपये फीस चार्ज की थी. इसके अलावा, उनकी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ पर बेस्ड नेटफ्लिक्स डॉक्यूमेंट्री नयनताराः बियॉन्ड द फेयरीटेल के लिए उन्होंने लगभग 25 करोड़ रुपये लिए. इतनी बड़ी रकम यह दिखाती है कि नयनतारा का स्टारडम किस ऊंचाई पर है.

### साईं पल्लवी

साईं पल्लवी साउथ इंडस्ट्री की सबसे टैलेंटेड और नैचुरल एक्ट्रेसेस में से एक मानी जाती हैं. अपनी सिंपल खूबसूरती, बेहतरीन अदाकारी और अलग अंदाज की वजह से उन्होंने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है. वे बिना ग्लैमर या भारी मेकअप के भी अपनी एक्टिंग से जादू चला देती हैं, यही उनकी सबसे बड़ी पहचान है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, साईं पल्लवी एक फिल्म के लिए करीब 20 करोड़ रुपये फीस चार्ज करती हैं, जिससे वे इंडस्ट्री की हाईएस्ट पेड एक्ट्रेसेस में शामिल हो जाती



हैं. नितेश तिवारी की फिल्म रामायण में वे सीता का रोल पले करेंगी. इस भूमिका के लिए उन्हें लगभग 12 करोड़ रुपये मिले.

### रश्मिका मंदाना

रश्मिका मंदाना आज साउथ सिनेमा से लेकर बॉलीवुड तक की सबसे लोकप्रिय और डिमांडेड अभिनेत्रियों में गिनी जाती हैं. उन्होंने अपने करियर में तेलुगु, तमिल और हिंदी फिल्मों में काम करके एक बेहद मजबूत और वेरियस पोर्टफोलियो तैयार किया है. कम समय में ही रश्मिका ने ऐसी पहचान बना ली है कि बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स उनके नाम से जुड़ने लगे हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने पुष्पा 2 के लिए करीब 10 करोड़ रुपये, फिल्म छावा के लिए लगभग 4 करोड़ रुपये, और सलमान खान स्टारर सिकंदर के लिए करीब 13 करोड़ रुपये फीस चार्ज की है. इतनी बड़ी फीस चार्ज करना इस बात का सबूत है कि रश्मिका अब



इंडस्ट्री की टॉप पेड एक्ट्रेसेस में शामिल हो चुकी हैं.

### तमन्ना भाटिया

तमन्ना भाटिया साउथ इंडियन सिनेमा की सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक मानी जाती हैं. उन्होंने अपने करियर में कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों से अपनी पहचान बनाई है और आज भी उनकी लोकप्रियता लगातार बनी हुई है. रिपोर्ट्स के अनुसार, तमन्ना एक फिल्म के लिए लगभग 10 करोड़ रुपये फीस चार्ज करती हैं. इतनी बड़ी रकम चार्ज करना उनकी स्टार पावर और लंबे समय से बनी लोकप्रियता का सबूत है.

### मंजू वारियर

मंजू वारियर साउथ इंडस्ट्री की सबसे टैलेंटेड और सफल अभिनेत्रियों में से एक हैं. उन्होंने अपनी दमदार अदाकारी और बेहतरीन फिल्मों के जरिए ऐसा मुकाम हासिल किया है, जो बहुत कम एक्ट्रेसेस को मिलता है. खास बात यह है कि मंजू वारियर इंडस्ट्री की पहली ऐसी अभिनेत्री थीं, जिन्होंने प्रति फिल्म 1 करोड़ रुपये फीस चार्ज की थी. उन्हें साउथ सिनेमा की सबसे पावरफुल अभिनेत्रियों में शामिल करती है.

### त्रिशा कृष्णन

त्रिशा कृष्णन साउथ सिनेमा की जानी-मानी और इक्स्पिरीअन्स्ड एक्ट्रेसेस में से एक हैं. उन्होंने अपने लंबे करियर में कई सुपरहिट और यादगार फिल्में दी हैं. हाल ही में वे पोन्नियिन सेलवन और लियो जैसी बड़ी फिल्मों का हिस्सा रही हैं. इन फिल्मों की सफलता के बाद उनकी डिमांड और भी ज्यादा बढ़ गई है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, त्रिशा अपने अगले बड़े प्रोजेक्ट विश्वम्भरा के लिए लगभग 12 करोड़ रुपये



फीस चार्ज कर रही हैं. इतनी भारी-भरकम फीस वसूलने वाली वे साउथ इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेसेस में शामिल हो गई हैं.

# रचित सिंह से गुपचुप सगाई की अफवाहों के बीच हुमा कुरैशी का क्रिप्टिक पोस्ट वायरल

बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी इन दिनों अपनी फिल्म 'बयान' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में इस फिल्म का प्रीमियर प्रतिष्ठित टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में किया गया, जहां दर्शकों और समीक्षकों ने इसे सराहा। फिल्मों से इतर, हुमा अपनी पर्सनल लाइफ की वजह से भी मीडिया हेडलाइंस का हिस्सा बन रही हैं। पिछले कुछ दिनों से खबरें सामने आ रही हैं कि उन्होंने अपने करीबी दोस्त और एक्टिंग कोच रचित सिंह के साथ चुपचाप सगाई कर ली है। इन सबके बीच हुमा ने एक पोस्ट शेयर किया है, जो लोगों का खूब ध्यान खींच रहा है।

### अफवाहों के बीच हुमा की सोशल मीडिया पोस्ट

सगाई की इन खबरों के बीच हुमा कुरैशी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक स्टोरी शेयर की, जिसमें उन्होंने फ्लाइट में परोसे गए खाने की तस्वीर (नूडल्स से भरा हुआ बाउल) शेयर करते हुए लिखा- "सब लोगों को शांत रहने की ज़रूरत है और अपने काम से काम रखो।" इसके साथ ही हुमा ने यह भी बताया कि वे इस समय साउथ कोरिया पहुंची हैं। उनके इस अप्रत्यक्ष जवाब को फैंस और



मीडिया ने सगाई की उड़ती अफवाहों पर एक तरह का रिएक्शन माना।

### कौन हैं रचित सिंह?

बता दें, हुमा कुरैशी के करीबी माने जाने वाले रचित सिंह पेशे से एक्टिंग कोच हैं। उन्होंने आलिया भट्ट, रणवीर सिंह और विक्की कौशल जैसे कई बड़े सितारों को ट्रेनिंग दी है। एक्टिंग कोचिंग के अलावा रचित खुद भी एक्टिंग की दुनिया से जुड़े रहे हैं और वे वेब सीरीज 'कर्मा कॉलिंग' में नज़र आ चुके हैं। हुमा और रचित लंबे समय से एक-दूसरे को जानते हैं। दोनों को कई मौकों पर साथ देखा गया है। हाल ही में जब 'बयान' की स्क्रीनिंग टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में हुई, तब रचित भी हुमा का सपोर्ट करने वहां मौजूद थे। इसके अलावा वे हुमा की करीबी दोस्त सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की शादी में भी शामिल हुए थे।

# हर बार कुछ अलग करती हूं: सुरवीन चावला

धारावाहिक 'कहीं तो होगा' से अभिनय का सफर शुरू करने वाली सुरवीन चावला ने 'हेट स्टोरी-2', 'अग्ली' जैसी फिल्मों से बड़े पर्दे पर भी अपनी अभिनय क्षमता साबित की है। वहीं, 'सैक्रेड गेम्स', 'क्रिमनल जस्टिस' जैसी वैब सीरीज से उसने ओ.टी. टी. पर अपना जलवा बिखेरा। हाल ही में वह वैब सीरीज 'मंडला मर्डर्स' को लेकर चर्चा में थी। इसमें अपने रोल को लेकर वह कहती है, "पर्दे पर इस रूप, रंग और अंदाज में मुझे पहले कभी नहीं देखा गया। मेरी कोशिश यही रहती है कि हर बार कुछ



अलग लेकर आऊं। गोपी पुथरण सर ( लेखक -निर्देशक ) की फिल्म 'मर्दानी' बहुत पसंद थी। वह अपने प्रोजैक्ट में औरतों को सशक्त रूप में पेश करते हैं। उनकी कहानियों में महिलाओं को पावरफुल रोल्स ही मिलते हैं। पहला मौका था, जब मैंने किसी पॉलिटिशियन का किरदार निभाया। वह आगे कहती है, " आप लक्ष्य अपने दिमाग में रख सकते हैं लेकिन वहां पहुंचने के कई रास्तेहो सकते हैं। यह जरूरी नहींकि सिर्फ एक ही तरह से मंजिल पर पहुंचा जाए ।

# कलाकारों को बहुत कुछ 'झेलना पड़ता है : श्रिया पिलगांवकर

**लोगों को लगता** है कि उनकी लाइफ में ग्लैमर है, फेम है तो उन्हें कोई समस्या नहीं। कई महीने तक लगातार काम होगा, फिर बहुत टाइम तक काम ही नहीं मिलता। अपने अलग निर्देशन के लिए पहचाने जाने वाले प्रियदर्शन अब अपनी एक थ्रिलर फिल्म 'हैवान' लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में अक्षय और सैफ की जोड़ी देखने को मिलेगी । वहीं इसमें श्रिया पिलगांवकर को भी साइन किया गया है।

यह मलयालम फिल्म 'ओप्पम' की रीमेक है, जिसमें मोहनलाल ने अभिनय किया था । श्रिया जल्द ही इस फिल्म अपने हिस्से की शूटिंग शुरू करेगी। वैसे फिल्म की शूटिंग अगस्त में कोच्चि में शुरू हो चुकी है। फिल्म के सैट से अक्षय और सैफ की शूटिंग के दौरान हंसते-बातचीत करते फोटोज भी वायरल हो चुकी हैं। वहीं अपनी नई फिल्म को लेकर श्रिया बेहद उत्साहित नजर आ रही है।

गत दिनों अपनी वैब सीरीज 'छल कपट' को लेकर भी काफी सुर्खियों में रही श्रिया न केवल एक सशक्त अभिनेत्री है बल्कि एक प्रशिक्षित कथक नृत्यांगना, निर्देशक और उभरती हुई लेखिका भी है। उसका मानना है कि महिलाओं को स्क्रीन और सैट दोनों जगह अपनी आवाज बुलंद करने का पूरा हक है। अभिनय के अलावा वह निर्देशन भी पहले कर चुकी है और अब लेखन की ओर बढ़ रही है । कलाकारों की चुनौतियां

उसने फिल्मी सितारों की चुनौतियों के बारे में कहा, आप जब एक कलाकार की जिंदगी जीते हो तो आपको इमोशनली बहुत स्ट्रॉन्ग रहना पड़ता है। दरअसल, लोगों को लगता है कि उनकी लाइफ में ग्लैमर है, फेम है तो उन्हें कोई समस्या नहीं। हमारी— नाइन टू फाइव जॉब' नहीं होती है। कई महीने तक लगातार काम

होगा । फिर कई बार बहुत समय गुजर जाने पर भी काम ही न मिले। जब कुछ नहीं हो रहा होता है, तब आप अपनी लाइफ कैसे जीते हो, यह बहुत महत्वपूर्ण है।

"यह मैंने अपने पापा से सीखा है क्योंकि वह खुद एक एक्टर-डायरैक्टर-प्रोड्यूसर हैं। कभी-कभी सिर्फ काम के लिए न रुकना, हमेशा सही रास्ता नहीं होता है। आप उस रास्ते को बनाने की कोशिश कीजिए। दोस्तों के साथ मिलकर उसे बनाइए। इतने अच्छे-अच्छे लेखक हैं, जिन्हें मौका नहीं मिलता। मैं अभी बहुत स्वतंत्र लेखकों के साथ मिलकर काम करने की कोशिश कर रही हूं। मुझे एक रोमांटिक फिल्म करनी है। अगर सामने से वह नहीं आ रही तो कोशिश करूंगी कि मैं खुद के लिए उसे लिखूं। कोशिश आगे पता नहीं क्या रंग ले आए।



फिल्म इंडस्ट्री में हाल में मां बन चुकी अभिनेत्रियों की ओर से काम के घंटे तय करने को लेकर उठी मांग पर वह कहती है, "मुझे लगता है कि मैटरनिटी की जो बात होती है, वह फिल्म ही नहीं हर पेशे में बहुत जायज है। दरअसल, महिला कलाकारों को ही पता है कि प्रैग्नेंसी के बाद उनके शरीर को क्या-क्या झेलना पड़ता है ।

डांस से अपने लगाव के बारे में वह कहती है, "मैं कथक डांसर हूं। मुझे आशा है कि अगर एक कलाकार के तौर पर मौका मिलेगा किसी लाइव लोकेशन पर बढ़िया- सा गाना शूट करने का तो मैं नहीं छोड़ूंगी। फिलहाल, मुझे अपने डांस का हुनर दिखाने का स्क्रीन पर उतना मौका नहीं मिला है। मैं प्रार्थना कर रही हूं कि मुझे अपने कथक का टैलेंट स्क्रीन पर दिखाने का मौका मिल जाए। मैं खुद को खुशकिस्मत समझती हूं कि बीते कुछ सालों में मुझे बहुत अच्छे किरदार करने को मिले हैं। वैब सीरीज की हीरोइन टाइप किरदार तो खूब मिले हैं लेकिन अब तक एक टिपिकल मसाला टाइप फिल्म नहीं मिली है।

# ऐश्वर्या राय के लिए थे जुनूनी, दीवार में अपना सिर पटकते थे सलमान खान

## एक्ट्रेस से ब्रेकअप के बाद हो गया था बुरा हाल

सलमान खान और ऐश्वर्या राय कभी बॉलीवुड के मोस्ट पॉपुलर कपल थे. हालांकि इस जोड़ी का रिश्ता ज्यादा समय तक नहीं चल पाया और इनका ब्रेकअप हो गया था. इसके बाद ऐश्वर्या राय ने अभिषेक बच्चन संग शादी कर ली थी और सलमान आज भी कुंवारे हैं. वहीं एक लेटेस्ट इंटरव्यू के दौरान एड गुरू प्रह्लाद कक्कड़ ने सलमान खान और ऐश्वर्या राय के अफेयर और ब्रेकअप के बारे में खुलकर बात की और कई चौंकाने वाले खुलासे भी किए.

### ऐश्वर्या के लिए जुनूनी थे सलमान खान

एड मेकर प्रह्लाद कक्कड़ ने ऐश्वर्या के प्रति सलमान के जुनून के बारे में बात की. उन्होंने बताया, वह ऐश्वर्या के साथ बहुत फिजिकल और जुनूनी रहे हैं. आप ऐसे व्यक्ति के साथ कैसे डील कर सकते हैं? " प्रह्लाद और सलमान खान एक ही बिल्डिंग में रहते थे इसलिए उन्होंने देखा कि ऐश्वर्या से ब्रेकअप के बाद दबंग एक्टर कैसे टूट गए थे

### दीवार पर सिर पटकते थे सलमान खान

उन्होंने आगे कहा, मुझे पता था क्योंकि मैं उसी बिल्डिंग में रहता था, वह फ़ोयर में तमाशा करता



था, दीवार पर अपना सिर पटकता था. रिश्ता आधिकारिक तौर पर खत्म होने से बहुत पहले ही खत्म हो गया था. यह सबके लिए राहत की बात थी, उसके माता-पिता के लिए, उसके लिए, पूरी दुनिया के लिए.

### इंडस्ट्री ने नहीं दिया था ऐश्वर्या का साथ

उसी इंटरव्यू में, प्रह्लाद कक्कड़ ने याद किया कि कैसे सलमान खान और ऐश्वर्या राय के ब्रेकअप ने गुरु अभिनेत्री को बहुत प्रभावित किया. उन्होंने खुलासा किया कि वह ब्रेकअप से परेशान नहीं थीं,. हालांकि, ये फैक्ट कि सभी ने सलमान का फेवर लिया, न कि उनका. सच्चाई उनके पक्ष में थी. उन्हें अब इंडस्ट्री पर भरोसा नहीं रहा क्योंकि यह निष्पक्ष नहीं चल रही थी. मैं समझ सकता था कि अगर वह गलत थीं और दूसरा पक्ष सही, या दोनों पक्षों के साथ समान व्यवहार किया गया. लेकिन कुछ भी पूरी तरह से एकतरफा नहीं था.

प्रह्लाद कक्कड़ ने तो यहां तक कबूल किया कि ऐश्वर्या राय अब पहले जितना काम नहीं करतीं क्योंकि उनके दिल में आज भी यह दर्द है. उन्होंने कहा, यहीं पर इंडस्ट्री के प्रति उनकी कमिटमेंट टूट गई. वरना, वह बहुत कमिटेड थीं. उन्हें अब इंडस्ट्री पर भरोसा नहीं रहा. वे निष्पक्ष नहीं थे। उन्हें लगा कि इंडस्ट्री ने उन्हें बहुत धोखा दिया है.

### सलमान खान और ऐश्वर्या राय की प्रेम कहानी और ब्रेकअप

रिपोर्ट्स के मुताबिक, 1999 में आई फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम' के बाद ऐश्वर्या राय और सलमान खान के बीच प्यार शुरू हो गया था. लेकिन 2002 में दोनों अलग हो गए.

ऐश्वर्या अब अभिषेक बच्चन के साथ शादीशुदा ज़िंदगी में खुश हैं और उनकी एक खूबसूरत बेटी आराध्या भी है, जबकि सलमान ने शादी ना करने का फैसला किया है.

# पूर्व पीएम देउबा की पिटाई से डरे ओली का इस्तीफा

## सेना ने कहा था– पहले इस्तीफा दो, फिर भागने को हेलिकॉप्टर मिलेगा, नेपाली मीडिया का दावा



काठमांडू, 18 सितंबर (एजेंसियां)। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने जेन-जेड युवाओं के प्रदर्शन के दौरान 9 सितंबर इस्तीफा दे दिया था। नेपाली न्यूज पोर्टल उकेरा ने दावा किया है उनके इस्तीफे से पहले प्रदर्शनकारियों ने 9 सितंबर को पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के साथ घर में घुसकर मारपीट की थी, जिससे ओली डर गए थे।

इसके बाद उन्होंने नेपाली सेना प्रमुख अशोक राज सिग्देल को फोन करके भागने के लिए हेलिकॉप्टर मांगा था। लेकिन सिग्देल ने उनके सामने शर्त रखी थी कि पहले इस्तीफा दो, तभी हेलिकॉप्टर मिलेगा।

ओली इतनी हड़बड़ी में पीएम आवास से भागे थे कि उप-प्रधानमंत्री बिष्णु पौडेल भी पीछे छूट गए थे, क्योंकि हेलिकॉप्टर में जगह नहीं थी। 9 सितंबर की रात को ही सेना ने देश की कमान अपने हाथ में ले ली थी, जिसके बाद कुछ हद तक हालात कंट्रोल में आए।

**हिंसा में 3 पूर्व पीएम बेघर, समर्थक घर ढूंढ रहे**

हिंसा के बाद नेपाल के तीन पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली, शेर बहादुर देउबा और पुष्प कमल दहल प्रचंड बेघर हो गए हैं। जेन-जेडप्रदर्शनकारियों ने इनके घरों को फूंक डाला था।

फिलहाल ये सभी आर्मी के कैंपों में रह रहे हैं। इनके समर्थक अपने नेताओं के लिए किराए के मकान ढूंढने में जुटे हुए हैं। ये नेता कुछ दिन काठमांडू से बाहर के शहरों जैसे पोखरा में रहना चाहते हैं, ताकि फिर से जेन-जेड के गुस्से का सामना नहीं करना पड़े। नेपाल हिंसा में 72 लोगों की मौत हुई है, जिनमें एक 1 भारतीय महिला भी शामिल है। जबकि 1500 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। नेपाल में सोशल मीडिया बैन के खिलाफ 8 सितंबर को आंदोलन शुरू हुआ था। लेकिन इसके पीछे भ्रष्टाचार और नेताओं और उनके परिवारों की ऐश-ओ-आराम भरी जिंदगी का दिखावा भी बड़ी वजह थी। शुरुआत में आंदोलन शांतिपूर्ण तरीके शुरू हुआ था, लेकिन जब पुलिस ने बल प्रयोग किया तो यह आंदोलन उग्र हो गया और इसके बाद देश भर में नेताओं पर हिंसक हमले शुरू हो गए।

इस हिंसक आंदोलन की वजह से नेपाल की होटल इंडस्ट्री को 25 अरब नेपाली रुपए (16 अरब भारतीय रुपए) से ज्यादा का नुकसान हुआ। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, देशभर में करीब 20-25 होटलों को तोड़ा गया, लूटा गया या आग लगा दी गई।

# पीएम मैक्रों की पत्नी महिला होने का वैज्ञानिक सबूत देंगी

## ट्रम्प समर्थक महिला के खिलाफ अमेरिकी कोर्ट में केस, पुरुष होने की अफवाह फैलाई थी



वॉशिंगटन, 18 सितंबर (एजेंसियां)। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की पत्नी ब्रिगिट मैक्रों कोर्ट में महिला होने का प्रमाण देंगी। उन्होंने अमेरिकी अदालत में ट्रम्प समर्थक एक्टिविस्ट कैंडेस ओवेन्स के खिलाफ मानहानि का केस दायर किया है। ओवेन्स बार-बार दावा करती रही हैं कि ब्रिगिट महिला नहीं पुरुष हैं। इस आरोप को झूठा साबित करने के लिए मैक्रों कोर्ट में फोटोग्राफिक और वैज्ञानिक सबूत पेश करेंगे। मैक्रों के वकील टॉम क्लेयर ने बीबीसी से कहा कि किसी भी इंसान की तरह जब परिवार पर हमला होता है, तो यह परेशान करता है, चाहे वह देश का राष्ट्रपति ही क्यों न हो। क्लेयर ने बताया कि कोर्ट में एक्सपर्ट्स गवाही देंगे और वैज्ञानिक तरह के सबूत सामने आएंगे।

# अहमदाबाद प्लेन क्रैश- अमेरिका में बोइंग-हनीवेल कंपनियों पर केस

## पीड़ित परिवार बोले– खतरे को जानकर भी एक्शन नहीं लिया

वॉशिंगटन, 18 सितंबर (एजेंसियां)। अहमदाबाद प्लेन क्रैश में मारे गए 4 यात्रियों के परिवारों ने अब अमेरिका में विमान बनाने वाली कंपनी बोइंग और उसके पुर्जे बनाने वाली कंपनी हनीवेल के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।

बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, परिवारों का आरोप है कि दोनों कंपनियों की लापरवाही की वजह से यह हादसा हुआ। यह मुकदमा टेक्सास की लैनियर लॉ फर्म के जरिए दायर किया गया है।

इसमें कहा गया है कि विमान में लगे ईंधन स्विच में खराबी थी और यही हादसा की वजह बना। परिवारों का आरोप है कि बोइंग और हनीवेल इन खतरों के बारे में पहले से जानते थे, लेकिन उन्होंने इस पर कोई एक्शन नहीं लिया।

एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर 12 जून को अहमदाबाद से उड़ान भरकर लंदन के गैटविक हवाई अड्डा जा रहा था।। टेकऑफ के कुछ ही देर बाद यह एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गया था। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी। इसमें 60 विदेशी यात्री शामिल थे।

बोइंग ने इस मुकदमे पर कोई टिप्पणी नहीं की है। उसने सिर्फ इतना कहा कि भारत के विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआइबी) की शुरुआती रिपोर्ट इस मामले पर जानकारी देती है।

हनीवेल से भी बीबीसी ने संपर्क किया, लेकिन वहां से कोई जवाब नहीं आया। फिलहाल हादसे की अंतिम जांच रिपोर्ट 2026 में आने की उम्मीद है। इस दुर्घटना में विमान में सवार 229 यात्री, 12 क्रू सदस्य और जमीन पर मौजूद 19 लोग मारे गए थे।

**इंजन में फ्यूल सप्लाई बंद होने से हादसा हुआ था**

शुरुआती जांच में पता चला है कि विमान के इंजनों तक फ्यूल की सप्लाई अचानक बंद हो गई थी।

जांचकर्ताओं ने पाया कि ईंधन स्विच 'रन' से 'कट-ऑफ' पर चला गया था। पायलट ने 10 सेकेंड बाद दोबारा इन्हें चालू किया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

इसकी वजह से इंजनों तक ईंधन पहुंचना रुक गया और विमान को उड़ते रहने के लिए जो ताकत (थ्रस्ट) चाहिए थी, वह पूरी तरह खत्म हो गई।परिवारों का कहना है कि यह डिजाइन की खामी थी।

उनके मुताबिक, स्विच की वजह से अनजाने में ईंधन की आपूर्ति बंद हो सकती थी और यही इस हादसे की जड़ थी। उन्होंने बोइंग और हनीवेल पर आरोप लगाया कि उन्होंने इस समस्या को ठीक करने या रोकने के लिए कुछ नहीं किया।

कॉकपिट की रिकॉर्डिंग से पता चला था कि एक पायलट ने दूसरे से पूछा था कि क्या तुमने स्विच बंद किया है? दूसरे ने जवाब दिया, नहीं। रिपोर्ट में ये भी सामने आया है कि उड़ान से पहले फ्लाइट के एक सेंसर में परेशानी थी जिसे ठीक किया गया।

हादसे के 4 हफ्ते पहले स्विच चेक करने की चेतावनी मिली थी

बोइंग विमानों के रखरखाव को लेकर ब्रिटेन की सिविल एविएशन अथॉरिटी (सीएए) ने अहमदाबाद प्लेन क्रैश के चार हफ्ते पहले बोइंग विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच को लेकर को लेकर अलर्ट जारी किया था।

सीएए ने 15 मई को एयरलाइनों को निर्देश दिए थे कि वे अमेरिका की फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) के निर्देशों का पालन करें। एफएए ने अपने निर्देश में बोइंग 737, 757, 767, 777 और 787 विमानों में फ्यूल शटऑफ वॉल्व एक्ट्यूएटर्स को संभावित खतरा बताया था।

सीएए ने ब्रिटेन आने वाली सभी एयरलाइनों को आदेश भी दिया था कि वे इन वॉल्व्स की जांच करें, जरूरत हो तो बदलें या रिपेयर करें और रोजाना जांच को अनिवार्य रूप से करें। वहीं, प्राइमरी रिपोर्ट में सामने आया है कि प्लेन के फ्यूल स्विच बंद होने की वजह से अहमदाबाद हादसा हुआ था।

दरअसल, 2018 में यूएस फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने प्लेन ऑपरेटरों को सलाह दी थी कि वे ईंधन स्विच के लॉकिंग सिस्टम की जांच करें ताकि यह गलती से न हिले।

लेकिन यह सिर्फ एक सलाह थी, इसे लागू करना अनिवार्य नहीं था। पीड़ित परिवारों का आरोप है कि कंपनियों ने न तो एयरलाइनों को इस खतरे के बारे में पर्याप्त चेतावनी दी और न ही समय पर ऐसे पुर्जे उपलब्ध कराए जो समस्या को दूर कर सकते थे।

# रूस से तेल खरीद और सैन्य रिश्ते करीबी संबंधों में बन रहे बाधा

मॉस्को, 18 सितंबर (एजेंसियां)। यूरोपियन यूनियन ने भारत के रूस से नजदीकी रिश्ते पर नाराजगी का इजहार किया है। यूनियन की शीर्ष राजनयिक काजा कल्लास ने बुधवार को अपने एक बयान में कहा कि भारत ने रूस से तेल खरीद लगातार जारी रखी है। दोनों देशों में मजबूत रक्षा संबंध भी हैं। रूस के सैन्य अभ्यासों में भागीदारी और तेल की खरीद यूरोपीय संघ के साथ भारत के घनिष्ठ संबंधों के रास्ते में बाधा बन रही है। अमेरिका की ओर से भी भारत के रूस से तेल खरीद पर लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं।

कल्लास ने यूरोपीय संघ और भारत संबंधों को मजबूत करने की रणनीति पर कहा कि हमारे संबंधों को सीमित ना किया जाए। हमारी साझेदारी व्यापार तक सीमित नहीं है। यह नियम आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था की रक्षा के बारे में भी है। ऐसे में रूस के साथ भारत के रिश्ते से हमारे संबंधों पर असर पड़ता है। रूस ने भारत के तेल खरीदने का फायदा यूक्रेन के खिलाफ लड़ाई में उठाया है। ऐसे में इसको लेकर हमारी भारत से कुछ शिकायतें हैं।

**पेश किया नया एजेंडा**

यूरोपीय संघ (ईयू) ने रक्षा, व्यापार और ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में भारत के साथ अपने संबंधों को महत्वपूर्ण रूप से आगे बढ़ाने और प्रमुख वैश्विक चुनौतियों से मिलकर निपटने के लिए नया रणनीतिक एजेंडा 'न्यू स्ट्रेटेजिक ईयू-इंडिया एजेंडा' पेश किया है। ईयू ने कहा कि बदलती भूराजनीतिक वास्तविकताओं के मद्देनजर भारत के साथ घनिष्ठ साझेदारी महत्वपूर्ण होती जा रही है। दोनों पक्षों के लिए आर्थिक विकास और सुरक्षा मजबूत करना जरूरी है।

ईयू ने नए दस्तावेज को जारी करने के बाद कहा कि यूरोप पहले से ही भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। हम इस वर्ष के अंत तक अपने मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यूरोप व्यापार के लिए खुला है और हम भारत के साथ अपने साझा भविष्य में निवेश करने के लिए तैयार हैं।

**पांच क्षेत्रों की पहचान की गई**

नए रणनीतिक एजेंडे को यूरोपीय संघ के सभी 27 सदस्य देशों की ओर से अनुमोदित किया जाना होगा। अनुमोदन प्रक्रिया के बाद इसे अगले वर्ष होने वाले भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में अपनाया जायेगा। रणनीतिक एजेंडे में साझा हित के पांच क्षेत्रों की पहचान की गई है। दस्तावेज में समुद्री सुरक्षा, साइबर रक्षा और आतंकवाद-रोधी अभियान की दिशा में सहयोग बढ़ाने के क्षेत्रों के रूप में चिह्नित किया गया है।

# ब्रिटेन में ट्रम्प के राजकीय दौरे का विरोध

## हजारों लोग सड़कों पर उतरे, अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ नारे लगाए




लंदन, 18 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के राजकीय दौरे के विरोध में हजारों लोगों ने लंदन की सड़कों पर प्रदर्शन किया। इस रैली को 'स्टॉप ट्रम्प कोएलिशन' नामक संगठन ने निकाला।

इसमें 50 से ज्यादा यूनियन और सामाजिक संगठनों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने लंदन के पोर्टलैंड प्लेस से संसद भवन चौराहे तक रैली निकाली।

लंदन मेट्रोपॉलिटन पुलिस के मुताबिक करीब 5000 लोग इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। सुरक्षा के लिए 1600 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे।

लोगों ने विरोध के लिए हाथों में तख्तियां ले रखी थीं। इन पर 'ट्रम्प नॉट वेलकम', 'नो टू रेसिज्म' और 'स्टॉप आर्मिंग इजराइल' यानी इजराइल को हथियार देना बंद करो, लिखा था। कई लोग ट्रम्प बेबी ब्लिम्प नाम के कॉस्ट्यूम के साथ भी पहुंचे। यह कॉस्ट्यूम 2019 में मशहूर हुआ था।

# उत्तरी अफ्रीकी देश लीबिया के तट पर डूबी नाव

## आईओएम बोला– ग्रीस जा रहे 50 प्रवासियों की मौत

काहिरा, 18 सितंबर (एजेंसियां)। लीबिया के तट के पास रविवार को एक नाव हादसे में 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। यह नाव सूडान के शरणार्थियों को लेकर ग्रीस जा रही थी। अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने गुरुवार को जानकारी दी कि नाव में अचानक आग लग गई और वह डूब गई। यह हादसा लीबिया के पूर्वी तट पर तोब्रुक शहर से लगभग 60 किलोमीटर दूर समुद्र में हुआ। आईओएम के मुताबिक, इस नाव में कुल 75 शरणार्थी सवार थे। अब तक 24 लोगों को बचा लिया गया है, जबकि बाकी लापता हैं।

**शव बरामद करने का प्रयास जारी**

लीबिया रेड क्रेसेंट ने सोमवार को बताया कि उसे तोब्रुक के अधिकारियों से आपातकालीन कॉल मिली थी। इसके बाद बचावकर्मी कम्बोट बीच (तट से



60 किलोमीटर पश्चिम) और काबेस क्षेत्र (तट से 90 किलोमीटर पूर्व) से शव बरामद कर रहे हैं। हालांकि यह साफ नहीं है कि मिले शव उसी डूबी हुई नाव के यात्रियों के हैं या नहीं।

**लीबिया- प्रवासियों के लिए खतरनाक रास्ता**

लीबिया लंबे समय से युद्ध और गरीबी से भाग रहे अफ्रीका और मध्य पूर्व के लोगों के लिए यूरोप जाने का प्रमुख रास्ता रहा है। यहां से प्रवासी समुद्र के रास्ते इटली या ग्रीस पहुंचने की कोशिश करते हैं। लेकिन यह यात्रा बेहद खतरनाक होती है। नावें अक्सर ओवरलोड होती हैं और खराब मौसम या तकनीकी खराबी के कारण डूब जाती हैं।

इस महीने की शुरुआत में लीबिया के तट के पास एक नाव पलट गई थी, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हुई और 22 लोग लापता हो गए थे। उस समय नाव में 32 प्रवासी सवार थे, जिनमें से नौ लोगों को बचा लिया गया था।

# फ्रांस से 114 राफेल खरीदकर भी भारत नहीं बना पाएगा दुश्मन को हराने वाला 'किल चेन'

पेरिस/नई दिल्ली, 18 सितंबर (एजेंसियां)। आधुनिक युद्ध में अब अगर कोई देश सोचे की वो सिर्फ फाइटर जेट के बलबूते अपने दुश्मन को परास्त कर देगा, तो अब शायद वो नहीं होगा। आधुनिक हवाई युद्ध अब सिर्फ एक लड़ाकू विमान की क्षमता पर निर्भर नहीं है, बल्कि मॉडर्न वारफेयर एक पूरे पैकेज में लड़ा जाता है। असली गेम किल चेन नेटवर्क का है, यानी अलग-अलग हथियार सिस्टम, रडार, एवियोनिक्स और सेंसर का आपसी तालमेल। इसमें ग्राउंड-बेस्ड रडार, एअरबोर्न अर्ली वॉर्निंग सिस्टम (एडब्ल्यूएसीएस), इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर (ईडब्ल्यू) प्लेटफॉर्म और डेटा लिंक शामिल होते हैं, जो मिलकर दुश्मन को पहचानने, ट्रैक करने और नष्ट करते हैं। इस दौरान दुश्मन के फाइटर जेट को पता भी नहीं चल पाता कि मिसाइल किस दिशा से आ रही है, कहां से फायर की गई है। उसे तब पता चलता है जब उसके पास एक या दो सेकंड का वक्त होता है और तब तक खेल खत्म हो चुका होता है। भारतीय वायुसेना ने फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट से 114 राफेल फाइटर जेट खरीदने का प्रस्ताव भारतीय रक्षा मंत्रालय को भेजा है। अगर भारतीय वायुसेना के प्रस्ताव पर सरकार की तरफ से मुहर लगती है तो अगले कुछ सालों में भारतीय वायुसेना के बेड़े में राफेल फाइटर जेट धीरे धीरे शामिल होने शुरू हो जाएंगे। दिप्रिंट की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कम से कम 20 राफेल अगले एक से दो सालों में भारत को मिल जाएंगे। लेकिन क्या फ्रांस भारत को सोर्स कोड देगा, क्या बिना सोर्स कोड के भारत मॉडर्न वारफेयर के हिसाब से 'किल चेन' तैयार कर पाएगा?

# पाकिस्तान-सऊदी अरब रक्षा समझौते से खुश क्यों है चीन

## बता रहा भारत-इजरायल को घेरने की रणनीति

बीजिंग, 18 सितंबर (एजेंसियां)। सऊदी अरब और पाकिस्तान ने बुधवार को एक औपचारिक आपसी रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत किसी एक पर कोई भी हमला दोनों पर हमला माना जाएगा। बताया जा रहा है कि यह कदम बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के बीच दशकों पुरानी सुरक्षा साझेदारी को और अधिक मजबूत करेगा। सऊदी अरब और पाकिस्तान पुराने दोस्त हैं। सऊदी अरब को पाकिस्तान का एटीएम भी कहा जाता है। चीन के साथ भी पाकिस्तान की मजबूत रक्षा साझेदारी है। इसके बावजूद चीन ने सऊदी अरब-पाकिस्तान रक्षा समझौते की जमकर तारीफ की है। चीनी विशेषज्ञों ने इसे भारत और इजरायल को घेरने की रणनीति करार दिया है।

यह रक्षा समझौता ऐसे समय हुआ है, जब खाड़ी के अरब देश लंबे समय के सुरक्षा गारंटर के रूप में अमेरिका की विश्वनीयता पर संदेह जता रहे हैं। पिछले हफ्ते कतर पर इजरायली हमले ने इन देशों की चिंताओं को और बढ़ा दिया है। इस्लामाबाद स्थित पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, इस महत्वपूर्ण समझौते में कहा गया है कि किसी भी देश के खिलाफ किसी भी आक्रमण को दोनों के खिलाफ आक्रमण माना जाएगा। पाकिस्तानी सरकारी टेलीविजन ने समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान को मुस्कुराते हुए एक-दूसरे को गले लगाते हुए दिखाया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इस अवसर पर पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर भी उपस्थित थे, जिन्हें देश का सबसे शक्तिशाली व्यक्ति माना



जाता है। माना जा रहा है कि इस समझौते के सूत्रधार मुनीर ही हैं, क्योंकि वह जानते हैं कि भारत को उनकी सेना अकेले दम पर हरा नहीं सकती, ऐसे में सऊदी के जरिए दबाव डालकर वह एक मजबूत बचावकर्ता को खोज रहे हैं। चीनी विशेषज्ञ सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हुए इस नए रक्षा समझौते को तात्कालिक क्षेत्रीय तनावों की प्रतिक्रिया और उनकी दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी की परिणति के रूप में देखते हैं। शंघाई अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन विश्वविद्यालय के मध्य पूर्व अध्ययन संस्थान के प्रोफेसर लियू झोंगमिन ने कहा, इस समझौते का मुख्य प्रावधान—किसी एक पर हमले को दोनों पर हमला मानना—औपचारिक गठबंधन संधियों में दी जाने वाली सुरक्षा गारंटी जैसा है।

# 120 अमेरिकी सैनिक बांग्लादेश पहुंचे

## बिना नाम रजिस्टर किए चटगांव के होटल में ठहरे, मिलिट्री एक्सरसाइज में हिस्सा लेंगे

ढाका, 18 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिका से 120 सैनिक 10 सितंबर को जॉइंट मिलिट्री एक्सरसाइज के लिए बांग्लादेश पहुंचे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये सैनिक चटगांव के 5 स्टार रैडिसन ब्लू होटल में ठहरे हैं। यहां उनके लिए 85 कमरे पहले से बुक किए गए थे, लेकिन होटल के रजिस्टर में उनके नाम नहीं हैं। ये सैनिक 20 सितंबर को वापस जाएंगे। इसके बाद मिस्र का एक सैन्य विमान 14 सितंबर को चटगांव के शाह अमानत हवाई अड्डे पर उतरा। इसके अगले दिन अमेरिकी सैनिकों ने बांग्लादेश वायुसेना के पटेंगा एयर बेस का दौरा किया। पहले भी अमेरिकी और बांग्लादेशी सेना ने 'टाइगर लाइटनिंग' और 'ऑपरेशन लाइटनिंग' नाम से दो मिलिट्री एक्सरसाइज की थी। इनका मकसद दोनों देशों की सेनाओं का आपसी तालमेल बढ़ाना और शांति मिशनों की तैयारी करना था।


इस साल की शुरुआत में सिलहट के जलालाबाद कैंटोनमेंट में बांग्लादेश सेना और अमेरिकी सेना के पैसफिक कमांड के बीच टाइगर लाइटनिंग-2025 अभ्यास हुआ था। यह अभ्यास शांति स्थापना, क्षेत्रीय सुरक्षा और आपसी सहयोग पर केंद्रित था। सूत्रों के अनुसार, वर्तमान अभ्यास से पहले कतर और थाईलैंड की अग्रिम टीमें चटगांव भेजी गई थीं।

विमानन ट्रैकर्स ने पुष्टि की कि अमेरिकी सेना अपने साथ दो बड़े अमेरिकी सैन्य ट्रांसपोर्ट विमान, जिनमें से एक का कॉल साइन वाइजे-692 था, शाह अमानत हवाई अड्डे पर उतरे।

# मिस्र के म्यूजियम से गायब हुआ 3000 साल पुराना किंग ब्रेसलेट

## फराओ ने अपने हाथ में पहना था, शुरू हुआ ग्रैंड सर्च ऑपरेशन

काहिरा, 18 सितंबर (एजेंसियां)। मिस्र के अधिकारियों ने काहिरा के संग्रहालय से गायब हुए 3000 साल पुराने ब्रेसलेट की खोज शुरू की है। यह ब्रेसलेट प्राचीन मिस्र के शासक फराओ (फिरौन) अमेनेमोप का था। इसे राजधानी काहिरा के तहरीर चौक स्थित संग्रहालय में रखा गया था, जहां से यह गायब हो गया। हालांकि, सोने से बना और नीले रत्न लैपिस लाजुली से जड़ा यह बेशकीमती कंगन बहुत पहले गायब हुआ था, लेकिन मिस्री अधिकारियों ने इस बारे में बाद में घोषणा की। मिस्र के पुरावशेष मंत्रालय ने बताया कि अधिकारियों ने जांचकर्ताओं को उचित कार्य वातावरण देने के लिए इस घटना को सार्वजनिक करने में देरी की।



पहले गुप्त जांच से इसका पता लगाने की कोशिश की गई, लेकिन नाकामी हाथ लगी जिसके बाद इसके गायब होने की घोषणा की गई। इस नायाब कलाकृति की तस्वीरों को मिस्र के मीडिया को दिया गया है। साथ ही देश से बाहर तस्करी के प्रयासों को रोकने के लिए हवाई अड्डों, बंदरगाहों और जमीनी क्रॉसिंग पर अधिकारियों को भेजा गया है। मिस्र के अखबार अल-मसरी अल-यूम ने बताया कि कर्मचारियों को कंगन के गायब होने के बारे में तब पता चला, जब वे संग्रहालय में दर्जनों वस्तुओं को अगले महीने रोम में होने वाली एक पुरातात्विक प्रदर्शनी में ले जाने की तैयारी कर रहे थे। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में पुरातत्वविद क्रिस्टोस त्सिरोगियानिस ने सीएनएन को बताया कि इस कंगन के गायब होने को लेकर कोई हैरानी नहीं होनी चाहिए, क्योंकि ऐसी कीमती वस्तुओं का बड़ा बाजार है।

क्रिस्टोस ने बताया कि कंगन के बारे में कई संभावनाएं बनती हैं। अगर इसकी विदेश में तस्करी की गई है, तो यह आगे चलकर किसी नीलामी में या जाली दस्तावेजों के तहत किसी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर दिखाई दे सकता है। एक संभावना और है कि तस्कर इसे पिघलाकर सोना बेच सकते हैं, लेकिन इससे फायदा कम होगा।

# मक्का को बचाने के लिए आतंकियों से भिड़ गई थी पाकिस्तान सेना

## सऊदी प्रिंस एमबीएस ने यूं ही नहीं किया नाटो जैसा रक्षा समझौता

रियाद, 18 सितंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान और सऊदी अरब में बुधवार को हुए रक्षा समझौते की दुनियाभर में चर्चा है। ये समझौता नाटो देशों की आपसी सुरक्षा गारंटी की तरह है। इसमें सऊदी या पाकिस्तान में से किसी एक पर हमले को दूसरा देश खुद पर हमला मानेगा। यानी अगर पाकिस्तान पर कोई अटैक होता है तो सऊदी उसे खुद पर हमला मानते हुए सामने आकर प्रतिक्रिया देगा। पाकिस्तान और सऊदी में सैन्य सहयोग दशकों पुराना है लेकिन नए समझौते की कुछ शर्तें भारत का ध्यान खींच रही हैं। पाकिस्तान और सऊदी के सैन्य संबंध कई दशक पुराने हैं। इनमें एक अहम पड़ाव 1979 में देखने को मिला था। साल 1979 में मक्का में एक आतंकी गुट ने मस्जिद अल हरम पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद सऊदी ने पाकिस्तानी आर्मी से मदद मांगी थी। इसके बाद पाक आर्मी ने सऊदी सेना के साथ मिलकर मस्जिद को बचाया था। इसके बाद खाड़ी युद्ध के दौरान भी पाक आर्मी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मक्का की ग्रैंड मस्जिद (मस्जिद अल हरम) पर 20 नवंबर 1979 को जुहैमान अल ओतैबी के नेतृत्व में करीब 200 हथियारबंद लोगों ने कब्जा कर लिया। उस वक्त करीब 50,000 लोग मस्जिद में मौजूद थे। जुहैमन और उसके अनुयायी ताबूतों में हथियार छुपाकर लाए थे। नमाज के बाद इमाम को हटाकर माइक्रोफोन से मस्जिद को कब्जे में लेने का ऐलान कर दिया गया। एक घंटे के अंदर ही मस्जिद पर पूरी तरह से उनका कब्जा हो गया।

सऊदी सेना ने हमलावरों के खिलाफ एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल, तोप और गेट तोड़ने के लिए बख्तरबंद व्हीकल का इस्तेमाल किया। आखिरकार 4 दिसंबर को इस घेराबंदी को सऊदी सेना ने खत्म किया और मस्जिद में बंधक बनाए गए आम लोगों को निकाला गया। इस पूरे ऑपरेशन में सऊदी की आर्मी को पाक सेना के विशेषतौर पर मदद मिली थी। पाकिस्तान से सऊदी की मदद के लिए कमांडो भेजे गए थे। पाकिस्तान की आर्मी लंबे समय से सऊदी सैनिकों को प्रशिक्षण दे रही है। पाक के पूर्व आर्मी चीफ राहील आतंक विरोधी सऊदी नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन के प्रमुख के रूप में रियाद में तैनात हैं। सऊदी को पहले भी पाक से सैन्य मदद का आश्वासन मिलता रहा है। ऐसे में सवाल यह है कि इस समझौते में नया क्या है, जिसका असर भारत और क्षेत्र पर पड़ने की बात एक्सपर्ट कह रहे हैं। पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच अभी तक एक-दूसरे को सैन्य मदद के लिए बाध्य करने वाली संधियों के बजाय जुबानी भरोसे से काम चल रहा था। दोनों देशों में हुए इस नए समझौते यह पहली बार है कि इस तरह की किसी चीज को समझौते के रूप में औपचारिक रूप दिया गया है।

# बीजेपी जिलाध्यक्ष बोले-उमेश पटेल ने अशोक चक्र पर रखा पैर

## रायगढ़ में रैली में किया अपमान, कांग्रेस बोली– पहले अशोक चक्र की परिभाषा समझे भाजपा

रायगढ़, 18 सितंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में बीजेपी जिलाध्यक्ष अरूण धर दीवान ने कहा कि, खरसिया विधायक उमेश पटेल पर राष्ट्रीय प्रतीक अशोक चक्र पर पैर रखकर अपमान किया है। वहीं, कांग्रेस का कहना है कि भाजपा जिलाध्यक्ष पहले अशोक चक्रधर की परिभाषा समझे।

दरअसल, भाजपा जिलाध्यक्ष ने यह पोस्ट बुधवार को किया था। जिसमें उन्होंने लिखा कि मुंह में राम, बगल में छुरी, हाथ में संविधान और कदमों में अशोक चक्र। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट की उपस्थिति में आयोजित रैली में उमेश पटेल ने राष्ट्रीय प्रतीक अशोक चक्र के ऊपर जूता रखकर अपमान किया है।

उन्होंने आगे लिखा है कि, संविधान की बात करने वाली कांग्रेस पार्टी का यही असती चेहरा है। इस पोस्ट के बाद से उसमें कई तरह के कमेंट्स भी



आने लगे और 60 लोगों ने इस पोस्ट को शेयर भी किया है।

बीजेपी जिलाध्यक्ष अरूण धर दीवान ने बताया कि, राष्ट्रीय प्रतीक अधिनियम 2005 के अनुसार कोई भी व्यक्ति यदि राष्ट्रीय चिन्ह का गलत उपयोग, व्यापारिक उपयोग, अनादर या अपमान करता है तो यह दंडनीय अपराध है।

उन्होंने बताया कि, उस तस्वीर में नजर आ रहा है कि गाड़ी पर पूर्व मंत्री उमेश पटेल ऐसे बैठे हैं कि उनका जूता अशोक चक्र पर आ गया है। मेरा यही आग्रह है वे इस गलती के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांग ले, तो ठीक है, नहीं तो प्रशासनिक कार्रवाई की मांग की जाएगी। कांग्रेस अपने बचाव के लिए इसे अशोक चक्र नहीं बता रही है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनिल शुक्ला ने इस मामले में कहा कि, सबसे पहले भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक चक्र की परिभाषा समझ ले। अशोक चक्र क्या है। अशोक चक्र में 24 तिलियों का बना नीले रंग का चक्र होता है।

ये जो नजर आ रहा एक समान्य चक्र की परिभाषा में है। उन्होंने बताया कि अशोक चक्र को किसी भी राजनीतिक दल अपने न किसी झंडे में लगाता है और न बैनर में लगाता है। यह एक सामान्य डिजाइन था। जिसमें उमेश पटेल का पैर संयोग से आ गया है। इस तरह की सस्ती राजनीति करने में भारतीय जनता पार्टी माहिर है।

# बोलेरो अनियंत्रित होकर पलटी, चालक मरा

## विश्वकर्मा पूजा के बाद घूमने निकले, शराब पीकर चला रहे थे गाड़ी, एक घायल

गुमला, 18 सितंबर (एजेंसियां)। लातेहार जिले के महुआडाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत अहीर पूर्वा मोड़ के समीप बुधवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। बोलेरो के बेकाबू होकर पलट जाने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए आगे आए।

हादसे में बोलेरो चालक साले गांव के रहने वाले 25 वर्षीय जॉन कुजूर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसके साथी सुधीर एक्का को गंभीर चोटें आईं। ग्रामीणों ने तत्काल घायल को महुआडाड़ अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

# भाषण के बीच अजान सुनाई दी डेढ़-मिनट नहीं बोले पायलट

## सचिन ने कहा–चुनाव आयोग और भाजपा लोकतंत्र कमजोर कर रहे, भूपेश बघेल बोले–दिनदहाड़े हत्याएं हो रही

रायपुर, 18 सितंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में 'वोट चोर-गद्दी छोड़' यात्रा का तीसरा दिन है। सचिन पायलट ने राजनांदगांव और दुर्ग में मोदी सरकार को वोट चोर बताया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर लोकतंत्र को कमजोर कर रहा है। राहुल गांधी ने वोट चोरी के सबूत दिए, लेकिन आयोग ने उल्टा उन्हें नोटिस थमा दिया।

पायलट ने कहा कि छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा पर भी यही आरोप लगे, लेकिन उन्हें कोई नोटिस नहीं मिला। चुनाव आयोग अब भाजपा सरकार के लिए काम करता दिख रहा है। छत्तीसगढ़ में जनता बदलाव चाहती है और कांग्रेस की सरकार बनेगी। वहीं भाषण के दौरान



अजान की आवाज़ आई, तो पायलट ने डेढ़ मिनट तक मौन रखकर धार्मिक भावनाओं का सम्मान किया। इसके बाद पायलट ने कहा कि वोट चोरों को देश की जनता माफ नहीं करेगी। देशभर में वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठ रही है। वहीं इसी सभा में पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि निर्वाचन आयोग देश का नहीं भाजपा का बन गया है। विधानसभा चुनाव में वोटों की चोरी हुई। वोटर लिस्ट में किसी का नाम काट दिया गया तो किसी का तीन-तीन बार नाम है। एक घर से सैकड़ों नाम भी सामने आए हैं। भूपेश बघेल ने कहा कि वोट चोरी पर चुनाव आयोग चुप रहा, लेकिन जवाब भाजपा देती रही। निर्वाचन आयोग देश का नहीं भाजपा का बन गया है। बघेल ने बिजली कटौती पर कहा कि, कांग्रेस कार्यकाल में बिजली बिल नहीं बढ़ाया गया, लेकिन भाजपा ने आते ही पहले बिजली दरें बढ़ाई। बिजली बिल हाफ योजना बंद किया। अब बिजली का वोल्टेज भी कम हो गया और सांय-सांय कटौती हो रही है। छत्तीसगढ़ की जनता बिजली और बिल दोनों से परेशान है। किसान, मजदूर और जनता त्रस्त है। सरकार में जनता की आवाज सुनने वाला कोई नहीं है। प्रदेश में दिनदहाड़े हत्याएं हो रही है।

# अवैध रेत खनन, कांग्रेस विधायक को मिलने थे 3 लाख

## तत्कालीन कलेक्टर और एसडीएम को भी मिलना था 5 लाख, लेनदेन का ऑडियो सामने आया



अवैध रेत खनन को लेकर कांग्रेसी और अधिकारियों के बीच 10 लाख में डील हुई थी। वायरल ऑडियो में तत्कालीन कलेक्टर 3, एसडीएम 2 और विधायक को 5 लाख दिए जाने की बातचीत हो रही है। हालांकि, अभी तक इस ऑडियो की प्रामाणिकता की आधिकारिक पुष्टि अब तक नहीं हुई है।

जांजगीर-चांपा, 18 सितंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में अवैध तरीके से रेत खनन कारोबार जारी है। इस बीच कांग्रेस विधायक का कथित ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें रेत खनन और परिवहन के साथ ही कलेक्टर-एसडीएम को पैसे देने की बात की जा रही है। विधायक ने अपने ऊपर आरोपों को खारिज करते हुए वायरल ऑडियो को एआइ जनरेट बताया है।

जानकारी के मुताबिक, यह मामला दिसंबर 2024 का है।

वायरल ऑडियो पामगढ़ विधायक शेषराज हरबंश का बताया जा रहा है। जबकि बात कर रहे युवक कांग्रेस कार्यकर्ता बताए जा रहे है। जिसमें एक का नाम रोशन भास्कर और दूसरे का नाम राजेश भारद्वाज बताया जा रहा है। जिसमें दोनों विधायक से पैसे के लेनदेन को लेकर बात करते सुनाई दे रहे हैं। ऑडियो वायरल होने के बाद इस मामले में राजनीतिक बहस भी छिड़ गई है।

# माओवादियों का ऑडियो वायरल- हथियार छोड़ने को तैयार

## कहा– जेल में बंद साथियों से बात करेंगे आईजी–गृहमंत्री बोले– पहले लेटर की जांच करेंगे

जगदलपुर, 18 सितंबर (एजेंसियां)। नक्सलियों की केंद्रीय कमेटी अब सरकार के सामने सरेंडर करने और हथियार डालने राजी हो गई। सीपीआई (माओवादी) ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा है कि उनकी पार्टी फिलहाल अस्थायी तौर पर हथियारबंद संघर्ष को रोकने और शांति वार्ता के लिए तैयार है। संगठन ने साफ किया है कि वे सरकार से गंभीर और ईमानदार पहल की उम्मीद कर रहे हैं।

पार्टी ने कहा कि उसने 2024 से चल रहे अभियान में पुलिस और सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ों का सामना किया है, जिसमें दोनों ओर से नुकसान हुआ है। इसी पृष्ठभूमि में पार्टी ने यह निर्णय लिया है कि एक महीने तक सरकार से संवाद की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाए और कैद माओवादी नेताओं को भी वार्ता में शामिल करने का अवसर दिया जाए।

नक्सली लीडर अभय का यह प्रेस नोट 15 अगस्त 2025 का है, जो अब वायरल हो रहा है। इसके साथ ही एक ऑडियो भी वायरल



हुआ है, जिसमें भी नक्सली लीडर अभय ने यही बात कही है। प्रेस नोट में कहा गया है कि अगर सरकार वास्तव में वार्ता चाहती है, तो वह जेल में बंद माओवादी साथियों से भी विचार-विमर्श की अनुमति दे और इस दौरान संगठन पर पुलिस दबाव न डाले।

छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों के लेटर की जांच कराने की बात कही, उनके मुताबिक केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और सीएम साय इस पर फैसला लेंगे। इससे पहले बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने दैनिक भास्कर से कहा कि फिलहाल नक्सलियों के इस पर्चे की जांच कर रहे हैं।

जब हम पूरी तरह से स्पष्ट हो जाएंगे, उसके बाद ही कुछ प्रतिक्रिया दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पर्चे में जिस नक्सली की तस्वीर है वह नक्सली लीडर अभय है। आईजी सुंदरराज पी ने कहा कि यह फिर से स्पष्ट किया जाता है कि सीपीआई (माओवादी) के साथ किसी भी प्रकार की बातचीत या संवाद पर निर्णय के संबंध में सरकार फैसला लेगी। वहीं इस पर दीपक बैज ने कहा कि नक्सल मामले में सरकार कन्फ्यूज है। गृहमंत्री का अलग बयान आ रहा है, मुख्यमंत्री का अलग बयान आ रहा है। सरकार पहले तय कर ले कहना क्या चाह रही है और करना क्या चाह रही है। नक्सलियों का पत्र आया है तो जांच होनी चाहिए। नक्सलवाद खत्म होने को लेकर कहा कि इस पर 26 मार्च 2026 के बाद ही बात करेंगे। नक्सली लीडर अभय ने प्रेस नोट में लिखा है- हथियारबंद संघर्ष को अस्थाई रूप से विराम घोषित करने का निर्णय लिए हैं। हम यह स्पष्ट कर रहे हैं कि भविष्य में हम जन समस्याओं पर तमाम राजनीतिक पार्टियों एवं संघर्षरत संस्थाओं से जहां तक संभव हो कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करेंगे।

# पत्नी ने प्रेमी से करवाई पति की हत्या

## मर्डर के लिए प्रेमी को दे दिया था एटीएम कार्ड, खेल मैदान में मिली थी युवक की लाश

कोडरमा, 18 सितंबर (एजेंसियां)। कोडरमा में पुलिस ने पति की हत्या के आरोप में बुधवार को पत्नी, उसके प्रेमी और चचेरे भाई को गिरफ्तार कर लिया। युवक की हत्या पत्थर से कुचलकर की गई थी। उसका शव सिंगारडीह खेल मैदान से बरामद किया गया था।

घटना तिलैया डैम ओपी क्षेत्र अंतर्गत विरसोडीह पंचायत के जमकट्टी गांव की है। मृतक की पहचान हड़ाही पंचायत के चमगुदो खुर्द निवासी 30 वर्षीय गोवर्धन साव उर्फ मोदी साव के रूप में हुई थी। गोवर्धन साव की हत्या उसकी पत्नी ने अवैध संबंध में अपने प्रेमी से करवाई थी।

### दो माह पूर्व प्रोविडेंट फंड के 50 हजार रुपए आए थे

एसपी अनुदीप सिंह ने गुरुवार को बताया कि मृतक गोवर्धन के खाते में दो माह पूर्व प्रोविडेंट फंड के 50 हजार रुपए आए थे। जिसे गोवर्धन ने बबिता के खाते में ट्रांसफर कर दिए थे। बबीता ने पुलिस को बताया कि उसने महिला समिति से लोन लिया था, जिसे चुकाने के लिए अपने प्रेमी अजय को अपना एटीएम कार्ड दे दिया था। दो माह पूर्व ही अजय ने दो किस्तों में 20-20 हजार रुपए की राशि उक्त महिला समूह के पास जमा कर दी थी।

इधर, घटना से एक दिन पूर्व बबिता ने अजय को फोन के माध्यम से बताया था कि गोवर्धन की हत्या कर खाते में बचे 10 हजार रुपए में से जितनी रकम की जरूरत हो, निकाल लेना। उसने बताया कि अजय के साथ उसका प्रेम प्रसंग पिछले दो वर्षों से चल रहा था।

तब से वे और अजय फोन पर बातें करते थे और बीच-बीच में मुलाकात भी करते थे। बताते चलें कि गोवर्धन की शादी 2016 में बबिता से हुई थी। इसके बाद उनके दो बच्चे भी हुए।

# घर वालों ने शादी से मना किया, युवक-युवती नदी में कूदे

## बचाने के लिए पुलिसकर्मी ने लगाई छलांग, 5 घंटे बाद युवक मिला, युवती–लापता

कोरबा, 18 सितंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के राताखार एनीकट डैम में एक युवक और युवती ने छलांग लगा दी। जिसमें से युवक को बाहर निकाल लिया गया है, लेकिन युवती अभी भी लापता है। दोनों को बचाने के प्रयास में एक पुलिसकर्मी ने नदी की तेज धारा में छलांग लगा दी, वह भी डूबते-डूबते बचे।

हालांकि, उनके साथी ने ट्यूब फेंककर उनकी जान बचाई। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। घटना गुरुवार 18 सितंबर की सुबह 10 बजे की है। बताया जा रहा है कि युवक ने लगभग 25 फीट ऊंचे डेम से छलांग लगाई थी। डेम के ऊपर उसकी बाइक खड़ी मिली, जिससे आशंका है कि वह अकेला आया था।

सबसे पहले वहां मौजूद मछुआरों ने युवक को टापू पर फंसा देखा और तुरंत 112 डायल कर कोतवाली थाने में सूचना दी। युवक को 5 घंटे के रेस्क्यू के बाद बचा लिया गया है। जिसका नाम राहुल है। उसने बताया कि वह युवती से प्यार करता है, घर वालों ने शादी से मना किया तो दोनों कूद गए थे। युवती को बचाने रेस्क्यू जारी है।

जानकारी के मुताबिक, युवक को बचाने के लिए कोतवाली थाने में पदस्थ पुलिसकर्मी चंद्रकांत गुप्ता और उनके दो साथी नदी में कूद पड़े। बचाव अभियान के दौरान चंद्रकांत गुप्ता तेज धारा में बहने लगे और उनकी जान खतरे में पड़ गई।

हालांकि, मौके पर मौजूद दूसरे पुलिसकर्मी ने सूझबूझ दिखाते हुए उन्हें ट्यूब फेंककर सुरक्षित निकाला। फिलहाल, नगर सेना की रेस्क्यू टीम टापू पर फंसे युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

पूछताछ में युवक ने बताया कि युवती से वह बेहद प्यार करता था और दोनों एक दूसरे को चाहते थे घर वालों ने शादी से इनकार किया जिसके चलते दोनों डेम के ऊपर से एक दूसरे का हाथ पकड़ कर छलांग लगा दिया।

युवती का अब तक पता नहीं चल सका है। युवक ने खुद का नाम काशी नगर निवासी राहुल नामदेव पिता शांति लाल बताया है। वही लापता युवती एमपी नगर अटल आवास 22 वर्षीय शीलू त्रिपाठी बताया जा रहा है।

# युवक को मारी गोली

## घर में घुसकर चलाई दो गोलियां, टीएमएच में चल रहा इलाज, आपसी रंजिश में फायरिंग

जमशेदपुर, 18 सितंबर (एजेंसियां)। जमशेदपुर के बागबेड़ा थाना क्षेत्र के गांधीनगर में देर रात एक सनसनीखेज वारदात हुई। बादल नामक युवक ने गांधीनगर निवासी पोपो मुंडा पर फायरिंग कर दी। जानकारी के मुताबिक पोपो मुंडा अपने घर पर लेटा हुआ था, तभी अचानक बादल वहां पहुंचा।

मौके पर ही आरोपी ने गोलियां बरसा दीं। पोपो को दो गोलियां प्राइवेट पार्ट में लगीं, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल इलाज के लिए टाटा मुख्य अस्पताल (टीएमएच) पहुंचाया गया।

डॉक्टरों ने बताया कि पोपो मुंडा को दो गोलियां लगी हैं, लेकिन फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर है। परिजनों ने राहत की सांस ली है। पुलिस के अनुसार, यह गोलीबारी किसी आपसी रंजिश के कारण हुई है। फिलहाल पुलिस मामले के हर पहलू की जांच कर रही है।

घटना की प्रत्यक्षदर्शी गुड़िया ने पुलिस को बताया कि बादल ही वह युवक है, जिसने पोपो पर दो गोलियां चलाईं। गोली चलते ही इलाके में भगदड़ मच गई। लोग दहशत में अपने घरों में बंद हो गए। इस बीच सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

घटना की सूचना पर विधि व्यवस्था डीएसपी तौकीर आलम दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने घटनास्थल से एक खाली खोखा बरामद किया है। डीएसपी आलम ने बताया कि शुरुआती जांच में आपसी रंजिश की बात सामने आ रही है।

# असम से हवाई जहाज से लाता था सिम कार्ड

## साइबर ठगों को बेचता था, हर सिम के लिए 2 हजार तक की वसूली, अब धराया

जामताड़ा, 18 सितंबर (एजेंसियां)। जामताड़ा साइबर थाना पुलिस ने एक ऐसे साइबर अपराधी को दबोचा है, जिसने फर्जी आईडी पर खरीदे गए सिम कार्ड का बड़ा नेटवर्क खड़ा कर रखा था। आरोपी की पहचान करमाटांड़ थाना क्षेत्र के नावाडीह निवासी अकबर हुसैन के रूप में हुई है।

पुलिस ने उसके पास से 377 असम नंबर के सिम कार्ड, इंडिगो फ्लाइट टिकट, तीन एटीएम कार्ड, दो मोबाइल और एक आधार कार्ड बरामद किया है।

एसपी राजकुमार मेहता ने जानकारी दी कि संभवतः यह झारखंड का पहला मामला है, जब किसी अपराधी के पास से इतने बड़े पैमाने पर बाहर के प्रदेश से मंगवाए गए सिम कार्ड मिले हों।

### हवाई जहाज से असम, ट्रेन से लौटता जामताड़ा

पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि अकबर हुसैन बाकायदा इंडिगो की फ्लाइट पकड़कर असम पहुंचता था। वहां से फर्जी आईडी पर बड़ी संख्या में सिम कार्ड खरीदता और फिर ट्रेन से जामताड़ा लौटता।

इसके बाद वह यह सिम कार्ड 1500 से 2500 रुपए प्रति सिम के हिसाब से साइबर अपराधियों को बेचता था। इन सिम कार्ड्स का इस्तेमाल गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा और बिहार के सीमावर्ती जिलों के साइबर ठग ठगी के धंधे में करते थे।

### पुलिस की सटीक सूचना पर हुई कार्रवाई

साइबर थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को इनपुट मिला था कि अकबर हुसैन सिम कार्ड की बड़ी खेप लेकर जामताड़ा पहुंचा है।

सूचना के आधार पर करमाटांड़ के मुर्गाबनी गांव के पास छापेमारी की गई और आरोपी को धर दबोचा गया। पुलिस ने बताया कि यह शातिर लंबे समय से सीधे तौर पर ठगी के धंधे में शामिल था और 21 अप्रैल 2021 को साइबर थाना जामताड़ा में ठगी का केस भी दर्ज है। एसपी मेहता ने कहा कि प्रारंभिक जांच से साफ है कि अकबर हुसैन अकेले काम नहीं कर रहा था। असम से सिम कार्ड की इतनी बड़ी सप्लाई के पीछे बड़े सिंडिकेट के शामिल होने की आशंका है। अपराधी यहां कार्ड बेचकर रकम ऑनलाइन असम के सरगना को भेज देता था। पुलिस अब इस नेटवर्क की जड़ तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। फिलहाल आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

# हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश

## तापमान में 3–4 डिग्री की बढ़ोतरी संभव, 40 किमी की रफ्तार से चल सकती है हवा

रांची, 18 सितंबर (एजेंसियां)। झारखंड में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विभाग के मुताबिक राज्य के कई हिस्सों में अगले दो दिनों तक हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश के आसार हैं। बुधवार को रांची का अधिकतम तापमान 27.3 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

वहीं जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 31.6 और न्यूनतम 23.2 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने बताया कि आने वाले 24 घंटे में राज्य के कई हिस्सों में आकाशीय बिजली के साथ बारिश हो सकती है। साथ ही अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की जा सकती है।

मौसम विभाग ने उत्तर-पूर्वी और उत्तरी-मध्य भागों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी दी है। इसके साथ ही तेज गर्जन और 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। विभाग ने साफ किया है कि राज्य में फिलहाल किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ वर्षा का दौर जारी रहेगा। 19 और 20 सितंबर को भी राज्य के कई जिलों में बारिश का असर दिखेगा। वहीं, 22 सितंबर से मौसम शुष्क रहने के आसार हैं।

हालांकि उत्तर प्रदेश और बिहार के ऊपर बने ऊपरी वायु चक्रवात का असर झारखंड के मौसम पर पड़ सकता है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने और आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी है।

राज्य के अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान 30 से 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। दुमका, गोड्डा और पाकुड़ जिलों में 21 सितंबर तक अधिकतम तापमान 33-34 डिग्री तक पहुंच सकता है। वहीं साहिबगंज और जामताड़ा में 32-33 डिग्री तक गर्मी महसूस की जाएगी।

चतरा, गढ़वा और पलामू में अधिकतम तापमान 33 डिग्री तक दर्ज किया जा सकता है। वहीं, लातेहार और लोहरदगा में तापमान अपेक्षाकृत स्थिर रहेगा। रांची और खूंटी में अधिकतम तापमान 29 डिग्री के आसपास बना रहेगा, जबकि हजारीबाग और बोकारो में यह 30 से 32 डिग्री के बीच रहेगा। पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला और सिमडेगा जिलों में तापमान 33 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। 1 जून से 17 सितंबर तक झारखंड में औसतन 1119.7 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो सामान्य 935.3 मिमी से 20% अधिक है।

# एनएचएम कर्मचारियों का जेल भरो आंदोलन

## तूता में जुटेंगे 10 हजार कर्मी, सरकार ने 600 कर्मचारियों को किया बर्खास्त

रायपुर, 18 सितंबर (एजेंसियां)। एनएचएम संविदा कर्मचारियों की हड़ताल को पूरे एक महीने हो गए हैं। सरकार ने 16 सितंबर तक सभी कर्मचारियों को काम पर लौटने का फाइनल अल्टीमेटम दिया था। लेकिन कर्मचारियों ने हड़ताल जारी रखा। इधर सरकार ने एक्शन लेते हुए 17 सितंबर को सूरजपुर में 594 कर्मचारियों की सेवा खत्म कर दी है। इससे पहले यानी 16 सितंबर को बलौदाबाजार और कोरबा में 200 कर्मचारी को नौकरी से निकाला दिया गया। बलौदाबाजार के 160 और कोरबा के लगभग 21 कर्मचारियों को एक मुश्त नौकरी से निकाला गया था।

# अवैध शराब फैक्ट्री पकड़ी गई

## पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, बड़ी मात्रा में नकली शराब जब्त

जमशेदपुर, 18 सितंबर (एजेंसियां)। सरायकेला-खरसावां जिले की पुलिस ने चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह थाना अंतर्गत तेतलो गांव में अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई।

सूचना के बाद चांडिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन हुआ। टीम ने छापेमारी कर फैक्ट्री का खुलासा किया और मौके से भारी मात्रा में नकली शराब व उपकरण जब्त किए।

पुलिस ने बताया कि फैक्ट्री से नकली अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप, खाली बोतलें, नकली




होलोग्राम, ढक्कन, केमिकल और शराब निर्माण में इस्तेमाल होने वाले अन्य उपकरण बरामद हुए हैं। मौके से दो आरोपी निरंजन गोराई और प्रकाश कुमार गुप्ता को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे आगामी दुर्गा पूजा में शराब की बढ़ती मांग का फायदा उठाने की योजना बना रहे थे।

गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि वे नकली अंग्रेजी शराब तैयार कर चांडिल और नीमडीह क्षेत्र में खपाने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस को संदेह है कि इस अवैध कारोबार में और भी लोग शामिल हैं। इसके मद्देनजर लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इस मामले में नीमडीह थाना कांड संख्या 53/2025 दर्ज कर ली गई है। रैकेट से जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत ने कहा कि दुर्गा पूजा जैसे पर्व के दौरान अवैध शराब का उत्पादन और बिक्री जनता की सेहत और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है।

उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे इस तरह की किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस समय रहते कार्रवाई करेगी और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई होगी।



# 30 नवंबर को ट्रंप भारत से हटाएंगे टैरिफ

## भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कर दिया बड़ा इशारा





नई दिल्ली, 18 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका द्वारा लगाया गया 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ 30 नवंबर के बाद वापस लिया जा सकता है। उनके इस बयान से साफ हो गया है कि 30 नवंबर से पहले भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर कुछ बड़ा होने वाला है। कोलकाता में मर्चेंट्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए, सीईए ने कहा, हम सभी पहले से ही काम पर लगे हुए हैं, और मैं यहाँ टैरिफ के बारे में बात करने के लिए कुछ समय लूंगा। हां, 25 प्रतिशत का मूल पारस्परिक टैरिफ और 25 प्रतिशत का दंडात्मक टैरिफ, दोनों की उम्मीद नहीं थी।
उन्होंने कहा, मेरा अब भी मानना है कि भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण ही दूसरा 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया होगा, लेकिन पिछले कुछ हफ़्तों के हालिया घटनाक्रमों को देखते हुए, मैं ऐसा मानता हूँ और मेरे पास ऐसा कहने का कोई विशेष कारण नहीं है, इसलिए मेरा मानना है कि 30 नवंबर के बाद दंडात्मक टैरिफ नहीं लगेगा।
चीफ एक्नामिक एडवाइजर वी. अनंत नागेश्वर का बयान आर्थिक चर्चाओं के बीच व्यापार प्रतिबंधों में संभावित ढील की ओर इशारा करता है। 16 सितंबर को भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर वार्ता हुई थी। दोनों देशों के बीच ट्रेड डील को लेकर हुई यह वार्ता काफी सकारात्मक रही। उन्होंने भारत और अमेरिका के बीच जारी वार्ता का उल्लेख करते हुए कहा, ₹मुझे विश्वास है कि अगले कुछ महीनों में दंडात्मक शुल्क और उम्मीद है कि पारस्परिक शुल्कों पर भी समाधान हो जाएगा। रूसी तेल की खरीद के लिए भारतीय उत्पादों पर अमेरिका द्वारा लगाया गया अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ अगस्त में लागू हुआ, जिससे नई दिल्ली पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया। भारत का अमेरिका को निर्यात 85 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा। ऐसे में अमेरिका को किए जाने वाले निर्यात में बढ़े टैरिफ से कमी देखने को मिल सकती है। लेकिन अगर 30 नवंबर से अतिरिक्त टैरिफ हट गया तो इससे भारतीय व्यापारियों को राहत मिलेगी।

### चीन की इकॉनमी कई मोर्चों पर संघर्ष कर रही है

नई दिल्ली, 18 सितंबर (एजेंसियां)। चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकॉनमी है और पिछले दो दशक से ग्लोबल ग्रोथ का इंजन बना हुआ है। लेकिन हाल के वर्षों में चीन की इकॉनमी कई मोर्चों पर संघर्ष कर रही है। सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद इकॉनमी पटरी पर नहीं आ रही है। अमेरिका के साथ ट्रेड वॉर ने उसकी मुश्किलें बढ़ा दी है। इसकी वजह यह है कि चीन के लिए अमेरिका सबसे बड़ा एक्सपोर्ट मार्केट है। अमेरिका ने चीन पर फिलहाल 30 फीसदी टैरिफ लगा रखा है। अगस्त में चीन से अमेरिका को एक्सपोर्ट में 33 फीसदी गिरावट आई।

# सरकार ने अपना काम कर दिया, अब कंपनियों की बारी: सीतारमण



नई दिल्ली, 18 सितंबर (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय उद्योग जगत से निवेश बढ़ाने और उत्पादन क्षमता का विस्तार करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कंपनियों की उम्मीदों के अनुरूप सुधार और नीतिगत उपाय पहले ही कर दिए हैं। वित्त मंत्री ने एक कार्यक्रम में जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने सुधारों में कोई ढिलाई नहीं बरती है और न ही उद्योग की मांगों को अनदेखा किया है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार युवाओं को ट्रेनिंग देने में मदद करेगी और उद्योगपतियों को भी इसमें साथ देना चाहिए.
सीतारमण ने भारत इंक से सरकार के साथ मिलकर न केवल युवाओं को कुशल बनाने में भागीदारी करने को कहा, बल्कि बजट सत्र तक ही सीमित रहने के बजाय साल भर जुड़े रहने को भी कहा। सीतारमण ने कहा, ₹आज मेरे पास कई चीजें हैं जिन पर सरकार ने काम किया है। मुझे उम्मीद है कि उद्योग को आगे निवेश करने, क्षमता का विस्तार करने, भारत में अधिक उत्पादन करने में अब कोई हिचकिचाहट नहीं होगी। सरकार को और क्या करने की आवश्यकता है, इसे बताएं।

**उम्मीदों के अनुरूप काम**

वित्त मंत्री ने कहा कि कारोबार करने में आसानी, कर सुधार, FDI उदारीकरण और उद्योग-अनुकूल नीतियों जैसे क्षेत्रों में सरकार ने उम्मीदों के अनुरूप काम किया है। उन्होंने यह भी बताया कि MSME क्षेत्र भारत की GDP में एक प्रमुख योगदानकर्ता बना हुआ है। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक की MSME क्लस्टर में भौतिक उपस्थिति हो। आजकल जब हम डिजिटल बैंकिंग के बारे में बात कर रहे हैं, तब भी हमने जोर दिया कि सिडबी इन सभी क्लस्टर में मौजूद रहेगा। सीतारमण ने कहा, विकसित भारत की ओर हमारा मार्ग केवल बुनियादी ढांचे के विकास या मानव संसाधन प्रशिक्षण में मामूली सुधार पर आधारित नहीं होगा। यह गुणवत्ता प्रबंधन के लिए एक अनुभवी दृष्टिकोण द्वारा निर्देशित होगा। इसमें विनिर्माण और सेवाओं के भीतर उन स्तरों और क्षेत्रों की पहचान की जाएगी जहां हस्तक्षेप की सबसे अधिक आवश्यकता है। उद्योग जगत के लीडर्स के अनुभवी इनपुट के साथ, ये हस्तक्षेप भारत में उत्पादन को बढ़ाने और पूरे देश में सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए एक शक्तिशाली उत्प्रेरक के रूप में काम कर सकते हैं।

## दीवाली गिफ्ट! हर कर्मचारी की सैलरी में होगा 31,000 का इजाफा

नई दिल्ली, 18 सितंबर (एजेंसियां)। ऑटो सेक्टर की दिग्गज कंपनी हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड और यूनाइटेड यूनियन ऑफ हुंडई एम्प्लॉइज के बीच एक समझौता हुआ है। यह समझौता कर्मचारियों की सैलरी को लेकर है। यह तीन साल के लिए किया गया है। यह अप्रैल 1, 2024 से मार्च 31, 2027 तक चलेगा। कंपनी का कहना है कि यह समझौता इंडस्ट्री में सबसे अच्छा है। इसके मुताबिक कर्मचारियों की सैलरी में हर महीने 31,000 की बढ़ोतरी होगी। यह बढ़ोतरी तीन सालों में होगी। पहले साल में 55%, दूसरे साल में 25% और तीसरे साल में 20% की बढ़ोतरी होगी।

# सोना 469 गिरकर 1.09 लाख प्रति 10 ग्राम पर आया, चांदी 1.26 लाख किलो बिक रही

नई दिल्ली, 18 सितंबर (एजेंसियां)। सोने-चांदी के दाम में आज यानी 18 सितंबर को लगातार दूसरे दिन गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 469 रुपए गिरकर 1,09,264 पर आ गया है। इससे पहले कल ये 1,09,733 रुपए पर था।
वहीं चांदी भी 193 रुपए गिरकर 1,25,563 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। इससे पहले 17 सितंबर को चांदी 1,25,756 रुपए पर थी। वहीं 16 सितंबर को सोने ने 1,10,869 रुपए और चांदी ने 1,25,756 रुपए के ऑल टाइम हाई बनाया था

**इस साल सोना 33,102 और चांदी 39,546 महंगी हुई**

इस साल अब तक सोने की कीमत 33,102 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,09,264 रुपए हो गया है।
चांदी का भाव भी इस दौरान 39,546 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,25,563 रुपए प्रति किलो हो गई है।
1. सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें : हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (BIS) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। नए नियम के तहत छह डिजिट वाले अल्फान्यूमेरिक हॉलमार्किंग के बिना सोना नहीं बिकेगा। जैसे आधार कार्ड पर 12 अंकों का कोड होता है, उसी तरह से सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड होगा। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर कहते हैं।
ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है- AZ4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव हो गया है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।
2. कीमत क्रॉस चेक करें : सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।
24 कैरेट सोने को सबसे शुद्ध सोना माना गया है, लेकिन इसकी ज्वेलरी नहीं बनती, क्योंकि वो बेहद मुलायम होता है। आमतौर पर ज्वेलरी के लिए 22 कैरेट सोने का इस्तेमाल होता है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य | कन्या |
| चन्द्र | कर्क |
| मंगल | कन्या |
| बुध | कन्या |
| गुरु | मिथुन |
| शुक्र | कर्क |
| शनि | मीन |
| राहु | कुंभ |
| केतु | सिंह |

| | |
|---|---|
| कन्या-- | 05-54 बजे |
| तुला---- | 08-00 बजे |
| वृश्चिक... | 10-09 बजे |
| धनु...... | 12-23 बजे |
| मकर... | 14-30 बजे |
| कुंभ.... | 16-20 बजे |
| मीन.... | 18-02 बजे |
| मेष..... | 19-38 बजे |
| वृष.... | 21-23 बजे |
| मिथुन.. | 23-24 बजे |
| कर्क... | 01-35 बजे |
| सिंह--- | 03-48 बजे |

श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायने,ऋतु- वर्षा
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426874
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126
सूर्योदय 06-06
सूर्यास्त 18-19
दिशाशूल- पश्चिम - दही खाकर घर से निकले
तिथि- त्रयोदशी 23-37 तक उपरान्त चतुर्दशी
मास- आश्विन कृष्ण ,शुक्रवार 19 September
नक्षत्र- आश्लेषा 07-05 तक उपरान्त मघा
योग - सिद्ध 20-41 तक साध्य
करण- गर 11-27 तक उप वणिज
विशेष:- प्रदोष व्रत मास शिवरात्रि
व्रत त्योहार त्रयोदशी श्राद्ध

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए ।

**राहुकाल**
10-39 से
12-10 तक

**पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | |
|---|---|
| चंचल | 06-06 - 07-37 शुभ |
| लाभ | 07-37 - 09-08 शुभ |
| अमृत | 09-08 - 10-39 शुभ |
| काल | 10-39 - 12-10 अशुभ |
| शुभ | 12-10 - 13-41 शुभ |
| रोग | 13-41 - 15-12 अशुभ |
| उत्पात | 15-12 - 1643 अशुभ |
| चंचल | 16-43 - 18-19 शुभ |

| रात का चौघड़िया | |
|---|---|
| रोग | 18-19 - 19-43 अशुभ |
| काल | 19-43 - 21-12 अशुभ |
| लाभ | 21-37 - 22-41 शुभ |
| उत्पात | 22-41 - 00-10 अशुभ |
| शुभ | 00-10 - 01-39 शुभ |
| अमृत | 01-39 - 03-08 शुभ |
| चंचल | 03-08 - 04-37 शुभ |
| रोग | 04-37 - 06-06 अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो,ला, ली, लू, ले, लो, अ,)
आज आप अपने सहयोगियों और ग्राहकों के साथ बेहतर संबंध बनायेंगे । आज कुछ ऐसा नया करने के लिए ये दिन अच्छा है , जिसमे आपके प्रभावशाली कौशल की आवश्यकता हो , हालांकि जो लोग बीमार हैं , वो लोग घर से काम शुरू कर सकते है। इससे अप्रत्याशित रूप से आपके काम की गुणवत्ता में सुधार होगा और उस समय की बचत भी होगी जो यात्रा में बर्बाद हो रहा था ।

**वृष** (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)
हास्य की आपकी भावना आपकी सबसे बड़ी संपत्ति है, अपने आप को और अपने वरिष्ठ अधिकारियों के बीच की खाई को पाटने के लिए यह सबसे उपयुक्त है । बोले गए कठोर शब्दों को अपने दिल में न रखे बल्कि ये कठोर शब्द के बारे में सोचे क्यों की ये बोले गए कठोर शब्द ही आपको आगे ले जाने में मदद करेंगे ।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह,)
जो लोग विलासिता के सामान के व्यवसायों में शामिल हैं , वे लोग आज बहुत लाभ में रहेंगे और साथ ही साथ जो लोग स्वरोजगार में हैं , वे भी अपनी दरों में बढ़ोतरी कर सकते हैं और साथ ही साथ मन वांछित राशि की प्राप्ति कर सकते हैं। उन लोगों पर ध्यान न दें जो लोग आपकी सराहना करने में विफल रहते हैं।

**कर्क** (ही, हू, हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,)
आज का दिन प्रशासनिक नौकरियों में या किसी भी क्षमता में सरकार के लिए काम कर रहे लोगों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है। जो भी विस्तारपूर्ण काम काज जो काफी समय से लंबित था , उसे करने के लिये आज प्रयत्न करे क्यों की वह आसानी से समाप्त हो जाएगा । अगर आप अपने वर्तमान कार्यस्थल पर बैचनी या फंसा हुआ सा महसूस कर रहे है।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,)
कार्य क्षेत्र में आपका जीवन संतुलित रहेगा । आप अपने प्रभावशाली नरम कौशल के लिए जाने जायेंगे । आप को और अधिक ज्ञान पाने के लिए कई अवसर मिलेंगे तथा आप अन्य लोगों के साथ इस ज्ञान को साझा भी कर सकते हैं । लेकिन कुछ अप्रत्याशित परिस्थितियों में आपको भारी वित्तीय नुकसान हो सकता है ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आज आपको अपने कार्य संबंधों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं। फिर भी, आपका दृढ़ संकल्प आपको मजबूत और केंद्रित रहने में मदद करता है। सहानुभूति आपके कार्यों का मार्गदर्शन करती है, और निरंतर प्रयास परिणाम लाता है। सावधानीपूर्वक योजना बनाना और धैर्य रखना आपको पढ़ाई और करियर दोनों में आगे बढ़ने में मदद करेगा, भले ही गति धीमी लगे।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,)
आप अच्छे स्वभाव के व्यक्ति हैं और सामाजिक कार्यो में भी भाग लेते रहे है । आज आपके इन गुणों की बहुत सराहना की जाएगी और उनके लिए पुरस्कार भी दिया जाएगा । आपको अपने आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के लिए अदभुत सलाह भी मिल सकती है और आप वो सब पा सकते है जो अपने बलबूते पर पाना इतना आसान नहीं था ।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,)
आज के दिन विधार्थियो , युवा बेरोजगारो और स्वनियोजित व्यवसायियों के लिए काफी करियर अवसर आयेंगे । आप एक ऐसी परियोजना के भागीदार बन सकते है जिससे आपके करियर की दिशा परिवर्तित हो सकती है और काफी समय से आपको इसकी तलाश भी थी ।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे)
आपकी रचनात्मकता निखरती है, और आपका अंतर्ज्ञान कार्यस्थल की गतिशीलता के प्रति आपकी समझ को निखारता है। तार्किक सोच आपके निर्णयों का मार्गदर्शन करती है, जिससे आपको निरंतर प्रगति करने में मदद मिलती है। जैसे-जैसे परिस्थितियाँ बदलती हैं, आपका लचीलापन आपको सहज रूप से अनुकूलन करने में मदद करता है, जिससे आप आगे बढ़ते रहते हैं।

**मकर** (भो, ज, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
अवलोकन और विश्लेषण की आपकी शक्ति आज अपने चरम पर होगी अतः अगर आप किसी भी नौकरी में हैं और अगर इन कौशल की आवश्यकता है , तो आज सफलता आपके कदम चूमेगी । वैज्ञानिकों , जांचकर्ताओं और शोधकर्ताओं के लिए आज एक उपयोगी दिन होगा ।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)
अगर आप अपने कार्यक्षेत्र या अपने आर्थिक लक्ष्यों के लिए किसी पारंगत व्यक्ति या अपने निकट जानने वाले व्यक्ति से परामर्श लेते है तो ये सुझाव आपको काफी लाभ दे सकता है । आज का दिन इंजीनियरों और कंप्यूटर में प्रवीण व्यक्तियों के लिए काफी अछा रहेगा । आपको दूसरी नौकरी का प्रस्ताव भी मिल सकता है।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची)
रोजगार और आय के नए अवसर आज आपको मिल सकते है । आपको आगे बढ़ने के काफी अवसर मिलेंगे जिसको लेकर आप समझ नहीं पाएंगे की कौन सा विकल्प आपके लिए अच्छा है , जिसे लेकर आप आगे बढ़ सकते है । आज परिवार और कार्य क्षेत्र में संतुलन बिठाना मुश्किल हो सकता है और आप अपने कार्य क्षेत्र को परिवार की तुलना में ज्यादा महत्व देंगे ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# इथेनॉल के चक्कर में बर्बाद हो रही चीनी मिलें

### डूबने के कगार पर 40,000 करोड़!




नई दिल्ली, 18 सितंबर (एजेंसियां)। सरकार ने जब इथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल योजना शुरू की थी, तो इसका मकसद था ईंधन की इंपोर्ट पर निर्भरता कम करना और इथेनॉल मिलाकर ईंधन सस्ता बनाना। उस वक्त यह खबर गन्ना उद्योग के लिए बड़ी खुशखबरी थी, क्योंकि इससे गन्ना मिलों को नई आमदनी का रास्ता मिला। शुरुआत में इथेनॉल का ज्यादातर उत्पादन गन्ने से होता था, लेकिन अब हालात बदल गए हैं।
2014 में जब पेट्रोल में इथेनॉल का सिर्फ 1.5% मिश्रण था, वो अब बढ़कर 20% तक पहुंच गया है। ये तो सही है कि मात्रा बढ़ी है, लेकिन अब इस इथेनॉल का बड़ा हिस्सा मक्का और गेहूं जैसी फसलों से बनता है। वहीं, गन्ने की हिस्सेदारी घटकर सिर्फ 27% रह गई है, जबकि ग्रेन-आधारित इथेनॉल की मार्केट में हिस्सेदारी 72% तक पहुंच चुकी है। इकोनॉमिक्स टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2024-25 में, ग्रेन से इथेनॉल उत्पादन 650 करोड़ लीटर तक पहुंच गया, वहीं गन्ना आधारित इथेनॉल सिर्फ 250 करोड़ लीटर रहा। NFCSF के मुताबिक इस वजह से गन्ना मिलों की आमदनी कम हो गई है और वे आर्थिक दबाव में आ गए हैं।
रिपोर्ट के मुताबिक, गन्ना उद्योग में इथेनॉल बनाने के लिए पिछले कुछ सालों में काफी पैसा लगाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, 2018 से अब तक 40,000 करोड़ से ज्यादा की निवेश हो चुका है और उत्पादन क्षमता में 140% तक बढ़ोतरी हुई है।लेकिन सबसे बड़ी परेशानी ये है कि इथेनॉल की कीमतें पिछले तीन साल से स्थिर हैं, जबकि गन्ने की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। आज गन्ना मिलों को किसानों को गन्ने के लिए ज्यादा पैसा देना पड़ता है, लेकिन इथेनॉल और चीनी के दाम वहीं पुराने स्तर पर ही बने हुए हैं। यानी, कच्चे माल की कीमत तो बढ़ गई है, लेकिन उससे बने सामान के दाम लगभग जस के तस हैं। ऐसे में अगर ये स्थिति नहीं बदली, तो यह निवेश बेकार हो सकता है। इस्मा के अधिकारी दीपक बलानी ने बताया कि "अगर कच्चे माल की कीमतें बढ़ती हैं और तैयार उत्पाद की कीमतें नहीं बढ़तीं, तो चीनी मिल कैसे चलाएंगे?" सरकार ने हाल ही में गन्ने के रस, सिरप और मेलासेस से इथेनॉल बनाने की छूट जरूर दी है, लेकिन कीमतें नहीं बढ़ाईं। इससे मिलों के मुनाफे पर दबाव बढ़ता जा रहा है।

**कर्ज के बोझ तले दब रही हैं ज़्यादातर गन्ना मिलें**

ज़्यादातर छोटी गन्ना मिलें कर्ज के भारी बोझ के नीचे दबती जा रही हैं। बड़ी कंपनियों के पास बिजली बनाने और दूसरे कारोबार से कुछ सहारा तो है, लेकिन छोटे मिल तो अपनी रोज़मर्रा की जरूरतें भी पूरा नहीं कर पा रहे। बैंक, जो इन मिलों को कर्ज़ देते हैं, वो भी इस स्थिति को लेकर परेशान हैं।
अगर इथेनॉल की कीमतें नहीं बढ़ीं, तो ये कर्ज़ गैर-निष्पादित यानी एनपीए बन सकते हैं। मतलब, अगर मिलें पैसा ही नहीं कमा पाईं तो वे बैंक का कर्ज कैसे चुकाएंगी। इसके अलावा, अगर गन्ने से इथेनॉल उत्पादन सही दाम पर नहीं बढ़ पाया, तो चीनी का स्टॉक बढ़ जाएगा और उसकी कीमतें गिरेंगी, जिससे किसान भी अपने पैसे न मिलने जैसी समस्या में फंस जाएंगे। जानकारों का कहना है कि अगले साल गन्ने से बनने वाला इथेनॉल फिर बढ़ सकता है क्योंकि चीनी की पैदावार बढ़ रही है और अब गन्ने का ज्यादा इस्तेमाल होगा।

# पेप्सिको के ग्लोबल चीफ की पीएम मोदी से मुलाकात



नई दिल्ली, 18 सितंबर (एजेंसियां)। एफएमसीजी सेक्टर की अमेरिकी कंपनी पेप्सिको को तो जानते ही होंगे। इसके लिए भारत एक बड़ा और महत्वपूर्ण बाजार है। इस कंपनी के सीईओ रेमन लागुआर्ता अपनी टीम के साथ भारत आए हुए हैं। उनका भारत में तीन दिनों तक रहने का कार्यक्रम है। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की। भारतीय निर्यात पर अमेरिकी टैरिफ और कुछ संगठनों द्वारा भारत में अमेरिकी कंपिनयों के प्रोडक्ट्स के बहिष्कार के आह्वान के बीच यह मुलाकात अहम माना जा रहा है।
पेप्सिको ने लिंक्डइन पर किए गए एक पोस्ट में पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई दी है। इसमें बताया गया है कि उनके चेयरमैन और सीईओ रेमन लागुआर्ता ने पीएम मोदी से मुलाकात की और भारत में कंपनी के लॉन्ग टर्म कमिटमेंट के बारे में बातचीत की। साथ उन्होंने भारत में कुछ और क्षेत्रों में मैन्यूफेक्चरिंग, सस्टेनिबिलिटी, इनोवेशन और कम्यूनिटी डेवलपमेंट के बारे में बातचीत हुई। उल्लेखनीय है कि भारत पेप्सिको के लिए बहुत तेजी से बढ़ने वाला बाजार है। इसलिए यह दौरा बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**क्यों महत्वपूर्ण मानी जा रही है यह मीटिंग**

पीएम मोदी के साथ पेप्सिको चीफ की यह मीटिंग ऐसे समय पर हुई है जब भारत में एरेटेड पेय पदार्थों पर जीएसटी की दरें बढ़ा दी गई हैं। पहले यह 28% थी, जिसे बढ़ाकर 40% कर दिया गया है। यह फैसला 22 सितंबर से लागू हो रहा है। अब इन्हें 'सिन गुड्स' में शामिल कर दिया गया है। वैसे भी, इस साल पेय पदार्थों की बिक्री कम ही हुई है। क्योंकि गर्मी कम पड़ने से लोगों ने कम खरीदा। हालांकि, अभी सभी एरेटेड ड्रिंक्स पर 28% टैक्स लगता है। इसके अलावा 12% का कंपनशेसन सेस भी लगता है। इस तरह कुल टैक्स 40% हो जाता है।

# सेंसेक्स 320 अंक चढ़कर 83,014 पर बंद

**निफ्टी में 93 अंक की तेजी रही; फार्मा और हेल्थकेयर के शेयरों में ज्यादा खरीदारी**

मुंबई, 18 सितंबर (एजेंसियां)। हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार, 18 सितंबर को सेंसेक्स 320 अंक ऊपर 83,014 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 93 अंक की तेजी रही, ये 25,424 के स्तर पर बंद हुआ।
आज के कारोबार में फार्मा और हेल्थकेयर के शेयरों में ज्यादा खरीदारी रही। जोमैटो, सनफार्मा, इंफोसिस, और एचडीएफसी बैंक जैसे शेयर 3% तक चढ़कर बंद हुए। बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स और ट्रेंट के शेयर्स गिरकर बंद हुए अमेरिका के केंद्रीय बैंक, फेडरल रिजर्व ने 17 सितंबर को अपनी ब्याज दरों में 0.25% की कटौती की घोषणा की। इससे ब्याज दरों का दायरा अब 4.00 से 4.25% के बीच हो गया है। इससे पहले दिसंबर 2024 में फेड ने दरों में कटौती की थी। सरिया बनाने वाली कंपनी वीएमसी टीएमटी का आईपीओ 17 सितंबर से निवेशकों के लिए ओपन हो गया है। कंपनी इसमें 1.50 करोड़ शेयर बेचकर 148.50 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। रिटेल निवेशक इसके लिए 19 सितंबर तक मिनिमम 14,850 से निवेश कर पाएंगे। कंपनी का शेयर शेयर मार्केट में 24 सितंबर को लिस्ट होगा।वॉल डेकोरेशन और लेमिनेशन बिजनेस करने वाली कंपनी यूरो प्रतिक सेल्स लिमिटेड का आईपीओ 16 सितंबर से ओपन है। कंपनी इसके जरिए 451.31 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। रिटेल निवेशक इसके लिए 18 सितंबर तक मिनिमम 14,820 से निवेश कर पाएंगे। कंपनी का शेयर शेयर मार्केट में 23 सितंबर को लिस्ट होगा। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 1.15% चढ़कर 45,303 पर और कोरिया का कोस्पी 1.40% ऊपर 3,461 पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 1.35% नीचे 26,544 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.15% चढ़कर 3,831 पर बंद हुआ।

# त्रयोदशी श्राद्ध पर अद्भुत संयोग

## शिवजी के लिए एक साथ रखे जाएंगे 2 व्रत, पूजन करने से होगा दोगुना लाभ



सनातन धर्म में तिथियों का विशेष महत्व है। त्रयोदशी तिथि इनमें से एक है। आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि 19 सितंबर शुक्रवार को है। इस दिन बहुत ही अद्भुत संयोग बन रहा है। क्योंकि, त्रयोदशी श्राद्ध पर शुक्र प्रदोष व्रत के साथ मासिक शिवरात्रि व्रत का दुर्लभ योग बन रहा है। दृक पंचांग के अनुसार, इस दिन सूर्य कन्या राशि में रहेंगे और चंद्रमा सुबह 7 बजकर 5 मिनट तक कर्क राशि में रहेंगे। इसके बाद सिंह राशि में गोचर करेंगे। अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजकर 50 मिनट से शुरू होकर दोपहर के 12 बजकर 39 मिनट तक रहेगा। अब सवाल है कि आखिर त्रयोदशी श्राद्ध कब और इसका महत्व क्या है?

**त्रयोदशी पर कैसे और किसका श्राद्ध होता है?**

पुराणों के अनुसार, त्रयोदशी श्राद्ध पितृ पक्ष की त्रयोदशी तिथि को किया जाता है। इस दिन उन पितरों का श्राद्ध किया जाता है, जिनकी मृत्यु त्रयोदशी तिथि को हुई थी या जिनकी तिथि अज्ञात है।इस श्राद्ध में मुख्य रूप से उन अल्पायु पितरों और मृत बच्चों का श्राद्ध किया जाता है, जिनकी आयु दो वर्ष से अधिक हो। त्रयोदशी श्राद्ध में तर्पण, पिंडदान और ब्राह्मण भोज के साथ पितरों को अन्न-जल का भोग लगाया जाता है।

त्रयोदशी का कुतुप और रौहिण मुहूर्त क्या हैं? गुजरात में इसे 'काकबली' और 'बालभोलनी तेरस' के नाम से भी जाना जाता है। पितृ पक्ष में पार्वण श्राद्ध के लिए कुतुप (सुबह 11 बजकर 30 मिनट से 12 बजकर 42 मिनट के बीच) और रौहिण मुहूर्त शुभ माने जाते हैं। श्राद्ध के अनुष्ठान अपराह्न काल तक पूरे कर लेने चाहिए और अंत में तर्पण किया जाता है, जिससे पितरों को शांति और तृप्ति मिलती है।

**त्रयोदशी श्राद्ध पर शिवजी के लिए 2 व्रत**

शुक्र प्रदोष व्रतः त्रयोदशी श्राद्ध के दिन शुक्र प्रदोष व्रत का पालन भी होगा, जो चंद्र मास की दोनों त्रयोदशी तिथियों पर किया जाता है, जो शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष में आती हैं। यह व्रत तब किया जाता है, जब त्रयोदशी तिथि प्रदोष काल (सूर्यास्त के समय) में व्याप्त होती है। बता दें कि, शुक्र प्रदोष व्रत विशेष रूप से सौंदर्य, सुख, धन और वैवाहिक जीवन की सुख-शांति के लिए किया जाता है।

प्रदोष व्रत के लाभः यह व्रत महिलाओं के लिए विशेष कल्याणकारी माना जाता है और इससे घर में लक्ष्मी का वास होता है। भगवान शिव की पूजा से सभी ग्रहों के दोष दूर होते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। नियमपूर्वक व्रत करने से प्रणय जीवन में सुख और धन-वैभव की प्राप्ति होती है।

मासिक शिवरात्रि व्रतः त्रयोदशी के दिन मासिक शिवरात्रि का योग भी है। यह हर महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाई जाती है। इस दिन भगवान शिव की पूजा और व्रत करने से जीवन में सुख-शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। मासिक शिवरात्रि पर भगवान शिव की विशेष पूजा करने से व्यक्ति के सभी कष्ट दूर होते हैं और उसकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

## पितृ प्रसन्न होंगे! अमावस्या पर करें ये खास उपाय

वैदिक पंचांग के अनुसार इस वर्ष आश्विन माह की अमावस्या तिथि को पितृ अमावस्या के नाम से जाना जाता है, क्योंकि यह दिन पितरों को विदा करने का होता है। इस साल पितृ अमावस्या 21 सितंबर को है। अयोध्या के ज्योतिष पंडित कल्कि राम बताते हैं कि अमावस्या पर पितरों के लिए श्रद्धा कर्म किया जाता है। अगर आप पितृपक्ष के दौरान अपने पितरों का श्राद्ध कर्म नहीं कर पाए हैं, तो यह दिन बहुत शुभ माना जाता है।

ऐसी स्थिति में इस दिन कुछ खास उपाय करने से पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। साथ ही सभी तरह के ग्रहों के दुष्प्रभाव से भी निवारण मिलता है।

पितृपक्ष की अमावस्या तिथि को पितरों के निमित्त दर्पण, पिंडदान और श्राद्ध कर्म किया जाता है। इस दिन पितृ विदा होते हैं। ऐसी स्थिति में अगर आप इस दिन काली गाय को कुछ खिलाते हैं और उसकी परिक्रमा करते हैं, तो ऐसा करने से पितृ दोष से भी मुक्ति मिलती है। मान्यता है कि सभी तरह के दोष भी समाप्त होते हैं।

इसके अलावा, अगर आप पितृ अमावस्या के दिन नारियल को बांधकर किसी पवित्र नदी में प्रवाहित करते हैं अथवा काले तिल, काला चना और एक सिक्का डालकर पोटली बनाकर माथे पर सात बार लगाते हैं और फिर नदी में प्रवाहित करते हैं, तो ऐसा करने से पितृ का आशीर्वाद बना रहता है और किस्मत भी बदल सकती है।



# शारदीय नवरात्रि, चैत्र नवरात्रि और गुप्त नवरात्रि में अंतर क्या है?



एक साल में 4 नवरात्रि आती हैं। इनमें एक शारदीय नवरात्रि, एक चैत्र नवरात्रि और 2 गुप्त नवरात्रि होती हैं।

**शारदीय नवरात्रिः** शारदीय नवरात्रि का प्रारंभ आश्विन शुक्ल प्रतिपदा तिथि को होता है और यह नवमी तक चलता है। दशमी के दिन दुर्गा विसर्जन होता है। शारदीय नवरात्रि शरद ऋतु में आती है, इस वजह से इसे शारदीय नवरात्रि कहा जाता है। अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार शारदीय नवरात्रि अक्टूबर या सितंबर के महीने में पड़ती है।

शारदीय नवरात्रि में नवदुर्गा की पूजा करते हैं और 9 दिनों तक व्रत रखते हैं। साथ ही शारदीय नवरात्रि में दुर्गा पूजा का भी उत्सव मनाया जाता है, जिसमें बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली समेत देश के कई हिस्सों में मां दुर्गा की मूर्तियां स्थापित की जाती हैं और उनका विसर्जन दशमी के दिन होता है। शारदीय नवरात्रि का प्रारंभ पितृ पक्ष के समापन के बाद होता है।

इस नवरात्रि के साथ त्योहारों का सिलसिला शुरू हो जाता है। शारदीय नवरात्रि की दशमी के विजयादशमी और दशहरा का उत्सव भी होता है। दशहरा में शाम के समय रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया जाता है, उससे पहले शारदीय नवरात्रि के पहले दिन से रामलीलाओं का मंचन होता है।

**चैत्र नवरात्रिः** हिंदू कैलेंडर के अनुसार, चैत्र नवरात्रि चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू होती है। चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन नवसंवत्सर या हिंदू नववर्ष का प्रारंभ होता है। इसमें भी पहले दिन कलश स्थापना करके नवदुर्गा की पूजा की जाती है। चैत्र नवरात्रि के समय में गर्मी का मौसम होता है।

चैत्र नवरात्रि में भी दुर्गा अष्टमी और महा नवमी होती है। लेकिन नवमी के दिन राम नवमी मनाई जाती है। इस दिन प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव मनाया जाता है। त्रेतायुग में चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी को प्रभु राम का जन्म अयोध्या में हुआ था।

चैत्र नवरात्रि के समय में दूर्गा पूजा नहीं होती है। इस समय में मां दुर्गा की मूर्तियां नहीं रखी जाती हैं और न ही रावण के पुतले का दहन होता है, न ही रामलीला का मंचन करते हैं। अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार चैत्र नवरात्रि मार्च या अप्रैल के महीने में आती है।

**गुप्त नवरात्रिः** गुप्त नवरात्रि एक साल में दो बार आती हैं। एक माघ गुप्त नवरात्रि होती है और दूसरी आषाढ़ गुप्त नवरात्रि होती है। माघ गुप्त नवरात्रि जनवरी या फरवरी में, वहीं आषाढ़ गुप्त नवरात्रि जून या जुलाई में होती है। गुप्त नवरात्रि के समय में भी कलश स्थापना करते हैं, लेकिन इसमें नवदुर्गा की जगह पर 10 म हाविद्याओं की पूजा करते हैं।

गुप्त नवरात्रि तंत्र-मंत्र और गुप्त साधनाओं के लिए अच्छी माना जाती है। इसमें सिद्धियों की प्राप्ति के लिए व्रत और पूजन करते हैं। 10 महाविद्याओं में काली, तारा, त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी, भैरवी, छिन्नमस्ता, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी और कमला शामिल हैं। ये मां दुर्गा के 10 शक्तियों का स्वरूप हैं। इनकी कृपा से व्यक्ति को सिद्धि और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

# देवघर में मां दुर्गा का राजसी ठिकाना 1.50 करोड़ की लागत से हो रहा निर्माण



कुछ ही दिनों मे नवरात्रि की शुरुआत होने वाली है। नवरात्रि के शुरुआत होते ही जगह-जगह पर पंडाल बनाकर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती है। पूरे 9 दिनों तक मां के 9 रूपों की पूजा विधि विधान के साथ की जाती है। इस साल 22 सितंबर से नवरात्रि की शुरुआत होने जा रही है और 2 अक्टूबर को विजयादशमी के साथ ही मां दुर्गा का विसर्जन के साथ ही नवरात्रि का समापन होने वाला है। वहीं, नवरात्रि में देवघर के कई जगहों पर अलग-अलग थीम पर पूजा पंडाल का निर्माण किया जाता है। जिसे देखने प्रतिदिन हज़ारो श्रद्धालू दूर दराज से पहुंचते हैं।

1.50 करोड़ का बन रहा है पंडाल

देवघर के अपर बिलासपुर पूजा पंडाल के आयोजक आशीष ने जानकारी देते हुए कहा कि अपर बिलासी में 1972 से मां दुर्गा की विधि विधान के साथ पूजा आराधना होती आ रही है। यहां पर तांत्रिक विधि से पूरे 10 दिनों तक मां दुर्गा की पूजा आराधना की जाती है। इसके साथ ही हर साल अलग-अलग थीम पर पूजा पंडाल का निर्माण किया जाता है, जिसे देखने के लिए देवघर ही नहीं, बल्कि संथाल परगना के कई जगह से लोग पहुंचते हैं। इस साल 1.50 करोड़ की लागत से पूजा पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है।

देवघर में राजस्थान का राजदरबार

अपर बिलासी में हर साल अलग-अलग थीम पर पूजा पंडाल बनाया जाता है। जिसकी बनावट बेहद आकर्षक होती है। वहीं, इस साल राजस्थान के राज दरबार की झलक देवघर में ही देखने को मिलेगी। क करीब डेढ़ करोड़ की लागत से राजस्थान के राज दरबार की तर्ज पर ही पूजा पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। पिछले कई सालो से यहां के आयोजको की टीम को जिला प्रशासन के द्वारा सबसे आकर्षक पूजा पंडाल बनाने का ख़िताब भी दिया गया है।

# दक्षिण भारत का काशी है रामेश्वरम जहां पितरों को मिलता है मोक्ष

पितृ पक्ष में पितरों के मोक्ष के लिए श्राद्ध, तर्पण आदि करते हैं। पितृ पक्ष के समय में लोग कुछ विशेष स्थानों पर जाकर पितरों के लिए श्राद्ध, पिंडदान आदि करते हैं। आज हम आपको दक्षिण भारत के काशी रामेश्वरम के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पितरों को मोक्ष मिलता है। लंका विजय के बाद प्रभु श्रीराम ने भी ब्रह्म हत्या से मुक्ति के लिए पूजा की थी।

**रामेश्वरम में पितृ दोष होता है शांत**

रामेश्वरम हिंदू धर्म का एक अत्यंत पवित्र और आध्यात्मिक तीर्थस्थान है, जो तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले में स्थित है। इसे चार धामों में से एक माना जाता है। यहां स्थित रामनाथस्वामी मंदिर बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। धार्मिक मान्यता है कि इस स्थान पर किए गए श्राद्ध, तर्पण और पितृ दोष शांति महापूजा से पूर्वजों की आत्मा को शांति और मोक्ष मिलता है। साथ ही, श्रद्धालु को जीवन में सुख-समृद्धि, मानसिक शांति और पारिवारिक सामंजस्य का आशीर्वाद प्राप्त होता है।


**पितरों की शांति और ब्रह्म हत्या से मुक्ति के लिए पूजा**


पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान श्रीराम ने लंका विजय के बाद अपने पितरों की शांति और ब्रह्म हत्या के पाप से मुक्ति पाने के लिए रामेश्वरम में भगवान शिव की पूजा की थी। उन्होंने समुद्र तट पर शिवलिंग स्थापित किया और यहीं पर अपने पूर्वजों के लिए श्राद्ध कर्म किया। यही कारण है कि रामेश्वरम को पितृ दोष शांति और श्राद्ध कर्म के लिए सर्वोत्तम स्थान माना जाता है।

**पूर्वजों की आत्मा होती है तृप्त**

पितृ पक्ष के दौरान यहां तिल तर्पण और पिंडदान का विशेष महत्व है। शास्त्रों में वर्णन मिलता है कि तिल, जल और कुशा के साथ किया गया तर्पण पूर्वजों की आत्मा को तृप्त करता है। यह अनुष्ठान कृतज्ञता और श्रद्धा का प्रतीक है, जो पितरों के प्रति सम्मान प्रकट करता है।

मान्यता है कि तिल तर्पण से पितृ दोष के दुष्प्रभाव कम होते हैं, जीवन की बाधाएं दूर होती हैं और परिवार में सुख-समृद्धि आती है। खासकर महालया अमावस्या पर किया गया श्राद्ध अत्यंत फलदायी माना जाता है। इस दिन पितरों की आत्माएं धरती पर आती हैं और श्रद्धा से किए गए कर्मकांड स्वीकार कर आशीर्वाद देती हैं।





**शिवलिंग को कहते हैं 'रामनाथ'**

एक कथा के अनुसार, हनुमान जी कैलाश से शिवलिंग लाने गए थे, लेकिन देर होने पर माता सीता ने रेत से शिवलिंग बनाकर उसकी स्थापना की। इसी शिवलिंग को 'रामनाथ' कहा जाता है। यही मंदिर आज रामनाथस्वामी मंदिर के रूप में प्रसिद्ध है, जो अपने विशाल गलियारों और अद्भुत स्थापत्य कला के लिए भी जाना जाता है।

**24 पवित्र तीर्थकुंड में करते हैं स्नान**

रामेश्वरम में 24 पवित्र तीर्थकुंड हैं, जिन्हें भगवान राम ने अपने बाणों से बनाया था। इन कुंडों के जल को बेहद पवित्र माना जाता है और श्रद्धालु श्राद्ध कर्म से पहले यहां स्नान करके स्वयं को शुद्ध करते हैं।

इसी के साथ रामेश्वरम का समुद्र तटीय क्षेत्र और राम सेतु (आदि-सेतु) भी अत्यधिक धार्मिक महत्व रखते हैं। समुद्र में आज भी उस सेतु के अवशेष दिखाई देते हैं, जो भगवान राम और वानर सेना ने लंका तक पहुंचने के लिए बनाया था।

धार्मिक दृष्टि से रामेश्वरम को दक्षिण भारत का काशी कहा जाता है। यहां श्राद्ध कर्म करना जीवन की नकारात्मकताओं को दूर करने और पितरों का आशीर्वाद पाने का श्रेष्ठ साधन माना गया है। भक्तगण यहां आकर न केवल अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, बल्कि भगवान शिव और भगवान राम की पूजा कर मोक्ष की कामना भी करते हैं।

# सर्वपितृ अमावस्या पर बने 4 शुभ योग, जाते जाते पितर इन 4 राशियों के भरेंगे झोली

**सर्वपितृ अमावस्या पर शुभ योग का मिथुन राशि पर प्रभाव**

सर्वपितृ अमावस्या 2025 पर बन रहे शुभ योग का लाभ मिथुन राशि वालों को मिलने वाला है। मिथुन राशि वालों पर पितरों की कृपा रहेगी और भाग्य का भी साथ मिलेगा। लोगों का आत्मविश्वास कई गुना बढ़ने वाला है, जिससे जरूरी निर्णय लेने में सक्षम भी होंग। मिथुन राशि वालों की प्रतिष्ठा बढ़ेगी और वैवाहिक जीवन में प्रेम और समझ बढ़ेगी। छात्रों को सही मार्गदर्शन मिलेगा और वे अच्छे परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। पितरों की कृपा से स्वास्थ्य उत्साही रहेगा और साझेदारी में लाभ हो सकता है। साथ ही, अविवाहित लोगों को उपयुक्त विवाह प्रस्ताव मिल सकते हैं। नौकरी पेशा जातकों को ऑफिस में बेहतर परिणाम मिलने की संभावना है और दूसरी कंपनी से भी ऑफर मिल सकता है।

**अमावस्या पर शुभ योग का तुला राशि पर प्रभाव**

सर्वपित्त अमावस्या 2025 पर बन रहे शुभ योग तुला राशि वालों के लिए अत्यंत शुभ साबित होगा। तुला राशि वालों के परिवार में पितरों की कृपा से सुख-शांति और समृद्धि बनी रहेगी और घर के सदस्यों में आपसी प्रेम और सम्मान भी बना रहेगा। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा और आपके सोचे हुए सभी कार्य आसानी से पूरे होते जाएंगे। धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने के अवसर मिल सकते हैं और बैंक बैलेंस में भी वृद्धि देखने को मिलेगी। पितरों की कृपा से आपका बिजनेस अच्छा तरक्की करेगा



और स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। संतान की उन्नति देखकर मन प्रसन्न होगा और घर की साज सजावट पर भी धन खर्च कर सकते हैं।

**अमावस्या पर शुभ योग का कन्या राशि पर प्रभाव**

सर्वपित्त अमावस्या 2025 पर बन रहे शुभ योग कन्या राशि वालों के लिए लाभकारी साबित होने वाला है। कन्या राशि वालों को मनचाहे परिणाम मिल सकते हैं और परिजनों के साथ धार्मिक यात्रा पर जाने का अवसर मिल सकते हैं।

अगर आप काफी समय से मकान व फ्लैट खरीदना चाहते हैं तो पितरों की कृपा से आपकी इच्छा पूरी होगी। सामाजिक जीवन में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी और विद्यार्थियों को विदेश में पढ़ाई करने का मौका मिल सकता है। पारिवारिक जीवन में शांति और खुशहाली रहेगी। नौकरी करने वाले वरिष्ठों की सलाह लेकर काम में बेहतरीन कदम उठाने की योजना बनाएं।

**अमावस्या पर शुभ योग का कुंभ राशि पर प्रभाव**

सर्वपित्त अमावस्या 2025 पर बन रहे शुभ योग से कुंभ राशि वालों को जीवन के हर क्षेत्र में फायदा मिलेगा। पितरों की कृपा से व्यावसायिक सौदों को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने का आदर्श समय होगा। कार्य में सफलता के अवसर हैं, और आप अपनी मेहनत से प्रमोशन प्राप्त कर सकते हैं। वित्तीय स्थिति स्थिर रहेगी और वैवाहिक जीवन में स्थिरता बनी रहेगी। लोग आपकी बातों से प्रभावित होंगे और सही प्रयास से सौदे कर सकते हैं। अगर आप पार्टनरशिप में बिजनेस करते हैं, तो यह विभिन्न सौदों से अच्छा लाभ कमाने का सबसे अच्छा समय है। पुराने मित्र से मिलने के अवसर होंगे, जो आपको खुशी देंगे और किसी समारोह में जाने का अवसर भी मिलेगा। विभिन्न सौदों से अच्छा कमाई करने के अवसर मिल सकते हैं।

# कौन हैं शाहरुख की होने वाली बहू?

## बैड्स ऑफ बॉलीवुड की स्क्रीनिंग पर छाईं आर्यन की रूमर्ड गर्लफ्रेंड





आर्यन खान की डेब्यू वेब सीरीज 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' का प्रीमियर मुंबई के एनएमएसीसी में आयोजित हुआ, लेकिन इस इवेंट की असली स्टार रहीं ब्राजीलियन मॉडल और एक्ट्रेस लारिसा बोनेसी। रेड कार्पेट पर उनके अंदाज ने सभी को इंप्रेस कर दिया। सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें वायरल हो रही हैं और फैंस उन्हें मजाकिया अंदाज में लोग भाभी भी कहकर बुला रहे हैं। कौन हैं लारिसा बोनेसी, चलिए जानते हैं।

### फिल्म 'देसी बॉयज' में आ चुकीं नजर

लारिसा का करियर बेहद दिलचस्प है। 28 मार्च 1994 को ब्राजील में जन्मी लारिसा ने 13 साल की उम्र से ही मॉडलिंग शुरू कर दी थी। उन्होंने चीन, हांगकांग और थाईलैंड जैसे देशों में मॉडलिंग असाइनमेंट किए और बाद में साल 2011 में मुंबई आ गईं। बॉलीवुड में उनका पहला काम था फिल्म 'देसी बॉयज' के सुपरहिट गाने 'सुबह होने ना दे' में बैकग्राउंड डांस करना।

इसके बाद उन्होंने 'गो गोवा गॉन' जैसी हिंदी फिल्म और साउथ इंडस्ट्री की थिका और नेक्स्ट एंटी? जैसी फिल्मों में काम किया। हाल ही में वो नेटफ्लिक्स की 'पेंटहाउस' और फिल्म 'घाटी' में भी नजर आ चुकी हैं। हालांकि किसी भी प्रोजेक्ट में लारिसा लीड के तौर पर नजर नहीं आई है।

### म्यूजिक वीडियोज में भी किया काम

फिल्मों से अलग, लारिसा ने म्यूजिक वीडियोज में भी खूब नाम कमाया है। उन्होंने बेनी दयाल के 'आर यू कमिंग', विशाल मिश्रा के 'आओ ना' और यो यो हनी सिंह के साथ 'सुपरस्टार' जैसे वीडियो में काम किया। उनके डांसिंग स्किल्स और ग्लैमरस अंदाज़ ने उन्हें म्यूजिक वीडियोज़ की पॉपुलर फेस बना दिया।

### आर्यन-लारिसा के एक दूसरे को डेट करने की अटकलें

लारिसा और आर्यन खान की लिंकअप खबरें भी लंबे समय से सुर्खियों में हैं। दोनों एक-दूसरे को इंस्टाग्राम पर फॉलो करते हैं और खास बात यह है कि सुहाना खान और शाहरुख खान की मैनेजर पूजा ददलानी भी लारिसा को फॉलो करती हैं। जब आर्यन खान की वेब सीरीज का पोस्टर लॉन्च हुआ था, तब लारिसा ने उसे शेयर करते हुए एक नोट लिखा था।

लारिसा बोनेसी का बॉलीवुड से रिश्ता काफी गहरा है। वो फैशन इंडस्ट्री में भी खूब एक्टिव हैं और भारत में रहते हुए उन्होंने कई ब्रांड्स और एड कैंपेन का हिस्सा बनीं। उनके इंस्टाग्राम पर लाखों फॉलोअर्स हैं, जो उनकी फिटनेस, डांस और स्टाइलिश तस्वीरों को खूब पसंद करते हैं।

# 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल से बाहर हुईं दीपिका पादुकोण



एटली और अल्लू अर्जुन की फिल्म के चलते चर्चाओं में बनी दीपिका पादुकोण को लेकर अब एक बड़ी खबर सामने आ रही है। संदीप रेड्डी वांगा की 'स्पिरिट' से काम के घंटों और फीस को लेकर बाहर होने वाली दीपिका अब एक और बड़ी फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल से भी बाहर हो गई हैं। इस बात की जानकारी खुद मेकर्स ने सोशल मीडिया पर साझा की है।

### मेकर्स ने खुद दी जानकारी

आज वैजयंती मूवीज ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक बयान के जरिए इस बात की घोषणा की कि दीपिका पादुकोण अब कल्कि के सीक्वल का हिस्सा नहीं हैं। इस पोस्ट में लिखा गया, 'यह आधिकारिक तौर पर घोषणा की जाती है कि दीपिका पादुकोण 'कल्कि 2898एडी' के आगामी सीक्वल का हिस्सा नहीं होंगी। काफी विचार-विमर्श के बाद हमने अलग होने का फैसला किया है। पहली फिल्म बनाने के लंबे सफर के बावजूद, हम साझेदारी नहीं कर पाए। 'कल्कि 2898एडी' जैसी फिल्म उस प्रतिबद्धता और उससे भी कहीं अधिक की हकदार है। हम उनके भविष्य के काम के लिए शुभकामनाएं देते हैं।'

### 'कल्कि' में दीपिका ने निभाया था सुमति का किरदार

नाग अश्विन द्वारा निर्देशित फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' साल 2024 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण ने गर्भवती महिला सुमति का किरदार निभाया था। फिल्म में उनके होने वाले बेटे को ही कल्कि अवतार के तौर पर दिखाया जा रहा है। फैंस को दीपिका का किरदार काफी पसंद आया था और उनके अभिनय की भी तारीफ हुई थी। अब कल्कि के सीक्वल से दीपिका पादुकोण के अचानक बाहर किए जाने से उनके फैंस हैरान हैं।

### अभी नए नाम की नहीं हुई घोषणा

कल्कि अवतार पर आधारित फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में दीपिका पादुकोण के अलावा 'बाहुबली' स्टार प्रभास, आमिताभ बच्चन और कमल हासन भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं। फैंस इसके सीक्वल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जिसमें फिल्म की कहानी पहले भाग से आगे बढ़ेगी। लेकिन अब दीपिका के फिल्म से बाहर होने के बाद दूसरे पार्ट में किसी नई अभिनेत्री के शामिल होने की उम्मीद है। हालांकि, मेकर्स ने अभी किसी नए नाम की घोषणा नहीं की है।

### 'स्पिरिट' के बाद अब कल्कि से कटा दीपिका का पत्ता

इससे पहले दीपिका संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट' से भी बाहर हो चुकी हैं। 'स्पिरिट' से दीपिका काम के घंटों और फीस के चलते बाहर हुई थीं। इस फिल्म में भी प्रभास ही लीड रोल में नजर आएंगे। दीपिका के बाहर होने के बाद मेकर्स ने इस फिल्म में तृप्ति डिमरी को शामिल किया है। तृप्ति 'एनिमल' में भी संदीप रेड्डी वांगा के साथ काम कर चुकी हैं।

बेटी दुआ को जन्म देने के बाद दीपिका फिलहाल किसी फिल्म में नजर नहीं आई हैं। वो आखिरी बार 'सिंघम अगेन' में दिखाई दी थीं। कुछ दिनों पहले ही वो एटली और अल्लू अर्जुन की बड़े बजट की आगामी फिल्म A22 x A6 से जुड़ी हैं। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है।

# 'जितना बड़ा स्टार, उतनी बड़ी वैनिटी' पटौदी पैलेस में शूटिंग पर बोलीं शर्मिला टैगोर



वेटरेन एक्ट्रेस शर्मिला टैगोर की गिनती इंडस्ट्री की बेहतरीन अभिनेत्रियों में होती है। 80 साल की उम्र में भी शर्मिला टैगोर एक्टिव हैं। अब हाल ही में उन्होंने पटौदी पैलेस को शूटिंग के लिए किराए पर देने के बारे में बात की। साथ ही उन्होंने बताया कि इसके बाद ही उन्हें प्रोडक्शन कास्ट के बारे में भी पता चला। अभिनेत्री ने पुराने जमाने की फिल्मों के बजट की तुलना आज के वक्त की फिल्मों से भी की। वहीं टीम के खर्च को लेकर चल रही बहस पर भी एक्ट्रेस ने अपनी प्रतिक्रिया दी।

### शर्मिला ने बताया पटौदी पैलेस को रेंट पर लेने पर बढ़ता है प्रोड्यूसर का खर्चा

बातचीत के दौरान शर्मिला टैगोर ने बताया कि कैसे निर्माता शूटिंग के लिए पटौदी पैलेस को किराए पर लेने पर ज्यादा पैसा खर्च करते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे ये सब पता है क्योंकि हम पटौदी पैलेस को किराए पर देते हैं। वहां एक सेक्रेटरी, एक रसोइया और एक मसाजिस्ट होगा। यानी वहां छह से सात लोग होंगे, और निर्माताओं को इससे काफी खर्चा होता होगा। जाहिर है कि पटौदी पैलेस की कीमत लगभग 800 करोड़ रुपये है। यह 10 एकड़ जमीन पर बना है। इसमें 150 कमरे हैं, जहां मंसूर अली खान पटौदी रहा करते थे। अब सैफ अली खान इस घर के मालिक हैं।

### वैनिटी वैन का रुतबा दिखाते हैं स्टार्स

इस दौरान वैनिटी वैन के बारे में बात करते हुए शर्मिला ने यह भी बताया कि कैसे सितारे अपनी वैनिटी वैन का प्रदर्शन करके अपना रुतबा दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने सुना है कि अब मेकअप रूम, मीटिंग रूम, स्लीपिंग रूम और डिस्कशन रूम होते हैं। वैनिटी वैन जितनी बड़ी होती है, जाहिर है सितारे का रुतबा भी उतना ही बड़ा होता है।

### पुराने कलाकार पूरी कीमत वसूल करते थे

अभिनेत्री ने यह भी याद किया कि कैसे उनकी पीढ़ी के सितारे पैसे की पूरी कीमत वसूल करते थे। उन्होंने कहा कि दिलीप कुमार और वहीदा रहमान जैसे सितारों की फिल्में खचाखच भरे सिनेमाघरों में चलती थीं। लोग जानते थे कि देव आनंद की फिल्मों का संगीत अच्छा होगा। या यूं कहें कि वे हमेशा लोगों की उम्मीदों पर खरे उतरते थे और अपनी फिल्मों पर खर्च की गई कमाई वसूल कर लेते थे। मुझे लगता है अब ऐसा नहीं है।

# जाह्नवी कपूर ने 'परम सुंदरी' में दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया



जाह्नवी और ब्वॉयफ्रैंड शिखर पहाड़िया का नाम अक्सर चर्चा में रहता है। दोनों लंबे समय से डेट कर रहे हैं। सोशल मीडिया पोस्ट और पब्लिक अपीयरैंस के जरिए उनका रिश्ता पक्का हो ही चुका है। फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि जाह्नवी उसको ही अपना लाइफ पार्टनर चुन सकती है।

जाह्नवी कपूर ने हाल ही में अपनी फिल्म 'परम सुंदरी' के साथ दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया है। वह हमेशा सुर्खियों में बनी रहती है। उसने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपने निजी जीवन के बारे में बात की और बताया कि वह तीन बच्चों की मां क्यों बनना चाहती है। इसके पीछे का कारण जान आप भी चौंक जाएंगे।

जाह्नवी ने बिना हिचकिचाहट के जवाब देते हुए कहा, मैं फ्यूचर में तीन बच्चों की मां बनना चाहती हूं। मुझे लगता है कि 3 अच्छा होता है। पहले तो मेरे लिए यह एक लक्की नंबर है और एक कारण यह भी है कि अगर दो बच्चों के बीच कोई झगड़ा हो, तो तीसरा बच्चा बीच में आकर माहौल को शांत कर सकता है । यह सपोर्ट बहुत जरूरी होता है। एक बहन या लड़का जो भी होगा, वह 'डबल ढोलकी' होगा। दोनों साइड से खेलेगा। दोनों को सपोर्ट मिलेगा । मैंने इस बारे में काफी सोच-विचार कर फैसला लिया है।

शिखर पहाड़िया के साथ रोमांस! जाह्नवी की पर्सनल जिंदगी की बात करें तो उसके ब्वॉयफ्रैंड शिखर पहाड़िया का नाम अक्सर चर्चा में रहता है। दोनों लंबे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। सोशल मीडिया पोस्ट और पब्लिक अपीयरेंस के जरिए उनका रिश्ता पक्का हो ही चुका है। ऐसे में फैंस यह अंदाजा लगा रहे हैं कि जाह्नवी आगे आने वाले समय में शिखर को ही अपना लाइफ पार्टनर चुन सकती है।

### मां के जाने के बाद बहुत कुछ झेला

अपनों को खोने का दर्द वही समझ सकता है, जिसने कभी किसी अपने को खोया हो । जाह्नवी ने एक इंटरव्यू में खुलासा करते हुए बताया कि मां के जाने के बाद वह नैगेटिव हो गई थी। उसने बताया, 'उस दौरान मीडिया मुझे लगातार फॉलो करता था। अगर मैं अपनी फिल्म प्रमोट करने के लिए मुस्कुरा देती तो कहा जाता कि मैं मां के जाने बाद भी ठीक हूं। अगर चुप रहती तो मुझे ठंडी और बेरहम कहा जाता। सोचिए, मां को खोने के बाद भी यह सब लोगों के लिए एंटरटेनमैंट बन गया।

उसने आगे बताया कि बचपन में उसके लिए पैपराजी (फोटोग्राफरों) का सामना करना आम बात थी, लेकिन मां के निधन के बाद इसने उसे भीतर से तोड़ दिया । उसने कहा, जो नुकसान हमने सहा, उसे कोई समझ नहीं सकता। मां को खोना एक दर्द था, लेकिन उसके बाद जो कुछ झेलना पड़ा, उसने मुझे इंसानियत को लेकर बहुत नैगेटिव बना दिया।

### अपनी जड़ों की ओर लौटने का एहसास कराया

जाह्नवी की फिल्म 'परम सुंदरी' चर्चा में है लेकिन कई मलयाली कलाकारों और दर्शकों ने फिल्म में उसके उच्चारण और किरदार पर सवाल उठाए हैं। मलयालम अभिनेत्री - सिंगर पवित्रा मेनन और कंटैंट क्रिएटर स्टैफी ने भी फिल्म में जान्हवी की कास्टिंग पर नाराजगी जताई। इसी बीच, जान्हवी ने एक इंटरव्यू में अपने किरदार और फिल्म को लेकर पहली बार खुलकर बात की है। जाह्नवी ने कहा, मैं अपनी जिंदगी के उस मोड़ पर थी, जब एक एक्ट्रैस से ज्यादा एक दर्शक के रूप में मैं एक रोमांटिक कॉमेडी देखना चाहती थी। एक ऐसी हल्की-फुल्की कहानी, जिसे देखते हुए चेहरे पर हमेशा मुस्कान बनी रहे 'परम सुंदरी' ने मुझे वही मौका दिया और इसने मुझे अपनी जड़ों की ओर लौटने का एहसास कराया।"

उसने कहा, भले ही मैं मलयाली नहीं हूं और मेरी मां भी नहीं थीं, लेकिन फिल्म में मेरा किरदार आधा तमिल और आधा मलयाली है । मुझे हमेशा से साऊथ की संस्कृति और वहां के सिनेमा में दिलचस्पी रही है। मैं मलयालम फिल्मों की बहुत बड़ी फैन हूं, इसलिए यह फिल्म मेरे लिए खास है ।

# पवन कल्याण की फिल्म 'ओजी' में प्रकाश राज निभायेंगे 'सत्या दादा' का किरदार





'दे कॉल हिम ओजी' का निर्देशन सुजीत कर रहे हैं। 'दे कॉल हिम ओजी' के निर्माताओं ने आज अभिनेता प्रकाश राज के किरदार के नाम के साथ ही उनका फिल्म में लुक रिवील कर दिया है। जिससे इस फिल्म को लेकर फैंस की उत्सुकता और अधिक बढ़ गई है।

### निर्माताओं का पोस्ट

ओजी से प्रकाश राज का लुक शेयर किया है। साथ ही यह भी बताया है कि फिल्म में प्रकाश राज 'सत्या दादा' का किरदार निभा रहे हैं। इस पोस्टर में प्रकाश राज गंभीर लुक में दिखाई दे रहे हैं। इस पोस्टर में प्रकाश कुछ सोचते नजर आ रहे हैं। उनके लुक की बात करें तो वह मैरून कुर्ते के ऊपर सॉल ओढ़े हुए हैं और आंखों पर नजर का चश्मा लगा हुआ है। इस पोस्टर के ऊपर लिखा है - 'सत्या दादा'।

### फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी' के बारे में

इस महीने की शुरुआत में पवन कल्याण के जन्मदिन पर एक झलक रिलीज की गई थी। इस वीडियो में पवन कल्याण का किरदार 'ओजी' एक पत्र पढ़ता है, जिसमें उसे जन्मदिन की बधाई के साथ धमकी दी जाती है। वीडियो में ओजी को बेसबॉल बैट और जापानी कटाना तलवार के साथ एक्शन करते दिखाया गया, जो दर्शकों को बेहद पसंद आया। फिल्म में पवन कल्याण के अलावा इमरान हाशमी, प्रियंका अरुल मोहन, प्रकाश राज और श्रीया रेड्डी जैसे कलाकार हैं। डीवीवी एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी यह फिल्म 2025 की बड़ी फिल्मों में से एक मानी जा रही है। पहले यह फिल्म 27 सितंबर 2024 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब यह 25 सितंबर 2025 को सिनेमाघरों में आएगी। पवन कल्याण के फैंस उनकी इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# रोमांस व टूटे रिश्तों पर बोली 'श्वेता तिवारी'



श्वेता तिवारी का पहला सीरियल 'कसौटी जिंदगी की' (2001) था, जो सुपरहिट रहा था। उस दौर में श्वेता ने प्रेरणा के किरदार में घर-घर में पहचान बनाई और आज भी बहुत से लोग उसी नाम से उसे जानते हैं। इस सीरियल में आने से पहले ही श्वेता ने शादी कर ली थी और एक बेटी की मां भी बन गई थी। फिर पहली शादी टूटी और दूसरी शादी हुई, उसमें भी तलाक हुआ। उम्र के इस पड़ाव पर आकर श्वेता का रोमांस के बारे में क्या ख्याल है, इसके बारे में उसने एक इंटरव्यू में बताया।

श्वेता ने कहा कि उसने अपनी लाइफ में बहुत कुछ झेला है, लेकिन आज वह खुश है और बच्चों के साथ अच्छी लाइफ जी रही है। श्वेता से पूछा गया था कि उसने अपनी लाइफ में बहुत कुछ झेला है, उसके बाद क्या प्यार की परिभाषा उसकी जिंदगी में बदल गई है, इस पर उसका कहना था, नहीं, प्यार को लेकर कुछ नहीं बदला, बस रिलेशनशिप को लेकर बदल गया है। प्यार तो मां-पिता, बच्चों और दोस्तों से हो ही जाता है, लेकिन रिलेशनशिप तो आप हर किसी से नहीं बना पाते। मेरी लाइफ में जो भी हुआ है, उसके बाद रिश्ते पर विश्वास करना मैंने छोड़ दिया है। मेरे जो खास दोस्त हैं, मैं उनके लिए हर समय मुश्किल में खड़ी हूं, लेकिन अब मैं किसी पर आसानी से विश्वास कर लूं ऐसा नहीं होता ।

अगर आप रिलेशनशिप में रोमांस की बात करते हैं तो उसके बारे में मैं सोचती ही नहीं हूं। अब तो मैं बुक भी पढ़ती हूं और रोमांस का पार्ट आता है तो उसे स्किप कर देती हूं। अगर कुछ देखती भी हूं तो सोचती हूं कि क्या ही चल रहा है (हंसते हुए) ।

# वसुंधरा राजे समेत पूर्व मंत्रियों पर 5000 करोड़ घोटाले का मामला खारिज



जयपुर, 18 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और उनके कार्यकाल में मंत्री रहे राजेंद्र राठौड़, गुलाबचंद कटारिया, गजेंद्र सिंह खींवसर, पूर्व IAS अधिकारी सीएस राजन और वीनू गुप्ता के खिलाफ दायर किया गया 5000 करोड़ रुपये के कथित घोटाले और पद के दुरुपयोग का मामला अदालत ने खारिज कर दिया है। यह मामला जयपुर स्थित महिंद्रा सेज भूमि प्रकरण से जुड़ा हुआ था, जो करीब 10 साल पुराना है। परिवाद संजय छाबड़ा नामक व्यक्ति द्वारा दायर किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि वसुंधरा सरकार ने महिंद्रा ग्रुप के आनंद महिंद्रा को फायदा पहुंचाने के लिए सरकारी जमीन का गलत ढंग से लैंड यूज बदला था।

इसमें एसईजेड के नाम से अधिगृहित की गई भूमि में से सड़क और पार्कों के लिए रिजर्व जमीन को औद्योगिक उपयोग के लिए बेचने का प्रस्ताव बनाया गया था। तत्कालीन वसुंधरा सरकार में इसे कैबिनेट ने मंजूरी दी थी। मामला 500 एकड़ भूमि का था जिसकी उस समय डीएलसी दर से कीमत लगभग 5 हजार करोड़ रुपए आंकी गई थी। लैड यूज चेंज का यह प्रस्ताव उद्योग विभाग में तत्कालीन प्रमुख सचिव रही आईएएस वीनू गुप्ता ने तैयार किया था। इसके बाद राज्य सरकार की कैबिनेटने इसे पास किया था।

**कोर्ट का आदेशः**

अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जयपुर ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि परिवादी ने आरोपों के समर्थन में कोई ठोस दस्तावेज़ी सबूत पेश नहीं किए, केवल मौखिक आरोप लगाए गए। ऐसे में अदालत ने परिवाद को खारिज करने के आदेश दे दिए।

क्या थे आरोप?

महिंद्रा सेज सिटी में सड़क, स्कूल और पार्क के लिए आरक्षित ज़मीन का लैंड यूज बदलने का आरोप।

आरोप था कि तत्कालीन उद्योग सचिव वीनू गुप्ता ने यह प्रस्ताव बनाया जिसे मुख्य सचिव सीएस राजन ने पास किया और कैबिनेट में भेजा।

इस बदलाव से 1000 एकड़ भूमि घटाकर 446 एकड़ कर दी गई, और बची हुई भूमि लाईफ स्पेस डेवलपर्स को दी गई।

इससे सरकार को 5000 करोड़ रुपये के नुकसान का आरोप लगाया गया था।

कोर्ट के आदेश के बाद यह मामला अब कानूनी रूप से समाप्त हो गया है। इस फैसले को वसुंधरा राजे और उनके पूर्व सहयोगियों के लिए एक बड़ी राहत माना जा रहा है।

# कांग्रेस का 'मिशन ओबीसी', गहलोत-पायलट सहित 59 नेताओं की काउंसिल बनी




जयपुर, 18 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों के तहत कांग्रेस ने ओबीसी वर्ग के मतदाताओं को साधने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। पार्टी ने राज्य स्तर पर 'ओबीसी एडवाइजरी काउंसिल' का गठन किया है, जिसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सचिन पायलट और पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित कुल 59 नेताओं को शामिल किया गया है।

**कांग्रेस का मिशनः ओबीसी को साधना**

राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी लंबे समय से ओबीसी वर्ग को संगठित करने और उनके हितों को प्राथमिकता देने की रणनीति पर काम कर रही है। पहले राष्ट्रीय स्तर पर ओबीसी नेताओं की काउंसिल बनाई गई, और अब राज्यों में भी इस दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

राजस्थान में बनी यह स्टेट ओबीसी एडवाइजरी काउंसिल ओबीसी समाज के मुद्दों, समस्याओं और आंकड़ों को जुटाने का कार्य करेगी, ताकि पार्टी की नीतियां इस वर्ग की जरूरतों के अनुरूप तैयार की जा सकें।

**काउंसिल में शामिल प्रमुख सदस्यः**

राजस्थान की 59 सदस्यीय ओबीसी एडवाइजरी काउंसिल में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सचिन पायलट और पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा शामिल हैं। इसके अलावा काउंसिल में 13 विधायक, 2 सांसद, 7 पूर्व मंत्री, 7 पूर्व विधायक, 7 महिला नेता, एआईसीसी और पीसीसी के पदाधिकारी भी शामिल हैं। साथ ही 28 नेताओं को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में भी शामिल किया गया है।

**क्या है कांग्रेस की रणनीति?**

कांग्रेस का मानना है कि सत्ता में वापसी के लिए ओबीसी वर्ग का समर्थन अनिवार्य है।

इसी को ध्यान में रखते हुए पहले राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना की मांग उठाई थी, और अब यह काउंसिल बनाकर ओबीसी समाज को संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि कांग्रेस उनकी आवाज को प्राथमिकता दे रही है।

# सरकार की चुनावी कवायद, बदलेंगे वार्डों के नक्शे; 200 निकायों की अधिसूचना जारी

जयपुर, 18 सितंबर (एजेंसियां)। भजनलाल सरकार ने प्रदेश में नगरी निकाय के चुनाव को लेकर कमर कस ली है। निकायों में वार्डों के पुनर्गठन, परिसीमन की अधिसूचना लगातार जारी की जा रही है। स्वायत शासन विभाग अब तक 200 से अधिक निकायों की अधिसूचना जारी कर चुका है।

बड़े निकायों में कोटा भरतपुर, बीकानेर, जोधपुर, पाली, भरतपुर, भीलवाड़ा सहित कई शहर शामिल है। इनका राजपत्र में प्रकाशन कराया जा रहा है।

**निकायों का आंकड़ा 309 तक पहुंचा**

इस बार प्रदेश निकायों की संख्या का आंकड़ा 309 तक पहुंच गया है। इनमें से 305 निकायों में वार्डों का पुनर्गठन व परिसीमन कर अनुमोदन कर दिया गया है। बाकी, चार निकायों ऐसे हैं, जहां कोर्ट का स्थागन आदेश होने के कारण पुनर्गठन नहीं किया जा सका है। हालांकि, यहां मौजूदा वार्डों के आधार पर ही चुनाव कराए जाएंगे।

**यह बनी स्थिति**

परिसीमन और पुनर्गठन के फाइनल प्रस्ताव के बाद राज्य में 2700 नए वार्ड प्रस्तावित किए गए हैं। अथ 10175 वार्डों में चुनाव होंगे, जबकि अभी तक शहरी सरकारों में 7475 वार्ड ही थे। वर्ष 2019 में जहां 196 नगरीय निकाय थे, वे बढ़कर अब 309 हो गए हैं।

इस बीच राज्य में अब 13 की जगह बस ही नगर निगम होंगे। इनमें जयपुर, जोधपुर, कोटा में वो की जगह एक ही निगम होगा।

# डेगाना में लिथियम का मिला बड़ा खजाना, अब खत्म होगा चीन का दबदबा

नागौर, 18 सितंबर (एजेंसियां)। देश को लिथियम में आत्मनिर्भर बनाने में राजस्थान जल्द ही अहम भूमिका निभा सकता है। इससे देश ईवी कार, लैपटॉप और मोबाइल बैटरी बनाने के साथ ही परमाणु रिएक्टरों में उपयोग को लेकर बड़ी राहत मिलेगी। राजस्थान में नागौर जिले के डेगाना क्षेत्र की रेंवत पहाड़ियों पर लिथियम भंडार मिलने के बाद केन्द्र सरकार के खान मंत्रालय ने नीलामी प्रक्रिया शुरू कर दी है। खनन शुरू होने से प्रदेश के राजस्व और रोजगार में भी भारी बढ़ोतरी होगी।

चीन से होता है 80 फीसदी लिथियम का आयात



वैसे देश में अब तक लिथियम भंडार राजस्थान के अलावा जम्मू-कश्मीर, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक सहित अन्य कुछ राज्यों में मिल चुके हैं, लेकिन अभी कहीं खनन शुरू नहीं हो सका है। भारत में अभी करीब 70 से 80 फीसदी लिथियम का आयात चीन से होता है। यहां खनन शुरू होने से क्षेत्र में चीन पर निर्भरता काफी हद तक कम हो जाएगी।

**लिथियम के लिए चर्चित हो गई डेगाना की रेंवत पहाड़ियां**

डेगाना की रेंवत पहाड़ियों में दशकों से टंगस्टन का खनन किया जा रहा था, लेकिन अब लिथियम के भंडार होने की पुष्टि जीएसआई के सर्वे में हुई है। सर्वे टीम कुछ साल पहले हाईग्रेड टंगस्टन की खोज करने पहाड़ियों पर गई थी। उसी दौरान इस इलाके में लिथियम के बड़े भंडार की उपलब्धता मिली थी। कहा जा रहा है कि यह इलाका ऐतिहासिक रूप से टंगस्टन की आपूर्ति के लिए जाना जाता था, अब यही क्षेत्र लिथियम के लिए चर्चित हो गया है।

**देश का बड़ा भंडार**

भारतीय भूगर्भ सर्वेक्षण (जीएसआई) ने टंगस्टन, लिथियम एवं एसोसिएटेड खनिजों के लिए नागौर, पाली व अजमेर में सर्वे किया था। सूत्रों के मुताबिक लिथियम के संभावित 14 मिलियन टन खनिज भण्डारों का आकलन किया गया है। जो देश का बड़ा भंडार माना जा रहा है।

**खानों की नीलामी**

क्रिटिकल सामरिक महत्व के मिनरल की नीलामी खान मंत्रालय की ओर से की जाती है। इसके तहत सामरिक महत्व के लिथियम, रेयर अर्थ, टंगस्टन और रोक फास्फेट की 4 खानों की नीलामी को लेकर 23 सितंबर से निविदा दस्तावेज की बिक्री शुरू होगी, जो 24 नवंबर तक जारी रहेगी। जमा कराने की अंतिम तिथि 1 दिसंबर 2025 रखी गई है।

# 8वीं की फर्जी मार्कशीट से महिला उम्मीदवार ने लड़ा चुनाव

## सरपंच बनीं; अब 3 साल जेल

राजसमंद, 18 सितंबर (एजेंसियां)। उपखंड की नमाना ग्राम पंचायत की तत्कालीन महिला सरपंच को 8वीं की फर्जी मार्कशीट लगाकर चुनाव लड़ना भारी पड़ गया। वर्ष 2015 में महिला उम्मीदवार के रूप में चुनावी प्रक्रिया के दौरान 8वीं की फर्जी मार्कशीट लगाकर चुनाव लड़ा और जीतकर महिला सरपंच बनीं, मगर न्यायालय में चल रहे प्रकरण में दोषी मानते हुए 3 साल का कठोर कारावास व आर्थिक दंड का फैसला सुनाया है।

अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय नाथद्वारा के पीठासीन अधिकारी प्रतापसिंह राठौड़ ने 9 सितंबर को इस प्रकरण में फैसला दिया। वर्ष 2015 में हुए सरपंचों के चुनाव में ग्राम पंचायत नमाना की महिला उम्मीदवार जीना देवी द्वारा फर्जी दस्तावेज लगाकर चुनाव लड़ने व जीतकर सरपंच बनने के मामले में तीन साल की कठोर सजा व भारी आर्थिक दंड की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी अभियोजन अधिकारी ललित बड़ारिया ने की।

17 अप्रैल 2015 को परिवादिया कृष्णा ने प्रस्तुत किए मामले में बताया कि नमाणा ग्राम पंचायत के सरपंच पद के लिए चुनाव वर्ष 2015 में उम्मीदवार जीना देवी ने 8वीं कक्षा की फर्जी मार्कशीट को असली बताकर पेश की और सरपंच पद का चुनाव लड़कर जीता। पुलिस ने इस पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया और आरोपी तत्कालीन सरपंच जीना देवी के विरूद्ध धारा 193, 420, 467, 468, 471 में आरोप पत्र पेश किया।

दोनों पक्षों की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने जीना देवी द्वारा प्रस्तुत 8वीं कक्षा की मार्कशीट को फर्जी मार्कशीट माना। फर्जी मार्कशीट को असल के रूप में उपयोग में लेने के अपराध पर मामले की गंभीरता को देखते हुये सजा के बिंदुओं को सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी जीना देवी को विभिन्न धाराओं में तीन वर्ष के कठोर कारावास एवं भारी जुर्माने की सजा सुनाई।

# कांग्रेस विधायक को जान से मारने की धमकी

## अनजान नंबर से आया कॉल, बोला- एक्सीडेंट में उड़ा दूंगा



सिरोही, 18 सितंबर (एजेंसियां)। जिले की रेवदर विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक मोतीराम कोली ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उन्हें किसी ने अज्ञात नंबर से फोन करके जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने मामले में विधायक की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार वासन, रेवदर निवासी विधायक मोतीराम पुत्र पूनमाराम कोली ने दी गई रिपोर्ट में बताया कि सोमवार दोपहर 1 बजे के आसपास उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया, जिसमें कॉल करने वाले ने धमकी दी कि "तेरी एमएलए की गर्मी उतार दूंगा। पहले भी तुझे मारने की कोशिश की थी, लेकिन तू बच गया था। एक महीने में एक्सीडेंट में उड़ा दूंगा, इस बार नहीं छोड़ूंगा।"

विधायक का कहना है कि इस धमकी से उनका और उनके परिवार का जीवन तथा संपत्ति दोनों खतरे में हैं।

पुलिस ने बताया कि फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। कॉल करने वाले की पहचान, लोकेशन और अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच शुरू कर दी गई है। अभी तक किसी संदिग्ध की गिरफ्तारी या अतिरिक्त जानकारी सामने नहीं आई है। पूछताछ और आवश्यक रिकॉर्ड प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# लिव इन में रह रही थी महिला, पार्टनर ने 3 साल की बेटी को लेकर मारे ताने; कलयुगी मां ने झील में फेंका

अजमेर, 18 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के अजमेर में दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। लिव इन में रह रही एक महिला ने अपनी ही तीन साल की बच्ची को आनासागर झील में फेंककर मार डाला। इसके बाद आरोपी महिला ने पुलिस को भी गुमराह करने की कोशिश की। लेकिन, सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद कलयुगी मां की करतूत सामने आ गई। पुलिस ने जब सख्त से पूछताछ की तो महिला ने बताया कि पति को छोड़ने के बाद वह उत्तर प्रदेश से अजमेर आई थी। यहां एक युवक के साथ लिव-इन में रह रही थी। लेकिन, उसका पार्टनर आए दिन बेटी को लेकर उसे ताने मारता था। वह कहता था कि ये उसके पहले पति की बेटी है। इसके चलते वह काफी परेशान थी और फिर अपनी ही बेटी की मारने की प्लानिंग बनाई।

सीओ नॉर्थ रुद्रप्रकाश शर्मा ने बताया कि पुलिस को बनारस निवासी अंजलि सिंह उर्फ प्रिया और अल्केश गुप्ता घूमते मिले। पूछताछ में महिला ने बच्ची काव्या (3) का लापता होना बताया। लेकिन, जब सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो चौंकाने वाला सच सामने आया। सख्ती से पूछताछ के बाद आरोपी महिला ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। बेटी की हत्या के आरोप में आरोपी मां को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, उसके पार्टनर अल्केश की भूमिका की भी जांच जारी है।



# जोधपुर नगर निगम में बड़ा खेल

## रंगे हाथों पकड़ा गया कर्मचारी

जोधपुर, 18 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के जोधपुर में नगर निगम की रिकॉर्ड शाखा में कार्यरत कार्मिक भींयाराम को रिकॉर्ड शाखा में ही लगे हुए कर्मचारियों ने उस समय पकड़ा, जब वो शाखा में रिकॉर्ड के फोटो खींच रहा था। हालांकि यह पूरा खेल वहां लगे हुए सीसीटीवी में भी कैद हो गया। इसके बाद रिकॉर्ड के कर्मचारियों ने ही निगम आयुक्त सिद्धार्थ पालानीचामी को इसकी सूचना दी। दरअसल, नगर निगम के संपूर्ण दस्तावेजों को स्कैन करने का कार्य चल रहा है। इसके चलते रेकॉर्ड रूम में निगम आयुक्त की ओर से नियुक्त किए हुए लोगों को ही अंदर जाने की अनुमति है। इस बीच में निगम के सफाई कर्मचारी और पूर्व महापौर के ड्राइवर रहे भीयाराम ने यहां पर 50 से अधिक पत्रावलियों की फोटो नक्शे के साथ खींचे। इस बात की भनक लगने पर यहां पर कार्यरत अन्य कर्मचारियों ने इसकी शिकायत निगम आयुक्त से की। उसके बाद प्रशासन चेता और भीयाराम को आयुक्त ने अपने कक्ष में बुला लिया। निगम आयुक्त रात करीब 9:30 बजे तक भीयाराम से पूछताछ करते रहे। हालांकि उसने भी इस बात को स्वीकार किया कि उसने पत्रावलियों की फोटो खींचे है। निगम आयुक्त ने सभी सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले। उसमें भी फोटो खींचते हुए भीयाराम साफ नजर आया। निगम आयुक्त ने भीयाराम को मोबाइल जब्त कर लिया।

# शराब ठेके के सेल्समैनों पर खूनी हमला, एक की मौत

## दूसरे को गंभीर हालत में जोधपुर रैफर किया

बाड़मेर, 18 सितंबर (एजेंसियां)। जिले में मामूली कहासुनी के चलते शराब ठेके के तीन सेल्समैनों पर बदमाशों ने धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस घटना में एक की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। धक्का-मुक्की के दौरान तीसरा व्यक्ति हाईवे किनारे खाई में गिर गया लेकिन उसकी जान बच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की।

सदर थाना क्षेत्र के सरणू गांव से तीन सेल्समैन अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान स्कॉर्पियो और मोटर साइकिल पर सवार चार-पांच बदमाशों ने उनकी गाड़ी रोककर उन पर अचानक हमला कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचित कर घायलों को बाड़मेर अस्पताल पहुंचाया, जहां एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल एक अन्य सेल्समैन को जोधपुर रैफर किया गया है, जबकि तीसरे घायल का बाड़मेर अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस अधीक्षक बाड़मेर नरेंद्र सिंह मीणा ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायल से मुलाकात की और घटना की जानकारी ली। इसके बाद देर रात घटना स्थल का भी मौका-मुआयना किया गया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

घायल वीरेंद्र ने बताया कि वह अपने साथी खेताराम और हरखाराम के साथ घर जा रहा था। तभी पीछे से आए स्कॉर्पियो और बाइक पर सवार बदमाशों ने उन्हें रुकवाया और धारदार हथियार से हमला कर दिया। हरखाराम और खेताराम के हाथ-पैर कट गए। वीरेंद्र को धक्का मारकर खाई में गिरा दिया गया। बदमाशों ने वारदात के बाद फरार हो गए। एसपी नरेंद्र सिंह मीणा के मुताबिक एक व्यक्ति की मौत हुई है और एक गंभीर घायल को जोधपुर रैफर किया गया है। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है।

# 33 हजार लोगों से 22 करोड़ ठगने वाले पति-पत्नी गिरफ्तार

दौसा, 18 सितंबर (एजेंसियां)। 33 हजार लोगों को झांसे में लेकर 22 करोड़ की ठगी करने वाले पति-पत्नी को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। मामले में 4 आरोपी अब भी फरार है। 6 लोगों ने मिलकर 15 साल पहले चिटफंड कंपनियां बनाई और प्लॉट काटे थे। इसमें अलग-अलग राज्यों से लोगों को प्लॉट देने के बहाने ठगा और भाग निकले। आरोपियों ने कंपनी में काम कर रहे लोगों को कार-बाइक देने का वादा कर ज्यादा से ज्यादा लोग जोड़ने का झांसा दिया। अकेले दौसा में 7 हजार लोगों से 8 करोड़ ठगे थे। पुलिस 15 साल तक राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा में स्थानीय दुकानदारों से पूछताछ करती रही। दोनों नाम बदलकर किराए के मकान में फरारी काटते रहे। दोनों को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है। दोनों दिल्ली के शकूरपुरा में मोबाइल शॉप चला रहे थे।

दौसा डीएसपी रवि प्रकाश शर्मा ने बताया- 22 करोड़ की ठगी के मामले में 15 साल से फरार रहे वांटेड 20 हजार रुपए के ईनामी आरोपी पति-पत्नी श्रीराम सैनी व नीना देवी निवासी बग्गड रोड झुंझुनूं की गिरफ्तारी किया है। दोनों को दिल्ली से पकड़ कर लाए हैं। डीएसपी ने बताया- 5 अक्टूबर 2010 को दौसा कोतवाली थाने मामला दर्ज कराया था। गिर्राज शर्मा (बस्सी), मुखराज मीना (लालसोट), बसंत सैनी (लालसोट), सीडी शर्मा, डॉ. केके सोनी, विजय शंकर शर्मा और राजेंद्र कुमार विजय (दौसा) ने रिपोर्ट दी थी।

# डमी बनकर तीन भर्ती परीक्षाओं में बैठा, लाखों वसूले, फिंगर प्रिंट मैचिंग से खुला राज

भीलवाड़ा, 18 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में भर्ती परीक्षाओं में धांधली रोकने के लिए प्रदेश सरकार ने सख्त नियम और बायोमेट्रिक सिस्टम लागू किया है लेकिन डमी उम्मीदवारों का खेल अब भी जारी है। हालांकि भीलवाड़ा पुलिस और प्रशासन की सजगता के चलते कांस्टेबल भर्ती परीक्षा-2025 में बड़ा फर्जीवाड़ा पकड़ा गया। भीलवाड़ा के शास्त्री नगर रोड स्थित एसएमएम गर्ल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल परीक्षा केंद्र पर बायोमेट्रिक जांच के दौरान धौलपुर से परीक्षा देने आया सुनील कुमार गुर्जर संदिग्ध पाया गया। जांच में सामने आया कि सुनील के फिंगर प्रिंट पहले से सिस्टम में दर्ज थे।



भरतपुर पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद ने बताया कि 1 जून को हुई प्री-डीएलएड परीक्षा में सुनील ने दीपक गुर्जर की जगह डमी कैंडिडेट बनकर परीक्षा दी थी। उस समय गड़बड़ी पकड़ में नहीं आई और दीपक परीक्षा पास हो गया लेकिन इस बार जब सुनील अपने ही नाम से परीक्षा देने आया तो सिस्टम ने पुराने रिकॉर्ड से उसका फिंगर प्रिंट मैच कर लिया और राज खुल गया।

परीक्षा केंद्र पर सख्त बायोमेट्रिक और फोटो वेरिफिकेशन लागू था। जैसे ही सुनील का फिंगर प्रिंट मैच हुआ, तुरंत चेतावनी मिली। पूछताछ में उसने कबूल किया कि गांव के हंसराज गुर्जर के कहने पर उसने जून में दीपक की जगह परीक्षा दी थी। भीलवाड़ा पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर सुनील को भरतपुर लाकर मथुरा गेट थाने में मामला दर्ज किया। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी जांच कर रही है।

सुनील ने पुलिस पूछताछ में कबूल किया कि उसने तीन बार डमी बनकर परीक्षाएं दी हैं, जिनमें प्री-डीएलएड परीक्षा 2024, डी.एल.एड. परीक्षा 2025 और पशु परिचर परीक्षा 2024 शामिल हैं।

# दो कारों में आए युवक, ससुर को कैद कर उठा ले गए बहू

## उदयपुर में दिनदहाड़े अपहरण से फैली दहशत

उदयपुर, 18 सितंबर (एजेंसियां)। उदयपुर जिले के खेरोदा थाना क्षेत्र के भटेवर इलाके में दिनदहाड़े विवाहिता का अपहरण कर लिया गया। वारदात इतनी अचानक और सनसनीखेज थी कि पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई। अपहरण की यह घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। खेरोदा निवासी कोमल जणवा ने कुछ समय पहले पवन जणवा निवासी भटेवर से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद दोनों भटेवर स्थित अपने घर में रह रहे थे। परिजनों के साथ उनका जीवन सामान्य चल रहा था, लेकिन अचानक स्थिति बदल गई। जानकारी के मुताबिक, दो कारों में सवार करीब 10 युवक पवन जणवा के घर पहुंचे। उन्होंने घर में घुसकर कोमल को जबरन पकड़ लिया और कार में बैठाकर ले गए। आरोप है कि अपहरणकर्ताओं ने विरोध करने पर कोमल के ससुर को भी कमरे में बंद कर दिया, ताकि वे बाहर निकलकर मदद न बुला सकें। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए। पूरी वारदात घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इसमें साफ दिखाई दे रहा है कि किस तरह से आरोपी विवाहिता को जबरन कार में डालकर ले जाते हैं। पुलिस ने फुटेज को कब्जे में लेकर आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है।

# भारी मात्रा में मुंबई जा रहा गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

हैदराबाद, 18 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। ओडिशा के भुवनेश्वर से मुंबई तक चल रहे अंतरराज्यीय गांजा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। जीआरपी सिकंदराबाद और आरपीएफ ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया और उसके पास से 8,08,300 रुपये मूल्य का 16.166 किलोग्राम गांजा ज़ब्त किया।



सिकंदराबाद रेलवे पुलिस (जीआरपी) और आरपीएफ ने सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म और ट्रेनों में मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया और आरोपी को गिरफ्तार किया जो भुवनेश्वर के वन क्षेत्र से सिकंदराबाद होते हुए मुंबई गांजा ले जा रहा था। गिरफ्तार गांजा तस्कर असीरुद्दीन तकरीद्दीन खान उर्फ छोटू, वडाला पूर्व, एंटॉप हिल, मुंबई, महाराष्ट्र का रहने वाला है। रेलवे पुलिस के अनुसार आरोपी अनपढ़ है और मजदूरी करता है। वह महाराष्ट्र राज्य का रहने वाला है। वह गांजा, शराब और अन्य नशीले पदार्थों का आदी है। वह पहले भी कई चोरी और मारपीट के मामलों में गिरफ्तार हो चुका है और हाल ही में जेल से रिहा हुआ है। जेल में रहते हुए, उसे ओडिशा के एक दंपति के माध्यम से भुवनेश्वर के पास पहाड़ी इलाकों में सस्ते दामों पर गांजा मिलने की जानकारी मिली। रिहाई के बाद, उसने ओडिशा से गांजा खरीदकर मुंबई में बेचकर मुनाफा कमाने की योजना बनाई। वह भुवनेश्वर से गांजा लेकर मुंबई के लिए कोणार्क एक्सप्रेस में सवार हुआ।


**दक्षिण मध्य रेलवे**
हमें @SCRailwayIndia पर फॉलो करें
द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in

**निविदा सूचनासं.11/डीवाय.सीएसटीइ/सीएन/जीटीएल/2025 दि.16-09-2025** PUB/1142

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता(निर्माण), दक्षिण मध्य रेलवे-द.म.रे. गुण्टकल द्वारा सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन सहित निम्न कार्यों हेतु दि.9-10-2025 के 11.30 बजे तक ई-निविदा (खुली) आमंत्रित हैं।

**निविदा संख्या :** जी-एसजी-सीएन-एएफएसएस-16-2025, **कार्य विवरण:1)** दक्षिण मध्य रेलवे के जीटीएल डिवीजन के मुख्य यार्ड स्टेशनों अर्थात् गुन्टकल जंक्शन (जीटीएल) तथा गूटी जंक्शन (जीवाय) तथा रेणीगुंटा जंक्शन (आऱ्यु) पर स्वचालित फायर सप्रेशन सिस्टम का प्रावधान। 2) दक्षिण मध्य रेलवे के जीटीएल डिवीजन के गूटी जंक्शन (जीवाय) तथा रेणीगुंटा जंक्शन (आऱ्यु) पर ड्यूल सोर्स आप्टिकल स्मोक डिटेक्शन सहित स्वचालित एस्पायरेशन टाइप ब्ल्यू एलइडी आधारित एस्पायरेशन सिस्टम का प्रावधान। अनुमानित मूल्य रू.5,07,90,475.90, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.4,04,000.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 15 (पंद्रह) महिने, बोली प्रणाली या बिड्डिंग सिस्टमः एकल पैकेट प्रणाली।

1. बोली दस्तावेज तथा अन्य विवरण हेतु कृपया वेबसाइटः https://ireps.gov.in देखें।
2. निविदाकार, किसी भी शुद्धिपत्रों (केवल आनलाइन पर जारी) को, निविदा प्रस्तुति अवधि के प्रारंभिक तिथि तक ही अवलोकन कर सकते हैं।

**उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता(निर्माण), गुण्टकल**

**निविदा सं.जीटीएल-इएम-43-2025-26 दि.17-09-2025** PUB/1143

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/रखरखाव/गुण्टकल द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

**निविदा संख्याः** जीटीएल-इएम-43-2025-26, **कार्य विवरणः** गुण्टकल डिवीजन- कडप्पाः तत्संबंधित हेतु प्रस्तावित कार्य (1) मौजूदा पार्सल आफिस का वेटिंग हाल में रूपांतरण। (2) सीओपी सहित लिफ्ट के समीप पीएफ नं.1 पर ओपन वेटिंग हाल की व्यवस्था। (3) फुल लेन्थ या संपूर्ण लंबाईयुक्त सीओपी (4) डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड्स-बिजली व्यवस्थाएं। अनुमानित मूल्य रू.5,68,68,173.95

बंद करने की तिथि व समयः 8-10-2025 के 15.00 बजे

टेंडर बिड्डींग या निविदा बोली तथा अन्य विवरण हेतु http://www.ireps.gov.in पर लागिन करें। शुध्दिपत्र यदि कोई हो तो उसे केवल आनलाइन पर ही जारी किया जायेगा। निविदाकार, निविदा दस्तावेज को निःशुल्क रूप में http://www.ireps.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं।

**टिप्पणीः** इस ई-निविदा में सहभागिता/बोली लगाने हेतु निविदाकार के पास वैध डीएससी (डिजिटल सिग्नीचर सर्टिफिकेट) प्रमाणपत्र होना चाहिए।

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, रखरखाव, गुण्टकल**

**ई-निविदा सूचना संख्याःजीएनटी/ई.12,13&14/टीआरडी/2025-26** PUB/1144

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु ठेकेदारों से दि.10-10-2025 के 15.30 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

**क्रम संख्याः** 01, **निविदा संदर्भ संख्याः** जीएनटी/ई.12/टीआरडी/2025-26, दि.15-09-2025, **निविदा शीर्षकः** जीएनटी डिवीजनः तत्संबंधित डिवीजन पर जंग लगे हुए या रस्टेड कैन्टिलेवर्स का प्रतिस्थापन या रिप्लेसमेंट्। **अनुमानित मूल्य** रू.1,24,02,390.00, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.2,12,000.00, निविदा प्रपत्र मूल्य (गैर वापसी)रू. शून्य।

**क्रम संख्याः** 02, **निविदा संदर्भ संख्याः** जीएनटी/ई.13/टीआरडी/2025-26, दि.15-09-2025, निविदा शीर्षकः जीएनटी डिवीजनः तत्संबंधित डिवीजन के ट्रैक्शन सब-स्टेशनों तथा स्वीचींग स्टेशनों पर गैन्ट्री आइसोलेशन व्यवस्था का प्रावधान। अनुमानित मूल्य रू.2,60,20,993.00 (जीएसटी सहित), पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.2,80,200.00, निविदा प्रपत्र मूल्य (गैर वापसी)रू. शून्य।

**क्रम संख्याः 03, निविदा संदर्भ संख्याः** जीएनटी/ई.14/टीआरडी/2025-26, दि.15-09-2025, **निविदा शीर्षकः जीएनटी डिवीजनः** तत्संबंधित डिवीजन पर ओएचइ पीएसआई इन्फ्रास्ट्रक्चर या संरचना के लिए रिलाएबिलीटी का सुधार कार्य। अनुमानित मूल्य रू.2,40,27,761.21 **(जीएसटी सहित), पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.2,70,200.00, निविदा प्रपत्र मूल्य (गैर वापसी)रू. शून्य।**

ई-बोलियों की आनलाईन प्रस्तुति की अंतिम तिथि व समयः दि.10-10-2025 के 15.30 बजे तक
किसी भी विस्तृत विवरण हेतु दि.10-10-2025 नुसार, दि. 15-09-2025 के 15.30 बजे तक या इसके बाद **वेबसाइटः** www.ireps.gov.in पर लागिन करें। कोई भी अधिक संचार/शुध्दिपत्र को केवल **ई-पोर्टलः** www.ireps.gov.in द्वारा ही सूचित किया जायेगा।

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/टीआरडी/गुंटूर**

**निविदा संख्या एम240-बीआरएन-17 दि.17-09-2025** PUB/1146

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/आरवायपीएस, दक्षिण मध्य रेलवे-दमरे, वैगान वर्कशाप, गुन्टुपल्ली-521241 द्वारा ई-निविदा आमंत्रित हैं।

**निविदा संख्याः** एम240-बीआरएन-17, दि.17-09-2025, कार्य विवरणःवैगान वर्कशाप, रायनपाडू, दमरे के परिसरों में बीआरएन वेरिएंट वैगान्स का फिक्स्ड बल्क हेड टाईप से फोल्डेबुल बल्क हेड टाईप में रूपांतरण या कन्वर्शन। मात्राः निविदा दस्तावेज में विवरितानुसार। कार्य पूरा करने की अवधिः 06 महिने, निविदा मूल्य रू.1,03,46,105.12 (रू.एक करोड तीन लाख छियालीस हजार एक सौ पांच तथा बारह पैसे मात्र), बोली सुरक्षा/जमा की जानेवाली पूर्व धरोहर राशि रू. 2,01,700/- (रू.दो लाख एक हजार एवं सात सौ मात्र), **निविदा दस्तावेज मूल्य रू.** निःशुल्क, **आफर वैधः** निविदा खोलने की तिथि से लेकर 60 दिनों तक, **निविदा का प्रकारः** आईआरजीसीसी-2022 द्वारा शासित कार्य निविदा, **टेंडरिंग प्रणालीः खुली निविदा-एकल** पैकेट, **निविदा बंद करने की तिथि व समयः** 10-10-2025 के 15.00 बजे, **निविदा दस्तावेज तथा शुध्दिपत्र** हेतु http:// www.ireps .gov.in देखें, **पत्राचार हेतु डाक का पताः** चीफ वर्कशाप मैनेजर, वैगान वर्कशाप, गुन्टुपल्ली-521241, आंध्र प्रदेश।

**चीफ वर्कशाप मैनेजर, डब्ल्यूडब्ल्यूएस/गुन्टुपल्ली**

**निविदा सूचना संख्या बी-ई29-टीआरडी-टीएनडीआर-24-2025-26 दि.17-09-2025** PUB/1145

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु आईआरईपीएस में निविदाएं आमंत्रित हैं।

**निविदा संख्याः** बी-ई29-टीआरडी-टीएनडीआर-24-2025-26, **कार्य विवरणः** बीजेडए डिवीजन में सुरक्षा से संबंधित स्टोन पिच्छिंग, साइल फिलिंग या मिट्टी भरने के माध्यम से ओएचइ के मजबूतीकरण सहित ओएचइ/पीएसआई इन्फ्रास्ट्रक्चर या संरचना हेतु रिलाएबिलीटी का सुधार कार्य। अनुमानित मूल्य रू.3,92,72,933.09, बोली सुरक्षा (पूधरा) रू.3,46,400.00, **कार्य पूरा करने की अवधिः 12 महिने, बंद करने की तिथिः 9-10-2025** के 15.00 बजे

क्रम संख्याः1-निविदा प्रपत्र मूल्य रू. शून्य

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, टीआरडी, विजयवाडा**

**निविदा सूचना संख्याः एलजीडी/एल/07/2025-26/ओटी, दि.16-09-2025** PUB/1147

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, डीवाय.सीइइ/एलजीडीएस द्वारा तत्संबंधित **निविदा संख्याः एलजीडी/एल/07/2025-26/ओटी-ई-टेंडर- बंद करने की तिथि** 15-10-2025 के 15.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। बोलीदातागण, अपने मूल/संशोधित बोलियों को तत्संबंधित बंद करने की तिथि व समय तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे। इस निविदा के प्रति मैन्युएल आफर्स अमान्य हैं तथा किसीभी प्रकार के मैन्युएल आफर्स की प्राप्ति पर उसे नजरअंदाज किया जायेगा।

तत्संबंधित ठेकेदारों को यह अनुमति दी जाती है कि, वे, इस निविदा से जुडी पूर्व धरोहर राशि (बोली सुरक्षा) को, नकद रूप में अथवा ई-पेमेन्ट गेटवे द्वारा या भारत के किसी भी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारण्टी बाण्ड के रूप में या निविदा दस्तावेजों में विवरित निर्देशानुसार, प्रस्तुत कर सकते हैं। यह बैंक गारण्टी बाण्ड तत्संबंधित निर्देशानुसार होना चाहिए तथा बोली वैधता अवधि से परे, 60 दिनोंतक वैध होना चाहिए्। मूल बैंक गारण्टी बाण्ड को, निविदा दस्तावेज में निर्देशानुसार नामित पदाधिकारी को, व्यक्तिगत रूप में, बोली या बिड्स जमा करने की अंतिम तिथि की 5 कार्यालयीन दिनों के भीतर, सुपुर्द करना चाहिए्। ई-टेन्डरिंग पोर्टल (आईआरइपीएस) पर बोली या बिड्स सहित बी.जी. की स्कैन्ड कापी की अप्रस्तुति तथा/ निर्धारित अवधि में ओरिजिनल बी.जी. की अप्रस्तुति पर, बोली को सरसरी तौर पर निरस्त या रिजेक्ट किया जायेगा।

**क्रम संख्याः** 01, **निविदा संख्याः एलजीडी/एल/07/2025-26/ओटी, कार्य विवरणः** कैरेज वर्कशाप, लालागुडा पर मौजूदा स्प्रिंग शाप शेड का विस्तार करना (बिजली का कार्य)। **विज्ञापित मूल्य रू.**20,47,393.81 (रु.बीस लाख सैंतालीस हजार तीन सौ तिरानवे तथा इक्यासी पैसे मात्र), बोली सुरक्षा रू.41,000.00, कार्य पूरा करने की अवधिः स्वीकृति पत्र या लेटर आफ एक्सेप्टेन्स जारी करने की तिथि से लेकर 06 महिने, बंद करने की तिथिः 15-10-2025 के 15.00 बजे

**वेबसाइट विवरणः** www.ireps.gov.in
निविदा का संपूर्ण विवरण देखने हेतु नोटिस बोर्ड स्थानः डिप्युटी चीफ वर्कशाप मैनेजर का कार्यालय, कैरेज वर्कशाप, लालागुडा, सिकंदराबाद-500017

निविदा शर्ते/अधिक जानकारी (निविदा दस्तावेजों में उपलब्ध) तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग, शुध्दिपत्रों हेतु कृपया हमारे वेबसाइटः https://www.ireps.gov.in/. पर जाएं।

**उप मुख्य बिजली अभियंता, सीडब्ल्यूएस, लालागुडा, सिकंदराबाद**

**निविदा सूचना संख्या एनडीडी/ई-21 & 22/2025-26 दि.16-09-2025** PUB/1148

निम्न ई-निविदाओं के लिए @www.ireps.gov.in पर आफर्स आमंत्रित हैं।

**क्रम संख्याः 01,** टेंडर नं. एनडीडी/ई-21/2025-26, कार्य विवरणः मालटेकडी के जीएल-2 पर गूड्स शेड सुविधाओं तथा आल वेदर सीओपी (650 मी.X 10 मी.) का प्रावधान-बिजली व्यवस्थाएं। **अनुमानित मूल्य रू.**1,05,92,386.96, बोली सुरक्षा रू.2,03,000.00, आफर वैधः 60 दिन, कार्य पूरा करने की अवधिः 12 महिने, विवरण -नांदेड डिवीजन एडमिनिस्ट्रेशन के तहत **वेबसाइटः** www.ireps.gov.in पर उपलब्ध, बंद करने की तिथि व समयः 7-10-2025 के 17-30 बजे

क्रम संख्याः 02, टेंडर नं. एनडीडी/ई-22/2025-26, कार्य विवरणः बासमती गूड्स शेड पर, 650X11 स्के.मी. के आल वेदर सीओपी का प्रावधान-बिजली व्यवस्थाएं। **अनुमानित मूल्य रू.**1,15,92,310.00, बोली सुरक्षा रू.2,08,000.00, आफर वैधः 60 दिन, कार्य पूरा करने की अवधिः 12 महिने, विवरण -नांदेड डिवीजन एडमिनिस्ट्रेशन के तहत **वेबसाइटः** www.ireps.gov.in पर उपलब्ध, बंद करने की तिथि व समयः 7-10-2025 के 17-30 बजे

निविदा दस्तावेज, अर्हता मानदण्ड, खास शर्ते आदि विवरण हेतु उपरोक्त हमारे वेबसाइट पर जाएं। यह सलाह दी जाती है कि, यह जांच लें कि, इस आफर की प्रस्तुति से पहले, आनलाइन पर कोई शुध्दिपत्र तो प्रकाशित हुवा है या नहीं।

ए1443 **विभागीय रेल प्रबंधक (विद्युत), नांदेड**

अतिरिक्त निविदा शर्तों/विवरणों के लिए और निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने के लिए कृपया वेबसाइट https://www.ireps.gov.in/ या www.scr.indianrailways.gov.in देखें


## पुलिस ने 70 बाइक समेत कई वाहन किए जब्त

कोत्तागुडेम, 18 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के येलंदु पुलिस स्टेशन क्षेत्र के अंतर्गत विनोभा नगर में गुरुवार को सामुदायिक संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। येलंदु के डीएसपी चंद्रभानु के नेतृत्व में 100 से अधिक पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने करीब 250 घरों की तलाशी ली।

इस दौरान बिना दस्तावेज और नंबर प्लेट वाले 70 दोपहिया वाहन, तीन ऑटो और एक कार जब्त की गई। इसके बाद निवासियों के साथ बैठक में डीएसपी चंद्रभानु ने कहा कि यदि किसी को अवैध और असामाजिक गतिविधियों की जानकारी हो तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाएगी। डीएसपी ने बताया कि मटका, जुआ, सट्टा और गांजा परिवहन जैसी गतिविधियों पर पुलिस कड़ी निगरानी रख रही है। उन्होंने लोगों को अपने इलाकों में अपराध नियंत्रण के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने और साइबर अपराधों से सतर्क रहने की सलाह दी।

# मारवाड़ी गो-बैक के विरुद्ध में पूर्व विधायक को सौपा ज्ञापन





हैदराबाद, 18 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कोमपल्ली स्थित म्यनपल्ली रेजीडेंसी में 36 कोम प्रवासी बन्धुओं द्वारा गुरुवार 18 सितंबर प्रातः 11 बजे मारवाड़ी गो-बैक मुद्दे को लेकर विशाल जनसभा का आयोजनकर पूर्व विधायक एम. हनुमन्त राव को ज्ञापन सौपा। जारी प्रेस विज्ञप्ति में आयोजकों ने बताया कि एक विशेष जनसभा आयोजितकर मारवाड़ी गो-बैक मुद्दे को लेकर मारवाड़ी व राजस्थानी समाज के हितों व सुरक्षा को लेकर हजारों की संख्या में पधारे प्रवासी बन्धुओं ने पूर्व विधायक का पुष्पमाला, राजस्थानी साफे से सम्मानकर ज्ञापन सौपा।

अवसर पर पूर्व विधायक हनुमन्त राव ने बताया कि तेलंगाना वासी व मारवाड़ी प्रवासी बन्धु आपस में भाई-भाई है। कुछ स्थानीय बन्धुओं के दिल में मनमुटाव को मिटाने के लिए विशेष जनसभा का आयोजन किया गया है। देश के संविधान के अनुसार कोई भी व्यक्ति किसी भी राज्य में अपना भरण पोषन करने के लिए रह सकता है। तेलंगाना राज्य में देश के विभिन्न प्रांतों के 36 कोम प्रवासी बन्धु निवास करते है। तेलंगाना वासी भी देश के विभिन्न राज्यों में निवास करते है सभी को मिलझुलकर भाईचारे से रहना चाहिए। यूनाइटेड किंगडम के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक एवं कमला हारिस का उदाहरण देते हुए बताया कि वह भारतीय मूल तमिलनाडु की रहने के बावजूद अमेरिका की वाईस प्रेसिडेन्ट का पद प्राप्त कर सकती है तो कोई भी भारतीय देश के किसी राज्य में निवास कर सकता है। मारवाड़ी गो-बैक का मुद्दा कोई बड़ा नहीं है मिलझुलकर इसका समाधान निकाला जा सकता है। अगर किसी क्षेत्र में प्रवासी बन्धुओं के साथ स्थानीय लोगों द्वारा परेशानी पैदा की जाती है तो शांती एवं सयम के साथ स्थानीय नेताओं से सम्पर्क कर पुलिस प्रशासन से सहयोग लेवे। पुरे देश में ग्रेट हैदराबाद का नाम रोशन करने के लिए आप सभी प्रवासी बन्धुओं का सहयोग जरूरी है। जब भी आपको मेरी जरूरत पड़ेगी मैं हमेशा आपके साथ रहुंगा। अल्पाहार की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर की गयी। आयोजकों ने कार्यक्रम में पधारे 36 कोम के सभी प्रवासी समाज की विभिन्न संस्थाओं के अध्यक्षों, पदाधिकारियों, समाज बन्धुओं द्वारा समाज कि एकता दिखाने के लिए तहदिल से आभार प्रकट किया।

# अग्रसेन जयंती पर गौ सेवा कार्यक्रम आयोजित

हैदराबाद, 18 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। महाराजा श्री अग्रसेन जी की 5149वीं जयंती पर इस वर्ष अग्रवाल समाज, तेलंगाना की ओर से गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पांच दिनों तक लगातार समाज की विभिन्न शाखाओं और सदस्यों के सहयोग से लगभग 10000 गौ वंशों को चारा और विभिन्न औषधिया प्रदान किए जा रहे है।



जयंती समारोह के प्रचार-प्रसार और मीडिया समिति के चेयरमैन डॉ. दिलीप पंसारी के अनुसार गौ सेवा से संबंधित प्रमुख कार्यक्रम रविवार, 21 सितंबर के दिन दोपहर 3:30 से 5:00 बजे तक जियागुडा क्षेत्र में स्थित श्री सामर्थ गौशाला में संपन्न होगा जिसमें मुख्य अतिथि, प्रमुख समाज सेवी ओमप्रकाश अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त पशु चिकित्सक डॉ.पी. अनिल कुमार होंगे। 17 सितंबर से प्रारंभ हुए इस गौ सेवा कार्यक्रम में नारायणी गौशाला- दिलसुखनगर में रानी मित्तल, श्री गोपाल गौशाला इब्राहिमपटनम में संजय गोयल, श्री भाग्यनगर गौशाला लोअर टैंक बैंड में पूजा गुप्ता, ध्यान फाउंडेशन और ओम फाऊंडेशन शमशाबाद में मनीष अग्रवाल, श्री कृष्ण गौशाला अत्तापुर में अशोक जालान, इमलीबन गौशाला में रिंकू गर्ग, रोटी बॉक्स जनप्रिया एर्रागड्डा में सुमन अग्रवाल तथा मां का दूध का कर्ज गौशाला पुरानापुल में बरखा अग्रवाल के नेतृत्व में जारी है।

जयंती की प्रमुख संयोजिका और समाज की सह सचिव डॉ. सीमा जैन के अनुसार गोवंशों को मल्टी विटामिन, लीवर और कैल्शियम की औषधियां रोज के चारे में मिलाकर दिया जाता है।

समाज की अत्तापूर शाखा, सत्य शक्ति टीवी टावर मलकपेट महिला शाखा, अशोकनगर शाखा, रानी सती दादी शाखा, चेक कॉलोनी सनत नगर शाखा, मोतीनगर शाखा और अन्य शाखाओं के सहयोग से तथा अंकुर बंसल, गोविंदराज अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, लोकेश पित्ती एवं अन्य के सहयोग से संचालित उक्त गौ सेवा कार्यक्रम में समाज बंधु सहर्ष भाग ले रहे है।

समाज अध्यक्ष अनिरुद्ध गुप्ता, उपाध्यक्ष- रूपेश अग्रवाल, सचिव- विकास केशान, कोषाध्यक्ष और जयंती सह संयोजक- आंचल गुप्ता, परामर्शदाता बद्री विशाल बंसल और हरीश गुप्ता तथा अन्य ने जयंती के अवसर पर आयोजित गौ सेवा के इस कार्यक्रम पर प्रसंशा व्यक्त करते हुए आयोजन समिति को बधाई दी है।

# अनारक्षित ट्रेन टिकट के लिए 'यूटीएस' ऐप

हैदराबाद, 18 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। त्योहारों के दौरान भीड़ कम करने और टिकट काउंटरों पर लगने वाली कतारों को कम करने के लिए, दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) ने रेल यात्रियों से अनारक्षित, प्लेटफॉर्म और सीजन टिकट खरीदने के लिए "अनारक्षित टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस)" मोबाइल ऐप का इस्तेमाल करने का आग्रह किया है।

एक अभियान के तहत, सिकंदराबाद, काचीगुडा, विजयवाड़ा, गुंटूर, गुंतकल, तिरुपति और नांदेड़ जैसे प्रमुख स्टेशनों पर एससीआर के कर्मचारी क्यूआर कोड वाले रिफ्लेक्टिव जैकेट पहनेंगे, जिन्हें यात्री यूटीएस या रेल वन ऐप के जरिए स्कैन करके टिकट बुक कर सकते हैं। कर्मचारी यात्रियों को मोबाइल ऐप के इस्तेमाल के बारे में भी मार्गदर्शन देंगे। दूरी संबंधी प्रतिबंधों में ढील के साथ, अब टिकट घर से या स्टेशन परिसर और पटरियों से पांच मीटर दूर किसी भी स्थान से बुक किए जा सकते हैं। यूटीएस ऐप बहुभाषी समर्थन, यूपीआई, पेटीएम, आर-वॉलेट और इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से कागज रहित डिजिटल लेनदेन प्रदान करता है। आर-वॉलेट बुकिंग पर 3 प्रतिशत बोनस दिया जाता है। एससीआर ने बताया कि इस पहल से त्योहारों के मौसम में तेज, कैशलेस टिकटिंग सुनिश्चित होगी और यात्रा की सुविधा बढ़ेगी।



कोरेमुला स्थित श्री आईमाता बडेर मे साँवरिया सेठ मंडल द्वारा 28 सितंबर को आयोजित एक शाम माँ भगवती के नाम जागरण में बतौर मुख्य अतिथि तेलंगाना जागृति अध्यक्षा के. कविता को निमंत्रण देते हुए आयोजक धर्मेन्द्र सीरवी, चेतन सीरवी, सुरेश सीरवी, रविशंकर पांडे, किरन व अन्य।

## सिंगारेणी एसबीआई के सहयोग से वैश्विक स्तर पर विस्तार करेगी : बलराम

हैदराबाद, 18 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिंगारेणी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) अपनी नई पहल "सिंगारेनी ग्लोबल" के तहत भारत और विदेशों में प्रमुख परियोजनाएं शुरू करने के लिए तैयार है। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एन. बलराम ने मुंबई में एसबीआई के अध्यक्ष चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की और महत्वपूर्ण खनिज उपक्रमों, नवीकरणीय ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन परियोजनाओं के लिए कम ब्याज दर पर ऋण की मांग की। एसबीआई, जो पहले से ही सिंगारेणी का प्रमुख बैंकर है, ने पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया है। एससीसीएल के लगभग 75 प्रतिशत कर्मचारियों के पास एसबीआई खाते हैं, और बैंक एससीसीएल कर्मचारियों को 1 करोड़ रुपये का निःशुल्क दुर्घटना बीमा कवर प्रदान करता है। इस अवसर पर, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने एसबीआई के वरिष्ठ अधिकारियों से कंपनी की आगामी विस्तार परियोजनाओं में अपना सहयोग जारी रखने और भागीदार बनने का अनुरोध किया। एसबीआई ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए भविष्य के उपक्रमों के लिए सहयोग करने और वित्तीय सहायता प्रदान करने की इच्छा व्यक्त की।

# जीवन को सार्थक कर मृत्यु को महोत्सव बनाएं : साध्वी आस्था भारती

*** भक्त नरसी जी की पुकार, व नानी बाई का मायरो प्रसंग आज**









हैदराबाद, 18 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। श्रीकृष्ण कथा के पांचवें दिन साध्वी आस्था भारती ने भक्त नामदेव के पावन चरित्र द्वारा जीवन को सार्थक करने व मृत्यु को भी महोत्सव बनाने के रहस्य को उजागर किया। भक्त भी इस संसार में जन्मे व मृत्यु को प्राप्त हुए। पर एक बहुत बड़ा अंतर है। कबाड़ी की दुकान पर अथवा पुराने कारखाने में लोहा ज़ंग लगकर या गलकर नष्ट हो जाता है। लेकिन वही लोहा अगर किसी गाड़ी, बैलगाड़ी या किसी मशीन व अन्य उपयोग के उपकरणों में जोड़ दिया जाए, तो वह उपयोगी हो जाता है। हमारा जीवन संसार के कारखाने में जंग लगकर नष्ट हो रहा है। इस तरह नष्ट होने की बजाय, यह किसी खास उद्देश्य में समाप्त हो तो सार्थक है। चाहे वह सिकन्दर हो, जिसने अमरफल पाने का बहुत प्रयत्न किया था या फिर रावण, जिसने अपने आपको अमर मान लिया था। सब एक दिन मृत्यु के आगोश में सो गए। हमारी भी मृत्यु निश्चित है।

हम संसार में आकर, कुछ वर्ष माया-मोह में डूबकर मृत्यु का वरण कर लेंगे। कुछ अंहकार में, कुछ अपनी तृष्णाओं को पूर्ण करने में जीवन बिता देंगे। कुछ अशान्ति, दुःख, पीड़ा, चिन्ताओं को समेट कर मृत्यु का वरण कर लेंगे। कैसी मृत्यु होगी, जिसमें हम सिर्फ खाने और खोने की चिंताएं लेकर चले जाएंगे? मृत्यु तो वो हुआ करती है, जिसके आने पर जीवन भी सार्थक हो जाए। देशभक्तों ने देश के मान के लिए, संतों ने विश्व कल्याण के लिए अपनी हर एक श्वास को अर्पित कर दिया। बिल्ली जब चूहे को पकड़ती है तो दाँतों से पकड़कर उसे मारकर खा जाती है। लेकिन उन्ही दांतों से जब अपने बच्चे को पकड़ती है तो उसे मारती नहीं है, बल्कि बहुत ही नाजुक तरीके से एक जगह से दूसरी जगह पहुंचा देती है। दांत भी वही हैं, मुंह भी वही है पर परिणाम अलग-अलग हैं।

ठीक उसी प्रकार मृत्यु भी सभी की होगी, पर जीवन को सार्थक बना लेने वाला प्रभु के धाम में जाता है और जिसने आत्मा के उत्थान के लिए कुछ नहीं किया, वह चौरासी योनि के चक्कर में भटकता रहता है! आए हैं सो जाएंगे, राजा रंक फकीर, एक सिंहासन चढ़ी चले, एक बंधे जात जंजी। संस्थान के चेन्नई आश्रम से पधारे आशुतोष महाराज जी के शिष्य स्वामी प्रदीपानंद ने बताया कि शुक्रवार, 19 सितंबर को भक्त नरसी जी की पुकार, प्रभु का भात भरने आना व नानी बाई को मायरो प्रसंग साध्वी जी प्रस्तुत करेंगी। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर प्रभु महिमा श्रवण करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में साध्वी भावना भारती, साध्वी साक्षी भारती के साथ मुख्य यजमान बगदाराम कुमावत के साथ अन्य गणमान्य अतिथि गण ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कथा का समापन प्रभु की पावन आरती से किया गया। तदुपरांत प्रसाद वितरण किया गया।

# वर्धमान (महिला) को-ऑप अर्बन बैंक लिमिटेड की 36वीं वार्षिक आम सभा संपन्न

हैदराबाद, 18 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। वर्धमान (महिला) को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड की 36वीं वार्षिक आम सभा गुरुवार को कच्छी भवन, ईडनबाग, रामकोट, हैदराबाद में आयोजित की गई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए. रवि कुमार ने बैंक के सदस्यों और निदेशकों का स्वागत किया। अध्यक्ष महेंद्र कुमार जैन गोलेचा ने बैठक की अध्यक्षता की और शेयरधारकों का स्वागत किया। मंच पर निदेशकगण श्रीमती निर्मला डागा, श्रीमती राजकुमारी चोरडिया, तुषार सावला और एस.बी. एस. मणियन उपस्थित अन्य थे।




कार्यवाही की शुरूआत वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती निर्मला डागा द्वारा निदेशकों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के साथ हुई। उन्होंने सदस्यों को वर्ष 2024-25 के लिए बैंक के प्रदर्शन के बारे में जानकारी दी। बैंक का कुल कारोबार 995 करोड़ रुपये को पार कर गया है, और बैंक का कर-पश्चात लाभ 656.29 लाख रुपये रहा। बैंक ने 62.707 का स्वस्थ ऋण-मुक्त अनुपात (सीडी अनुपात) बनाए रखा है।

बैंक का सीआरएआर 17.227 पर बना हुआ है, जबकि भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा 127 निर्धारित किया गया है। बैंक के अपने कोष में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे हमारी मज़बूत वित्तीय नींव बनी हुई है। अध्यक्ष ने अपने संबोधन में बताया कि बैंक मज़बूत वित्तीय स्थिति और बेहतरीन प्रदर्शन के साथ आगे बढ़ रहा है। बैंक पिछले दो वर्षों से आरबीआई द्वारा वित्तीय रूप से मज़बूत और सुप्रबंधित बैंक (एफएसडब्ल्यूएम) के लिए निर्धारित सभी मानदंडों को पूरा कर रहा है। उन्होंने बताया कि बैंक ने वर्ष के दौरान तीन नई शाखाएं खोली हैं और उन्होंने यह भी बताया कि बैंक को चालू वर्ष में तीन नई शाखाएं खोलने की अनुमति मिल गई है। अध्यक्ष ने अपने भाषण में बैंक के मोबाइल ऐप के बारे में बताया, जिसमें अन्य बैंक खातों में आईएमपीएस, एनईएफटी, आरटीजीएस हस्तांतरण अत्यंत सुविधाजनक तरीके से करने की सुविधा है। इस मोबाइल ऐप के माध्यम से 5 लाख रुपये तक का एकल लेनदेन किया जा सकता है, जिसकी प्रतिदिन की सीमा 20 लाख रुपये है। एक ग्राहक प्रतिदिन 10 लेनदेन तक कर सकता है। अध्यक्ष ने अपने संबोधन में बताया कि ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण, व्यापार में आसानी, नई शाखाएं खोलना और पूरे तेलंगाना राज्य में अपने परिचालन का विस्तार करने के साथ बैंक व्यापार के विस्तार के नए अवसर पैदा कर रहा है। प्रौद्योगिकियों को अपनाने के निरंतर प्रयासों और सबसे बढ़कर, हमारे सदस्यों और कर्मचारियों के सहयोग से, हम अगले स्तर तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं।

बैठक निदेशक मंडल, सदस्यों, ग्राहकों, प्रबंधन बोर्ड, भारतीय रिज़र्व बैंक, तेलंगाना राज्य सहकारी विभाग, तेलंगाना राज्य सहकारी शहरी बैंक संघ लिमिटेड, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम, लेखा परीक्षकों, कानूनी सलाहकारों, मूल्यांकनकर्ताओं और प्रेस को उनके अमूल्य समर्थन और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न हुई। उन्होंने बैंक के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के अटूट समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए अपनी संतुष्टि व्यक्त की।

# हैंडशेक विवाद के बीच एक बार फिर होगा भारत-पाकिस्तान मैच, तारीख हुई तय

दुबई, 18 सितंबर (एजेंसियां)। एशिया कप 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप स्टेज का मुकाबला सुर्खियों में रहा था, लेकिन उससे ज्यादा चर्चा में रहा मैच के बाद का विवाद. भारतीय टीम ने ग्रुप स्टेज मैच के बाद पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था, जिसके बाद दोनों देशों के बीच तीखी बहस छिड़ गई. इस घटना के बाद पाकिस्तान ने तो टूर्नामेंट का बॉयकॉट करने तक की धमकी दे दी, जिसके चलते यूएई पाकिस्तान मैच देरी से शुरू हुआ. यह विवाद अभी तक शांत नहीं हुआ है और अब एक बार फिर दोनों टीमें आमने-सामने आने वाली हैं.

भारत और पाकिस्तान की टीमों ने एशिया कप 2025 में ग्रुप-ए से सुपर-4 में जगह बना ली है, और अब इनके बीच अगला मुकाबला 21 सितंबर को दुबई इंटरनेशनल




क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा. ग्रुप-ए में शानदार प्रदर्शन के बाद भारत ने सुपर-4 के लिए क्वालिफाई किया है. वहीं, पाकिस्तान की टीम जैसे तैसे अगले राउंड तक पहुंचने में कामयाब रहा है. बता दें, ग्रुप स्टेज में टीम इंडिया ने अभी तक 2 मैच खेले हैं और दोनों मैचों में जीत दर्ज करके वह टॉप पर है और टॉप पर ही रहेगी.

दरअसल, पाकिस्तान के ग्रुप-स्टेज मैच पूरे हो गए हैं. उसने तीन मैचों में से 2 में जीत दर्ज की और 1 मुकाबले में हार का सामना किया. जिसके चलते वह 4 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही है. यूएई का अभियान भी खत्म हो गया है, वह तीन मैचों में से 1 मुकाबला ही जीत सके. दूसरी ओर ओमान की टीम को अपना आखिरी मैच भारत के खिलाफ खेलना है. लेकिन वह सुपर-4 की रेस से पहले ही बाहर हो चुकी है. शुरुआती दोनों मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा है.

**ग्रुप स्टेज में एकतरफा अंदाज में जीता था भारत**

भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप स्टेज मैच भी दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया था, जहां भारतीय टीम ने पाकिस्तान को एकतरफा अंदाज में हराया था. पाकिस्तान की टीम उस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 127 रन ही बना पाई थी. जवाब में टीम इंडिया ने इस टारगेट को 15.5 ओवर में सिर्फ 3 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया था. ऐसे में इस बार भी टीम इंडिया का पलड़ा भारी नजर आ रहा है.

# सिंधु ने चाइना मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

## थाईलैंड की पोर्नपावी को हराया; हॉन्गकॉन्ग ओपन में पहले राउंड में बाहर हो गई थी

बीजिंग, 18 सितंबर (एजेंसियां)। पीवी सिंधु ने गुरुवार को चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। उन्होंने थाईलैंड की छठी सीड खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग को सीधे गेम में 21-15, 21-15 से हराया। यह मुकाबला मात्र 41 मिनट तक चला।

दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट सिंधु वर्तमान में वर्ल्ड रैंकिंग में 14वें स्थान पर हैं। इस जीत के साथ चोचुवोंग के खिलाफ अपने हेड-टु-हेड रिकॉर्ड को 6-5 कर लिया।

क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला टॉप सीड कोरिया की एन से यंग और डेनमार्क की मिया ब्लिकफेल्ट के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगा।

हॉन्गकॉन्ग ओपन में पहले



राउंड में हो गई थीं बाहर

सिंधु हॉन्गकॉन्ग ओपन के पहले दौर में हार कर बाहर हो गई थीं। उन्होंने चाइन मास्टर्स में जीतने के बाद कहा, 'चोचुवोंग एक टॉप खिलाड़ी हैं। मैंने उनके खिलाफ इंडोनेशिया ओपन में भी खेला था, तब भी मुकाबला कड़ा था। पहला गेम जीतने के बाद मैं दूसरे गेम में और सतर्क थी।'

सिंधु ने आगे कहा, 'स्कोर बराबर चल रहा था, इसलिए हर अंक के लिए करीबी टक्कर थी। मैं खुश हूं कि मैं जीती और मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। अब मुझे कल के लिए तैयारी करनी है। सीधे गेम में जीत हमेशा आत्मविश्वास देती है, लेकिन लंबे मैचों के लिए भी तैयार रहना जरूरी है और पैरों की गति को तेज रखना महत्वपूर्ण है।'

सिंधु इंडोनेशियाई कोच से ट्रेनिंग ले रही हैं

वर्तमान में सिंधु इंडोनेशिया के पूर्व पुरुष एकल कोच इरवानसाह आदि प्रतामा के साथ प्रशिक्षण ले रही हैं,जो अब भारतीय महिला एकल कोच हैं। इस सहयोग के बारे में उन्होंने कहा,'हमारा तालमेल बहुत अच्छा है। वह एक बेहतरीन कोच हैं। शुरू में हमें समय लगा, लेकिन अब हमने समझ लिया कि क्या करना है और क्या बदलाव चाहिए। एक कोच के रूप में वह अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहे हैं, और एक खिलाड़ी के रूप में मेरा भी कर्तव्य है कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ दूं।'

# नकवी की नाक बचाने के लिए और कितने बहाने बनाएगा पाकिस्तान?

## आईसीसी ने फिर खोली पीसीबी की पोल

दुबई, 18 सितंबर (एजेंसियां)। एशिया कप 2025 में भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान हुए हैंडशेक विवाद पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बड़ा दावा किया है। पीसीबी का कहना है कि आईसीसी के विवादास्पद मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट ने पाकिस्तानी टीम मैनेजमेंट और कप्तान से माफी मांगी है। इसके साथ ही पीसीबी ने यह भी कहा कि आईसीसी मामले की जांच के लिए तैयार है। हालांकि, अब आईसीसी ने पीसीबी के इन दावों की फिर से पोल खोल दी है। आईसीसी ने पीसीबी के इन दावों पर करारा जवाब दिया है।

मैच से पहले पाकिस्तान की नौटंकी

पाकिस्तान टीम ने यूएई के खिलाफ मुकाबले के लिए होटल से स्टेडियम जाने में देरी की। टीम का विरोध इस बात को लेकर था कि आईसीसी ने पायक्रॉफ्ट को हटाने से इनकार कर दिया था। इससे उनकी दोहरी फजीहत हो गई थी। टीम स्टेडियम पहुंची,



लेकिन देरी से और फिर मैच भी खेला। पीसीबी ने पायक्रॉफ्ट को एशिया कप से बाहर करने की मांग की थी, फिर उसने पाकिस्तान-यूएई मैच से उन्हें हटाने की मांग की, लेकिन आईसीसी ने दोनों मांगें ठुकरा दीं। पाकिस्तान ने फिर टूर्नामेंट से नाम वापस लेने की गीदड़भभकी भी दी थी, लेकिन पैसे के दबाव में ऐसा नहीं कर पाया। हालांकि, तमाम नौटंकी के बाद एक माफी से पीसीबी का काम चल गया।

**पीसीबी का दावा-'पायक्रॉफ्ट ने मांगी माफी'**

पीसीबी ने 'एक्स' (पहले ट्विटर) पर बयान जारी करते हुए लिखा, 'आईसीसी के विवादास्पद मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट ने पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के मैनेजर और कप्तान से माफी मांगी है। पायक्रॉफ्ट ने 14 सितंबर को हुए भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान दोनों टीमों के कप्तानों को हैंडशेक से रोका था। पायक्रॉफ्ट ने भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान दोनों टीमों के कप्तानों को हाथ मिलाने से मना किया था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पायक्रॉफ्ट की हरकत पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।'

कोड ऑफ कंडक्ट जांच का दावा

पीसीबी ने अपने बयान में यह भी दावा किया कि आईसीसी इस मामले में जांच करने को तैयार है। पीसीबी ने कहा, 'आईसीसी ने 14 सितंबर के मैच के दौरान हुए कोड ऑफ कंडक्ट के उल्लंघन की जांच करने की सहमति जताई है।

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव पहले ही साफ कर चुके हैं कि हैंडशेक से परहेज का फैसला पूरी टीम का था। उन्होंने कहा था, 'यह कदम पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए उठाया गया था।' इस हमले में 26 लोगों की जान गई थी।

**आईसीसी ने खोली पीसीबी की पोल**

आईसीसी ने अब पायक्रॉफ्ट का बचाव करने के साथ-साथ पीसीबी के दोनों दावों की पोल खोली है। आईसीसी के एक विश्वसनीय सूत्र ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से कहा, 'माफी सिर्फ गलतफहमी के लिए थी। पायक्रॉफ्ट ने जो भी किया, वह नियमों के मुताबिक था।' सूत्र ने यह भी साफ किया कि आईसीसी तभी जांच शुरू करेगा जब पीसीबी ठोस सबूत पेश करेगा। उन्होंने कहा, 'और आईसीसी तभी अपनी जांच शुरू करेगा जब पीसीबी यह सबूत देगा कि पायक्रॉफ्ट की गलती क्या थी।'

**आईसीसी ने पूछा- सबूत क्यों नहीं दिए?**

आईसीसी ने अपने लिखित संदेश में कहा, 'आईसीसी की जांच पीसीबी द्वारा दर्ज रिपोर्ट में दी गई जानकारी के आधार पर की गई थी। हमने रिपोर्ट को सच मान लिया और पाया कि इसके साथ कोई भी सहायक दस्तावेज या सबूत नहीं दिए गए। पीसीबी के पास प्रारंभिक रिपोर्ट के साथ अपनी टीम के सदस्यों के बयान जमा करने का पूरा मौका था, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया।'

# नौ दिसंबर से एफआईएच प्रो लीग के नए सत्र की शुरुआत

## भारत सहित इन 10 देशों में होगा आयोजन

नई दिल्ली, 18 सितंबर (एजेंसियां)। एफआईएच हॉकी प्रो लीग का 2025-26 सत्र नौ दिसंबर से अर्जेंटीना और आयरलैंड में शुरू होगा जिसमें 10 मेजबान देशों में रिकॉर्ड 144 मैच खेले जाएंगे। लीग के सातवें सत्र में दो नई टीमें आयरलैंड महिला टीम और पाकिस्तान पुरूष टीम होगी जिन्हें एफआईएच हॉकी नेशंस कप 2024-25 से प्रमोट किया गया है। पुरुष और महिला लीग की विजेता टीम सीधे 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करेंगी। सत्र के पहले मैच में जर्मनी का सामना बेल्जियम पुरुष टीम से आयरलैंड में होगा जबकि पुरूष वर्ग की चैंपियन नीदरलैंड टीम डेब्यू करने वाली पाकिस्तानी टीम से खेलेगी।

**एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2025-26 के 10 मेजबान देश**



**इस प्रकार हैं**

आयरलैंड (नौ से 14 दिसंबर), अर्जेंटीना (नौ से 14 दिसंबर), चीन (पांच से 10 फरवरी), स्पेन (पांच से 10 फरवरी), आस्ट्रेलिया (10 से 15 और 20 से 25 फरवरी, भारत (10 से 15 फरवरी), इंग्लैंड (13 से 21 जून और 23 से 28 जून), नीदरलैंड (13 से 21 जून), बेल्जियम (13 से 21 जून और 23 से 28 जून), जर्मनी (23 से 28 जून)।

# तनुष राठौड की घातक गेंदबाजी से रिलायंस विजयी

हैदराबाद, 18 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के युवा गेंदबाज तनुष राठौड़ की कहर बरपाती गेंदबाजी की वजह से रिलायंस क्रिकेट क्लब ने सेंट साई क्लब को 61 रनों के अंतर से हरा दिया। हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन सी डिवीजन का यह एक दिवसीय लीग चैम्पियनशिप मैच था।

आज यहाँ नगर के विभिन्न मैदानों पर एचसीए द्वारा आयोजित उक्त लीग के एक मैच में रिलायंस सीसी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 46 ओवरों में 162 रन बनाए। जवाब में सेंट साई की टीम मात्र 28.5 ओवरों में 101 रन पर ही सिमट गई। रिलायंस टीम के गेंदबाज तनुष राठौड़ ने धारदार गेंदबाजी कर विपक्षी टीम के शीर्ष क्रम के


तनुष राठौड

बल्लेबाजों की कमर तोडते हुए 5 महत्वपूर्ण विकेट लिए।

अन्य मैचों में अम्बरपेट ने ब्लू एकादश को, किशोर संस ने डेक्कन कोल्ट्स को, सफीलगुड़ा ने यादव डेयरी को, एक्रेलिक ने गन रॉक को, कोसमोस ने हैदराबाद क्रिकेट अकादमी को, नटराज ने सीके ब्लूज को, इंटरनेशनल सीसी ने अक्षित सीसी को, हैदराबाद वंडरर्स ने लक्की एकादश को, गोलकोण्डा ने पिकेट को, राजू क्रिकेट अकादमी ने भारत सीसी को, शालीमार ने रंगारेड्डी को, यंग सिटीजन ने यंग मास्टर्स को, श्री श्याम ने पीजेएल को, लॉर्ड्स ने सदर्न रेमंड्स को, अभिनव कोल्ट्स ने मनी कुमार को, हैदराबाद पैंथर्स ने लाल बहादुर को, एलएल जयसिम्हा ने स्वास्तिक यूनियन को, लाल बहादुर प्ले ग्राउंड ने एडम्स एकादश को, आरजे सीसी ने सिकंदराबाद जिमखाना को, विजयनगर ने नवजीवन फ्रेंड्स को हराया।

# 'अनपढ़ लोग हैं, लाइव टीवी पर गाली देना मूर्खता' मदन लाल ने पाक के मोहम्मद यूसुफ को लताड़ा

नई दिल्ली, 18 सितंबर (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान मुकाबले के बाद पैदा हुए हैंडशेक विवाद पर पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोहम्मद यूसुफ के बयान ने नया बखेड़ा खड़ा कर दिया है। यूसुफ ने पाकिस्तानी टीवी चैनल पर भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव को लेकर अपमानजनक शब्द का प्रयोग किया, जिससे क्रिकेट फैंस भड़क उठे। अब इस पर भारतीय दिग्गज की प्रतिक्रिया आई है और उन्होंने यूसुफ को लेकर बयान दिया है। यूसुफ का बयान एक बार फिर से भारत-पाकिस्तान क्रिकेट संबंधों में तनाव को बढ़ा सकता है। मदन लाल जैसे सीनियर खिलाड़ियों की कड़ी प्रतिक्रिया से साफ है कि टीम इंडिया के पूर्व खिलाड़ी ऐसे बयान बर्दाश्त करने के मूड में नहीं हैं।

मोहम्मद यूसुफ का विवादित बयान

वो अपनी फिल्मी दुनिया से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। उन्हें शर्म आनी चाहिए कि वे किस तरह जीतने की कोशिश कर रहे हैं। अंपायर्स का इस्तेमाल कर रहे हैं, मैच रेफरी के जरिए पाकिस्तान को टॉर्चर कर रहे हैं।' यूसुफ ने कई बार सूर्यकुमार के लिए अपमानजनक शब्द का प्रयोग किया और यहां तक कि एंकर ने उन्हें बार-बार रोका, लेकिन उन्होंने अपनी भाषा नहीं बदली। पाकिस्तानी एंकर भी इसका लुत्फ



उठाते दिखे और हंसते रहे।

मदन लाल का कड़ा जवाब

1983 वर्ल्ड कप विजेता टीम के सदस्य और पूर्व भारतीय ऑलराउंडर मदन लाल ने यूसुफ के इस बयान की कड़ी निंदा की। एक न्यूज पोर्टल से बात करते हुए उन्होंने कहा, 'देखिए, ये पाकिस्तानियों का असली किरदार दिखाता है। कोई किसी को गाली कैसे दे सकता है? उन्होंने सिर्फ यही करना सीखा है। गाली देना बिल्कुल गलत है। एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर होकर कोई इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करे, ये पूरी तरह मूर्खता है।'

मदन लाल ने यूसुफ को अशिक्षित तक कह डाला। मदन लाल ने कहा, 'ये पढ़े-लिखे लोग नहीं हैं, इसीलिए ऐसा करते हैं। हमारे खेल के दिनों में ऐसा कभी नहीं हुआ। स्लेजिंग समझ में आती है, लेकिन लाइव टीवी पर गाली देना गलत है। यही पाकिस्तान है, इसलिए उनकी क्रिकेट गिर रही है। वे हताश लोग हैं क्योंकि वे भारत से लगातार हार रहे हैं।' मदन लाल ने कहा कि ऐसे लोगों को लाइव टीवी पर जगह ही नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा, 'ये लोग पब्लिसिटी के लिए ऐसा करते हैं। हमें ऐसे लोगों के बारे में बात ही नहीं करनी चाहिए।'

भारत के खिलाड़ियों ने रविवार को खेले गए एशिया कप मुकाबले के बाद पाकिस्तान खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था। यह फैसला जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के विरोध में लिया गया था, जिसमें 26 पर्यटकों की जान गई थी।

# वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप- 40 सेंटीमीटर से मेडल चूके सचिन यादव

## 86.27 मीटर के साथ चौथे नंबर पर, नीरज चोपड़ा आठवें स्थान से बाहर

टोक्यो18 सितंबर (एजेंसियां)। टोक्यो में चल रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के जेवलिन थ्रो फाइनल में भारत के नीरज चोपड़ा और पाकिस्तान के अरशद नदीम मेडल नहीं जीत सके। भारत के एक अन्य थ्रोअर सचिन यादव ने करियर बेस्ट (86.27 मीटर) प्रदर्शन किया, लेकिन वे चौथे स्थान से आगे नहीं बढ़ सके। सचिन महज 40 सेंटीमीटर के फासले से ब्रॉन्ज चूक गए। ब्रॉन्ज जीतने वाले खिलाड़ी ने 86.67 मीटर का थ्रो किया।

त्रिनिदाद एंड टोबैगो के केशॉर्न वाल्कॉट ने 88.16 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स (87.38 मीटर) ने सिल्वर और अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन (86.67 मीटर) ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।



डिफेंडिंग चैंपियन नीरज पांच प्रयास में 84.03 मीटर का बेस्ट थ्रो ही निकाल सके। वे आठवें नंबर पर रहते हुए बाहर हुए। वहीं, ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट पाकिस्तान के अरशद नदीम चार अटैम्प्ट में 82.75 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ 10वें नंबर पर रहे।

नीरज चोपड़ा ने पहला थ्रो 83.65 मीटर का थ्रो किया। उनका दूसरा थ्रो 84.03 मीटर का रहा और तीसरा थ्रो फाउल रहा। चौथे प्रयास में उन्होंने 82.86 मीटर का थ्रो किया। इस तरह चार राउंड के बाद उनका बेस्ट स्कोर 84.03 मीटर का रहा। उनका पांचवां प्रयास फाउल रहा और वे मेडल की रेस से बाहर हो गए।

नदीम ने पहला थ्रो 82.75 मीटर का थ्रो किया था। नदीम का दूसरा थ्रो फाउल रहा है। तीसरे प्रयास में 82.73 मीटर का थ्रो किया। उनका चौथा प्रयास फाउल रहा और वे 10वें नंबर पर रहते हुए मेडल की रेस से बाहर हो गए।

इन दोनों से आगे सचिन यादव रहे। सचिन ने 86.27 मीटर का पहला थ्रो किया। सचिन का दूसरा थ्रो फाउल रहा। तीसरे प्रयास में उन्होंने 85.71 मीटर का थ्रो किया। उनका चौथा थ्रो 84.90 मीटर का रहा। उन्होंने पांचवें प्रयास में 85.96 और छठे प्रयास में 80.95 का स्कोर निकाला। इस तरह वे 86.27 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ चौथे नंबर पर रहे।

त्रिनिदाद एंड टोबैगो के केशॉर्न वाल्कॉट अपने चौथे प्रयास में 88.16 मीटर के थ्रो के साथ टॉप पर चल रहे हैं।

तीन थ्रो के बाद 11वें और 12वें नंबर पर मौजूद थ्रोअर रेस से बाहर हो चुके हैं। चौथे थ्रो के बाद नौवें और 10वें नंबर के थ्रोअर बाहर हो गए। पांचवें थ्रो के बाद सातवें और आठवें नंबर पर रहने वाला थ्रोअर बाहर हुआ। नीरज इसी राउंड के बाहर हुए।

# प्रीति जिंटा की टीम का बुरा हाल : दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके 6 बल्लेबाज, गंवाया फाइनल में पहुंचने का मौका

खेल डेस्क, 18 सितंबर (एजेंसियां)। प्रीति जिंटा आईपीएल में पंजाब किंग्स की को-ओनर हैं. वहीं, उनकी मालिकाना हक वाली सेंट लूसिया किंग्स की टीम कैरेबियन प्रीमियर लीग में खेलती है. इस टीम को सीपीएल 2025 के क्वालिफायर-1 मैच में हार का सामना करना पड़ा. गयाना एमेजॉन वॉरियर्स के खिलाफ खेले गए इस मैच में सेंट लूसिया किंग्स की टीम पूरी तरह से फ्लॉप रही और फाइनल में पहुंचने का पहला मौका गंवा दिया. अब उसे क्वालिफायर-2 खेलना होगा, जहां उसके पास फाइनल में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा.

**गयाना एमेजॉन वॉरियर्स के बल्लेबाज चमके**

इस मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन सेंट लूसिया किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, जो गलत साबित हुआ.





गयाना एमेजॉन वॉरियर्स को एक अच्छी शुरुआत मिली. बेन मैकडरमोट और क्वेंटिन सैम्पसन की ओपनिंग जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 45 रन जोड़े. बेन मैकडरमोट ने 34 रन और क्वेंटिन सैम्पसन ने 17 रन की पारी खेली. इसके बाद शाई होप ने भी 32 रनों का योगदान दिया. वहीं, अंत में ड्वेन प्रीटोरियस ने 17 रन और रोमारियो शेफर्ड ने 21 रन बनाकर टीम का स्कोर 9 विकेट के नुकसान पर 155 तक पहुंचाया.


दूसरी ओर सेंट लूसिया किंग्स के लिए तबरेज शम्सी सबसे सफल गेंदबाज रहे. उन्होंने 4 ओवर में 33 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए. वहीं, टाइमल मिल्स, अल्जारी जोसेफ और डेविड विसे भी 2-2 सफलता अपने नाम करने में कामयाब रहे. इनके अलावा रोस्टन चेज ने भी 1 विकेट हासिल किया.

**फ्लॉप रही सेंट लूसिया किंग्स की बल्लेबाज**

156 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए सेंट लूसिया किंग्स की बल्लेबाजी काफी खराब रही. दोनों ही ओपनर टिम सीफर्ट और जॉनसन चार्ल्स 1-1 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट गए. इन शुरुआती झटको से सेंट लूसिया किंग्स की टीम पूरे मैच में नहीं उभर सकी. एकीम ऑगस्टे भी 9 रन ही बना सके. रोस्टन चेज ने 18 रन और आरोन जोन्स ने 10 रन बनाकर अपना विकेट गंवा दिया. इसके बाद टिम डेविड भी पहली ही गेंद पर बिना खाता खोल पवेलियन लौट गए. कप्तान डेविड विसे भी 3 रन से आगे नहीं बढ़ सके. खारी पियरे ने 50 रन की जुझारू पारी जरूर खेली, लेकिन ये जीत के लिए काफी नहीं थी और पूरी टीम 143 रन बनाकर ऑलआउट हो गई. बता दें, सेंट लूसिया किंग्स के 6 बल्लेबाज इस मुकाबले में दहाई का आंकड़ा छूने में नाकाम रहे, जो हार की सबसे बड़ी वजह रही.

# ब्रिटिश कंपनियों से मूसी रिवर फ्रंट डेवलपमेंट परियोजना में भागीदार बनने का आग्रह

## सीएम ने ब्रिटिश उच्चायुक्त को नई तेलंगाना शिक्षा नीति के बारे में भी जानकारी दी



हैदराबाद, 18 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने ब्रिटिश कंपनियों से मुसी कायाकल्प परियोजना में भागीदार बनने का आग्रह किया, जिसे हैदराबाद को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ रहने योग्य शहर के रूप में बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर शुरू किया जा रहा है। ब्रिटिश उच्चायुक्त लिंडी कैमरून के नेतृत्व में एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल ने आज मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

बैठक के दौरान, मुख्यमंत्री ने उच्चायुक्त को तेलंगाना राज्य में विनिर्माण उद्योग और निवेश की संभावनाओं को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की अभूतपूर्व पहलों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने ब्रिटिश उच्चायुक्त से फार्मा, इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र और भविष्य के शहर विकास में निवेश के लिए ब्रिटिश निवेशकों को प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया। लिंडी कैमरन ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ब्रिटिश सरकार शिक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी सहयोग देने को तैयार है। मुख्यमंत्री ने ब्रिटिश प्रतिनिधिमंडल को तेलंगाना शिक्षा नीति के मसौदे से अवगत कराया। लिंडी कैमरन ने तेलंगाना के मेधावी छात्रों को ब्रिटिश सरकार द्वारा दी जाने वाली प्रतिष्ठित शेवनिंग छात्रवृत्ति सह-वित्तपोषण के आधार पर प्रदान करने पर सहमति व्यक्त की। ब्रिटिश सरकार तेलंगाना राज्य के सरकारी शिक्षकों और प्रोफेसरों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए भी तैयार है।

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने अनुरोध किया कि ब्रिटिश विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत तेलंगाना के छात्रों की सुविधा के लिए ब्रिटिश विश्वविद्यालयों का संचालन हैदराबाद से किया जाए। हैदराबाद के उप उच्चायुक्त गैरेथ व्यान ओवेन, राजनीतिक अर्थव्यवस्था सलाहकार नलिनी रघुराम, मुख्यमंत्री के विशेष सचिव अजित रेड्डी और विष्णु वर्धन रेड्डी उपस्थित थे।

# टैंकर की टक्कर से महिला की मौत, 2 घायल

संगारेड्डी, 18 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के पोथिरेड्डीपल्ली जंक्शन पर एनएच-65 पर गुरुवार दोपहर एक लापरवाह टैंकर चालक ने महिलाओं को कुचल दिया। हादसे में 56 वर्षीय विजयलक्ष्मी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य महिलाएं घायल हो गईं।

संगारेड्डी ग्रामीण पुलिस के मुताबिक, व्यस्त सड़क पर लाल बत्ती होने के बावजूद चालक ने वाहन को जंक्शन से आगे बढ़ा दिया। हरी बत्ती होने के बाद पैदल यात्री सड़क पार कर रहे थे, तभी जहीराबाद से हैदराबाद की ओर जा रहे टैंकर ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना में घायल दो महिलाओं को इलाज के लिए संगारेड्डी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर मामला दर्ज कर लिया है।

# ग्रेटर हैदराबाद में नागरिक सुविधाओं को बढ़ाने पर विशेष ध्यान : महापौर

> बंजारा हिल्स डिवीजन में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया



हैदराबाद , 18 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता )। जीएचएमसी की महापौर गदवाल विजयलक्ष्मी ने कहा कि वे ग्रेटर हैदराबाद शहर में नागरिक सुविधाओं को बढ़ाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं।

जीएचएमसी की महापौर ने गुरुवार को बंजारा हिल्स डिवीजन के एनबीटी नगर, एमएलए कॉलोनी, एनबी नगर और महेश्वर कॉम्प्लेक्स में 2 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इनमें एमएलए कॉलोनी में 13 लाख रुपये की लागत से होने वाले जल लाइन विकास कार्य, एमएलए कॉलोनी में 10 लाख रुपये की लागत से सीवरेज लाइन का पुनर्निर्माण, एमएलए कॉलोनी स्थित जीएचएमसी पार्क में 25 लाख रुपये की लागत से योग केंद्र शेड का निर्माण, एनबी नगर रोड नंबर 12 पर 1.5 लाख रुपये की लागत से होने वाले जल लाइन विकास कार्य शामिल हैं। 29 लाख रुपये की लागत से माहेश्वरी टावर्स, रोड नंबर 1 और 12 में 42 लाख रुपये की लागत से जल लाइन विकास कार्य किए जाएँगे। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि नागरिक सुविधाओं के विकास के साथ-साथ शहर में पेयजल आपूर्ति और सीवरेज की समस्याओं में क्षेत्रीय स्तर पर आने वाली बाधाओं का स्थायी समाधान किया जा रहा है। महापौर ने कहा कि योग पार्क समुदाय लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करेगा। कार्यक्रम में जीएचएमसी और जल मंडल के अधिकारियों ने भाग लिया।

# कजाकिस्तान गणराज्य के राजदूत ने राज्यपाल से मुलाकात की



हैदराबाद, 18 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारत गणराज्य में कजाकिस्तान गणराज्य के राजदूत, महामहिम अजमत येस्करायेव ने अपने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के साथ आज राजभवन, हैदराबाद में तेलंगाना के राज्यपाल, जिष्णु देव वर्मा से मुलाकात की। शिष्टाचार बैठक के दौरान, द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने और आपसी हित के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा की गई।

# गुत्ता ने सरकार से स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार को प्राथमिकता देने का आग्रह किया



नलगोंडा, 18 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। विधान परिषद के अध्यक्ष गुत्ता सुखेंद्र रेड्डी ने इस बात पर जोर दिया है कि राज्य सरकार को स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों को मजबूत बनाने के लिए पर्याप्त धनराशि आवंटित करके इन क्षेत्रों में सुधार पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

गुरुवार को नलगोंडा में मीडियाकर्मियों के साथ एक अनौपचारिक बातचीत में, गुथा सुखेंद्र रेड्डी ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र पर हर साल लगभग 1,200 करोड़ रुपये खर्च कर रही है, फिर भी लोग निजी अस्पतालों को प्राथमिकता दे रहे हैं। सुखेंदर रेड्डी ने कहा, इसी तरह, आरोग्यश्री और सीएमआरएफ योजनाओं की भी एक बार फिर समीक्षा की जानी चाहिए। तेलंगाना में सरकारी चिकित्सा सुविधाओं की कमी के कारण, गरीबों को निजी अस्पतालों में इलाज कराने के लिए आरोग्यश्री योजना लागू की गई थी।

लेकिन आज, तेलंगाना के 32 जिलों में सरकारी अस्पतालों का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके अलावा, हैदराबाद शहर में चार बड़े सरकारी अस्पताल बनाए जा रहे हैं। मैं सरकार को सुझाव देता हूं कि इन अस्पतालों का विकास किया जाए, वहां काम करने वाले डॉक्टरों को प्रोत्साहन दिया जाए और बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाएं। उन्होंने आगे कहा कि हैदराबाद के निम्स अस्पताल की तरह, तेलंगाना राज्य के 32 जिला मुख्यालयों के अस्पतालों को मजबूत किया जाना चाहिए। तब निजी अस्पतालों को आरोग्यश्री निधि देने की आवश्यकता नहीं होगी।

उन्होंने सुझाव दिया कि आरोग्यश्री और सीएमआरएफ निधि का उपयोग सरकारी अस्पतालों को मजबूत बनाने के लिए किया जाना चाहिए। शुल्क प्रतिपूर्ति के मुद्दे पर बोलते हुए, सुखेंदर रेड्डी ने कहा कि सरकारी स्कूलों, कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थानों में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, मैं अनुरोध करता हूं कि सरकारी अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों में कार्यरत कर्मचारी अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारी से पालन करें।

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति को अखिल भारतीय स्तर पर सम्मान



हैदराबाद, 18 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। यह अत्यंत गर्व का विषय है कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति-4, हैदराबाद, जिसका अध्यक्ष कार्यालय महाप्रबंधक कार्यालय/दक्षिण मध्य रेलवे है, को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की गतिविधियों के सुचारू एवं प्रभावी संचालन के लिए अखिल भरतीय स्तर पर प्रशंसनीय श्रेणी में नराकास प्रोत्साहन सम्मान प्राप्त हुआ। गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में महात्मा मंदिर, कन्वेंशन एवं एग्जिबिशन सेंटर, गांधीनगर, गुजरात में आयोजित हिंदी दिवस एवं अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति-4, हैदराबाद के उपाध्यक्ष एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी व प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/दमरे राजेश पी.खाडे तथा सदस्य सचिव-I एवं उप महाप्रबंधक(राजभाषा) डॉ. श्याम सुंदर साहु द्वारा उक्त पुरस्कार व प्रमाण-पत्र ग्रहण किया गया। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक संजय कुमार श्रीवास्तव ने इसके लिए बधाई दी।






# आंध्र प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र 30 सितंबर तक



अमरावती, 18 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश विधानसभा का सत्र गुरुवार को शुरू हुआ और ये 30 सितंबर तक चलेगा। 20, 21 और 28 सितंबर को सदन में अवकाश रहेगा। सदन प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा।

यह निर्णय विधानसभा अध्यक्ष चिंताकयाला अय्याना पात्रुडू की अध्यक्षता में कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठक में लिया गया। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, विधायी कार्य मंत्री प्यवुला केशव और नागरिक आपूर्ति मंत्री नादेंला मनोहर (जन सेना और भाजपा का प्रतिनिधित्व करते हैं), बैठक में शामिल हुए।

गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रही तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) ने सदन में चर्चा के लिए 18 मुद्दे प्रस्तावित किए। वहीं, भाजपा ने नौ मुद्दे प्रस्तावित किए। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को प्रश्नकाल और शून्यकाल के दौरान सदन में उपस्थित रहने का निर्देश दिया। बीएसी में लिए गए निर्णयों के अनुसार, 19 सितंबर को जल संसाधन और 22 सितंबर को कानून-व्यवस्था पर चर्चा होगी। बीएसी ने 23 सितंबर को जन स्वास्थ्य, 24 सितंबर को उद्योग, 25 सितंबर को सुपर-6, 26 सितंबर को क्वांटम वैली, 27 सितंबर को लॉजिस्टिक्स, 29 सितंबर को स्वर्णांध्र और 30 सितंबर को रायलसीमा, तटीय क्षेत्र और उत्तरी आंध्र के विकास पर चर्चा करने का निर्णय लिया है। एकमात्र विपक्षी दल, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी, बीएसी की बैठक में शामिल नहीं हुई क्योंकि पार्टी अपने नेता और पूर्व मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी को विपक्ष के नेता का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर विधानसभा सत्र से लगातार दूर रही है। जगन मोहन रेड्डी ने पिछले सप्ताह कहा था कि जब तक उन्हें विपक्ष के नेता (एलओपी) का दर्जा नहीं दिया जाता, तब तक विधानसभा सत्र में भाग लेने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी को लोगों के मुद्दे उठाने के लिए पर्याप्त समय तभी मिलेगा जब उसे मुख्य विपक्ष का दर्जा मिलेगा। जनता की आवाज विपक्षी दल को उठानी चाहिए और अगर वे लोकतंत्र का सम्मान नहीं करते, तो यह उनकी नासमझी है। वाईएसआरसीपी प्रमुख ने यह भी बताया कि विपक्ष के नेता के दर्जे से जुड़ा मामला उच्च न्यायालय में लंबित है। जगन ने पिछले साल जुलाई में एक याचिका दायर कर राज्य सरकार को उन्हें विपक्ष का नेता नियुक्त करने का निर्देश देने की मांग की थी। विधान परिषद का सत्र भी गुरुवार को शुरू हुआ।

# चंद्रशेखर राव ने महिलाओं और त्योहारों को दिया सम्मान

### बीआरएस महिला नेताओं ने जारी किए बतुकम्मा गीत

हैदराबाद, 18 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस महिला नेताओं ने गुरुवार को तेलंगाना भवन में तीन बतुकम्मा गीत जारी किए, जिनमें से प्रत्येक में कांग्रेस सरकार की विफलताओं को उजागर किया गया। पूर्व मंत्री पी. सबिता इंद्रा रेड्डी, सत्यवती राठौड़, वी. सुनीता लक्ष्मा रेड्डी, विधायक कोवा लक्ष्मी, पूर्व सांसद मलोथ कविता, पूर्व उपाध्यक्ष पद्मा देवेंद्र रेड्डी, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष और जीएचएमसी पार्षदों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम ने असहमति के एक जोशीले प्रदर्शन का रूप ले लिया।

नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव द्वारा बतुकम्मा को दी गई मान्यता को याद करते हुए बताया कि कैसे यह उत्सव राज्य आंदोलन के दौरान सांस्कृतिक गौरव और प्रतिरोध का प्रतीक बन गया। उन्होंने कहा कि नए रिलीज हुए गीत महिलाओं को उसी भावना से कांग्रेस सरकार से लड़ने में मदद करेंगे।





















Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/080/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.